


# दैनिक शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ ...




वर्ष -01 | अंक-70 | RNI UP HIN/2015/64737 | पृष्ठ: 9 , | मुल्य = 4 रूपया | रविवार , 5 मार्च 2023


## संक्षिप्त समाचार

### होली के अवसर पर थाना क्षेत्र के सभी डीजे संचालकों के साथ एक विशेष बैठक



थाना परिसर बेनीपट्टी के प्रांगण में पुलिस निरीक्षक सह थाना अध्यक्ष बेनीपट्टी सीताराम प्रसाद की अध्यक्षता में होली के अवसर पर थाना क्षेत्र के सभी डीजे संचालकों के साथ एक विशेष बैठक आयोजित करते हुए होली के दौरान सभी डीजे मालिकों को थाना अध्यक्ष के तरफ से सख्त निर्देश दिया गया कि होली के दौरान डीजे पर पूर्ण रूप से बैन रहेगा,बावजुद इसके अगर कहीं से होली के मौके पर डीजे बजाने का खबर मिलता है तो इसे प्रशासनिक अवहेलना मानते हुए उक्त डीजे संचालक के विरुद्ध विधि सम्मत कारवाई किया जायेगा साथ ही जुमार्ना भी वसूल किया जायेगा ।थाना परिसर में थाना क्षेत्र के सभी डीजे संचालकों को बुलाकर इससे संबंधित नोटिस भी सौंप दिया गया है ।बेनीपट्टी पुलिस प्रशासन होली को लेकर काफी गंभीर है साथ ही उपद्रवियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

### बंद घर में चोरों ने घुस मचाया तांडव,नगदी समेत 500000 के गहनों पर किया हाथ साफ,अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला हुआ दर्ज

**रिपोर्ट : स्वेता कुमारी/रविशंकर मिश्रा**



पटना । मसौढ़ी में चोरी की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही है ।एक बार फिर बंद घर को चोरों ने अपना निशाना बनाया है। ताजा मामला मसौढ़ी अनुमंडल के धनरूआ थाना क्षेत्र के सिमरी गांव की है जहां सत्येंद्र प्रसाद के बंद घर में चोरों ने घूस खूब उत्पात मचाया और नगदी समेत 500000 के गहनों पर हाथ साफ किया। पूरे मामले में सत्येंद्र प्रसाद ने बताया कि 18 फरवरी को ही वह अपने सिमरी स्थित मकान में ताला लगाकर अपने पोता पोती को मैट्रिक की परीक्षा दिलवाने के लिए पटना ले कर चले गए थे। मंगलवार को जब वह पटना से धनरूआ थाना स्थित सिमरी गांव अपने आवास पहुंचे और घर के अंदर दाखिल होने के लिए बढ़े तो देखें कि घर का ताला टूटा हुआ है और दरवाजा अंदर से बंद है। जब वह किसी प्रकार घर के अंदर घुसे तो घर के अंदर सारा सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था। साथ ही घर में रखा गोदरेज का भी ताला टूटा हुआ था। उन्हें समझते देर न लगी कि उनके घर में अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। चोरों ने घर के गोदरेज में रखा ₹25000 नगद समेत 5 लाख के गहनों की चोरी कर ली है ।पूरे मामले में पीड़ित सत्येंद्र कुमार ने धनरूआ थाने पहुंचे अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### होली मिलन समारोह में खुब उड़ा अबीर गुलाल-होली का रंग अपनों के साथ



**शुभ भास्कर प्रखंड रिपोर्टर सुरेन्द्र यादवचकिया:-पू०च०।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ऑफ टीचर वेलफेयर, अनुमंडल इकाई के तत्वाधान में शनिवार को शहर स्थित शास्त्री नगर आर्मी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में होली मिलन समारोह आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पीएसए अनुमंडलध्यक्ष अवधेश कुमार ने की। इस कार्यक्रम में चकिया अनुमंडल के निजी विधालय के निदेशक एवम पीएसए के प्रदेश अध्यक्ष भूषण कुमार, सचिव संतोष रौशन, जिला के अध्यक्ष राहुल गुप्ता,सचिव राजीव रंजन कुमार,अरेराज अनुमंडल अध्यक्ष संजय पाण्डेय, सचिव राजीव पाण्डेय, समाज सेवी सुनील कुमार सिंह एवं गणमान्यों ने भाग लिया ।इस दौरान डफ के थाप व झाल पर खुब उड़ा गुलाल व सामुहिक फाग गीत जोगीरा सरर--र पर मौजूद लोग मंत्रमुग्ध हो गए तथा मुंह मिठा कर अबीर गुलाल लगा एक दुसरे को पर्व की बधाई दी। वहीं अनुमंडल अध्यक्ष ने बताया की होली आपसी भाईचारे व प्रेम का संदेश देता है। लोग पीछे के सभी गिला शिकवा भुला इस अवसर पर एक दुसरे के गले मिलते हैं। यह त्योहार हर साल फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। रंगों के इस त्यौहार का सभी के अंदर बेहद उत्साह रहता है। मौके पर,मुकेश शर्मा,स्टेनली पिल्लई,हरि किशोर पाठक,विजय कुमार श्रीवास्तव,हेमंत कुमार सिंह,विश्वास गिरी,मो असलम,राजीव रंजन,विनय भारद्वाज सहित अन्य मौजूद थे।

## बिहार की राजनीति में शुरू हो चुका है पालाबदल का खेल, भाजपा में आने वाले अधिक; जाने वाले कम

### शाह ने दिखाई थी सशर्त स्वागत को हरी झंडी



बिहार की राजनीति में पाला बदलने का खेल शुरू हो गया है। आने वाले दिनों में इसके परवान चढ़ने की संभावना है। दूसरे दलों के कई नेताओं के भाजपा में जाने के चर्चा है। इसलिए कि भाजपा के पास लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में दूसरों को देने के लिए अधिक सीटें हैं। पाला बदलने वालों में पूर्व विधायक और पूर्व सांसद भी बताए जा रहे हैं। मुजफ्फरपुर जिले के कांटी विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके पूर्व मंत्री अजीत कुमार एवं पश्चिमी चंपारण जिले के राजेश सिंह भाजपा में सम्मिलित हो गए हैं ।कई घर देख चुके अजीत कुमार भाजपा का दामन थामने तक किसी दल में नहीं थे। कुछ ऐसा ही प्रभाव राजेश सिंह का वाल्मीकिनगर विधानसभा क्षेत्र में है। 25 फरवरी को वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र के लौरिया में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री राजेश सिंह और भारत सरकार से सेवानिवृत्त अधिकारी एपी पाठक समेत कई बड़े नेता भाजपा में शामिल हुए थे। राजेश भाजपा से पहले कांग्रेस में थे। दो दिन पहले यानी शुक्रवार को पूर्व सांसद मीना सिंह ने भी जदयू से त्यागपत्र दे दिया। मीना के भी भाजपा में जाने की चर्चा है। कुछ नेता राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और महागठबंधन से इतर तीसरा मोर्चा के गठन की आस लगाए हुए हैं। बस पाला बदल के लिए उचित अवसर की तलाश एवं चुनावी गुणा-गणित स्पष्ट होने का इंतजार है। बिहार दौरे पर आए केंद्रीय गृह मंत्री ने भाजपा कोर ग्रुप की बैठक में दो टूक कह दिया था कि बगैर शर्त अगर कोई भाजपा में शामिल होना चाहता है, तो उसका स्वागत है। शाह का प्रदेश कोर ग्रुप के नेताओं को स्पष्ट संदेश था कि किसी शर्त या भविष्य की उम्मीद के साथ कतई किसी को पार्टी में शामिल नहीं कराएं। विचार धारा और राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से पार्टी में जुड़ने वालों का स्वागत करें। वर्तमान समीकरण के आधार पर 2024 के चुनाव में राजग की शानदार सफलता की संभावना नहीं है। यह वोट सहयोगी दलों को हस्तांतरित भी होता है। लोकसभा की दृष्टि से पिछले दो चुनाव के परिणाम से साफ है कि बिहार के मतदाताओं के बीच राजग गठबंधन पर ही भरोसा है।


## रविशंकर प्रसाद के होली मिलन में पहुंचे चिराग पासवान , मुकेश साहनी सहित प्रमुख भाजपा नेता



**रिपोर्ट : स्वेता कुमारी पटना :** पटना साहिब सांसद एवम पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद जी द्वारा आज अपने लोकसभा क्षेत्र के स्थानीय जनता,कार्यक्रताओ एवम भाजपा नेताओं के लिए होली मिलन कार्यक्रम कर आयोजन किया गया ।होली के दौरान पूरे देश में अलग अलग सस्थानो और प्रमुख राजनीतिक नेताओं के द्वारा होली मिलन का कार्यक्रम कराया जाता है। इसी कड़ी में लोकसभा सांसद रविशंकर प्रसाद जी द्वारा भी होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन विगत कई वर्षों से कराया जा रहा है। रविशंकर प्रसाद के द्वारा आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में राजनीतिक,सांस्कृतिक और धार्मिक सद्भावना की झलक मिली। इस होली मिलन कार्यक्रम में मुस्लिम समाज से पुरष और महिलाओं ने भी अपने सांसद को चंदन लगाया और उनके साथ फूलों की होली खेली। रविशंकर प्रसाद के होली मिलन कार्यक्रम में राजनीतिक रंग भी देखने को मिला। चिराग पासवान और मुकेश साहनी इस होली मिलन कार्यक्रम में विशेष रूप से पहुंचे और वहा उपस्थित कार्यकर्ता और जनता से संवाद भी किया। साथ ही भाजपा के विजय कुमार सिन्हा, सम्राट चौधरी, शाहनवाज जी,मंगल पांडे जी, संगठन मंत्री भीखू दलसानिया भी पहुंचे। रविशंकर प्रसाद के होली मिलन कार्यक्रम में सभी समाज के लोगो साथ साथ संघ विचार परिवार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनता भी पहुंचे। प्रसाद के द्वारा आयोजित होली मिलन में अनुशासन की झलक भी देखने को मिली। वहा उपस्थित जनसमूह केवल चंदन और फूलों की होली खेलते नजर आई साथ ही गीतों एवम नृत्यों में भी गांव की खुशबू,फगुआ का बयार और होली के सांस्कृतिक एवम पारंपरिक नृत्यों की ही झलक देखने को मिली जो होली की खूबसूरती को दर्शा रहा था। प्रसाद ने सभी मीडिया कर्मियों को भी चंदन लगाया और कहा होली सद्भावना का,प्रेम का मिलन का कार्यक्रम है।

## तेजस्वी का ब्यान निकला हवा हवाई बी जे पी कि मांग पर नीतीश ने तमिलनाडु भेजी टीम

### तेजस्वी यादव के ब्यान को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने निरस्त कर दिया



**रविशंकर मिश्रा-** बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के ब्यान को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने निरस्त कर दिया है । तेजस्वी यादव ने कल शुक्रवार को विधान सभा में ब्यान दिया था कि तमिलनाडु में कोई बिहारियों पर हमला नहीं हुआ है उन्होंने वायरल वीडियो को गलत करार देते हुए प्रतिपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा पर गलत ब्यान देने का आरोप लगाया था । और साथ में मीडिया पर भी इस मामले को लेकर अपनी भड़ास निकालने में कोई कमी नहीं कि थी लेकिन अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तमिलनाडु में टीम भेजने का ऐलान कर तेजस्वी यादव के ब्यान कि हवा निकाल कर रख दी है । फरनिश्वर नाथ रेणु कि जयंती पर आयोजित समारोह में पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शुभ भास्कर के संवाददाता रविशंकर मिश्रा के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि तमिलनाडु में हुए बिहारी मजदूरों पर हमले के मामले में एक टीम बनाकर तमिलनाडु भेजने का फैसला लिया है और यह टीम तमिलनाडु रवाना भी हो गई है । इस टीम में ग्रामीण विकास विभाग के सचिव बलामुरुगन्न डी ,श्रम विभाग के सचिव अलोक कुमार ,सी आई डी के आई जी पी कनन्न शामिल है यह टीम इस मामले कि जांच करेगी । और इस होली त्योहार के समय अपने घर लौटना चाह रहे है उनको बिहार सरकार के तरफ से मदद भी की जाएंगी

## महिला स्वच्छता चैंपियन सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**शुभ भास्कर क्राइम रिपोर्टर शशांक मणि त्रिपाठी मोतिहारी,पू०च०।**



डॉ राधाकृष्णन सभागार में जिलाधिकारी मोतिहारी की अध्यक्षता में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत जिला जल एवं स्वच्छता समिति ,पूर्वी चंपारण के तत्वधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला स्वच्छता चैंपियन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को जिलाधिकारी के द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया ।प्रथम चरण में चयनित 51 ग्राम पंचायतों के स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं राज्य स्तर से चयनित सम्मानित होने वाली पांच महिलाएं तान्या प्रवीण, मुखिया, ग्राम पंचायती राज, सिसवा पूर्वी, बंजरिया । पूनम देवी ,मुखिया, ग्राम पंचायत राज, फुलवरिया, ढाका । वही जिलाधिकारी ने कहा कि जिलेभर में अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य गुणवत्तापूर्ण सुनिश्चित करें । गांव को स्वच्छ रखने हेतु बेहतर कार्य किए जा रहे हैं । मोतिहारी जिले को राज्य में ही नहीं बल्कि देश में प्रथम स्थान पाने के लिए प्रयास सुनिश्चित करें ।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, निदेशक डीआरडीए, समन्वय एसएलबीए, स्वच्छता पर्यवेक्षक, प्रखंड समन्वयक, पंचायत सचिव आदि उपस्थित थे ।

## तमिलनाडु भवन का घेराव करेगी जन अधिकार पार्टी :-पप्पू यादव



**रिपोर्ट : स्वेता कुमारी – पटना '** तमिलनाडु में बिहारियों पर हमले के खिलाफ पटना के गर्दनीबाग में जन अधिकार पार्टी के द्वारा एकदिवसीय धरने का आयोजन किया गया. जाप राष्ट्रीय अध्यक्ष पप्पू यादव ने बताया कि भाजपा को बिहारियों की स्वाभिमान की बात करने का कोई अधिकार नहीं हैं. तमिलनाडु सहित भाजपा शासित प्रदेश में लगातार बिहारियों पर हमला किया जा रहा है. नीतीश कुमार के साथ भाजपा और राजद दोनों सरकार चला रही है लेकिन दोनों ने बिहारवासियों की भावना के साथ खिलवाड़ किया है. तमिलनाडु में बिहारियों के साथ दुर्व्यवहार के मामले पर जाप सुप्रीमो पप्पू यादव ने नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव पर जमकर बरसे। पूर्व सांसद ने कहा कि तमिलनाडु मुद्दे को मैंने लगातार उठाया है लेकिन सत्ता पक्ष ने कोई सुध नहीं ली हैं. मैंने इस मामले को लेकर गृह मंत्री, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सहित बिहार के मुख्यमंत्री को चिट्ठी लिखी हैं. लेकिन किसी ने कोई सुध नहीं ली है. इस कारण जन अधिकार पार्टी बिहारवासियों के सम्मान के लिए सड़कों पर आंदोलन करेगी. बंगाल पर बात बात में राष्ट्रपति शासन लगाने वाले अमित शाह ,बिहार के मामले पर चुप क्यों है. आज बिहारी अपनी सुरक्षा का गुहार लगा रहा हैं. मेरा सुप्रीम कोर्ट से आग्रह है कि बिहारवासियों को सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाए.अगर प्रदेश के लोगों पर हमले नहीं रुके तो पार्टी तमिलनाडु भवन का घेराव करेगी. प्रदेश अध्यक्ष राघवेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि तमिलनाडु में विगत एक महीने से लगातार हत्याएं हो रही हैं. आज बिहारवासी का अपमान समूचे देश में हो रहा है. जन अधिकार पार्टी गांव गांव में बिहारी स्वाभिमान के लिए आंदोलन करेगी.मौके पर राष्ट्रीय महासचिव प्रेमचन्द सिंह, राष्ट्रीय महासचिव राजेश पप्पू,राष्ट्रीय महासचिव रघुपति सिंह, अरुण सिंह, पूर्व विधायक रामचन्द्र सिंह यादव,नवल,दिलीप,रविशंकर कुमार उर्फ टिंकू यादव, श्यामदेव सिंह चौहान,राजू दानवीर,मनीष यादव,पुरुषोत्तम कुमार,शिवली, सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे.

## वाहन चंकिंग व छापेमारी के दौरान अलग अलग जगहों से 54 लीटर देशी शराब के साथ पांच तस्कर गिरफ्तार



**रविशंकर मिश्रापटना ।** मसौढ़ी थाना पुलिस की दो अलग अलग टीम ने बीते चौबीस घंटे के भीतर वाहन चेकिंग और छापेमारी के दौरान 54 लीटर देशी शराब के साथ पांच तस्करों को गिरफ्तार कर लिया ।इस बाबत पुलिस ने बताया कि बीते बुधवार की देर शाम पुलिस ने एक तस्कर द्वारा तस्करी के लिए बाइक से देशी शराब लेकर मसौढी आने की गुप्त सूचना पर स्थानीय पाली मोड पर वाहन चेकिंग लगाई थी। इसीबीच पितवांस रोड से काले रंग की एक स्प्लेंडर बाइक आते देख पुलिस ने बाइक सवार को बाइक रोकने का इशारा किया। लेकिन पुलिस को देख बाइक सावर बाइक छोड़ भागने लगा। पुलिस ने खदेड़कर उसे पकड लिया ।बाद में पुलिस ने उसकी बाइक की पिछली सीट पर बंधी प्लास्टिक की एक बोरी की तलाशी ली। इस दौरान बोरी में पांच पांच लीटर के चार पन्नी में कुल बीस लीटर देशी शराब बरामद की। पुलिस ने बरामद शराब और बाइक के साथ उसे गिरफ्तार कर लिया ।गिरफ्तार आरोपित गोलू कुमार थाना के कराय गांव के राजू साव का पुत्र बताया जाता है ।इधर पुलिस ने गुरूवार को गुप्त सूचना पर थाना के बांसडीह मुशहरी में छापेमारी कर देशी शराब बेच रहे चार आरोपितों को कुल 34 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया ।गिरफ्तार आरोपितों में बांसडीह मुशहरी निवासी जटा मांझी,अर्जुन मांझी, मंगल कुमार उर्फ मंगर कुमार और छोटे कुमार शामिल है. पूछताछ के बाद पुलिस सभी के विरुद्ध आगे की कार्रवाई में जुट गई है ।पूरे मामले में मसौढ़ी थाना अध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि होली पर्व को देखते हुए मसौढ़ी पुलिस शराब माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करने में जुटी हुई है। शराब के विरुद्ध सूचना पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। इसी कार्रवाई के दौरान पुलिस ने शराब के साथ तस्करों को गिरफ्तार किया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है

## मधुबनी में महिला कि लाश झाड़ी में संदेहास्पद स्थिती में जाने से मचा सनसनी

मधुबनी जिले के अंधरामठ थाना क्षेत्र में एक महिला की लाश संदेहास्पद स्थिति में पाया गया है। महिला अंधरामठ थाना क्षेत्र के बगूआ गांव की रहने वाली थी। जो गांव में किराना की दुकान करती थी। परिजनों का कहना है की रोज के तरह महिला अपने दुकान पर थी और घर के लोग खाना खा कर घर में सो गए थे। सुबह जब गांव की महिलाए सोच के लिए उधर गई तो झाड़ी में महिला की लाश देखकर चिल्लाने लगी। देखते ही देखते वहां गांव के लोगों की भीड़ जमा हो गया। इस बात की जानकारी मृतक महिला की परिजनों को दी गई। तो लोगो ने संबंधित थाना अंधरामठ को इस बात की जानकारी दी। वहीं मृतिका के माइके बालों को भी घटना की जानकारी दी गई। सूचना पा कर बिना देर किए थाना पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर लाश को अपने कब्जे मे लेकर घटना की परताल में लग गई। वहीं मृतिका के माइके निर्मली थाना के पिपराही गांव से मायके के लोग भी बगूआ गांव पहुंचा और घटना को संदेहास्पद बताया। पुलिस ने मौके पर आवस्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर लाश को पोस्टमार्टम के लिए मधुबनी सदर अस्पताल भेज दी। जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया जाएगा। अभी महिला की मौत के कारण का खुलासा नहीं हो सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही मौत के कारण का खुलासा किया जा सकता है। फिलहाल ये घटना सस्पेंस बनी हुई है। वहीं गांव के लोगो में घटना को लेकर दवे जुवान तरह तरह की चचाओं का बाजार गर्म है। आखिर महिला की मौत का कारण जो भी हो, इस तरह के घटना आए दिन होते रहने को देखते हुए इतना तो कहा ही जा सकता है कि दुनिया महिला दिवस मनाने में लगी हुई है और आज भी महिला अबला बने मौत की घाट उतारी जा रही है।

## तीन बोतल शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

हरलाखी- थाना की पुलिस ने तीन बोतल शराब व एक बाइक के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार तस्कर की पहचान स्थानीय थाना क्षेत्र के मनोहरपुर गांव निवासी लालबाबू राम व राजकुमार मुखिया के रूप में की गयी है. प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर एएसआई रामप्रवेश प्रसाद सशस्त्र बल के साथ मनोहरपुर गांव के रास्ते में वाहन चेकिंग कर रहे थे. इसी क्रम में एक बाइक पर सवार दो शराब धंधेबाज गांव की ओर जा रहा था.जहां पुलिस को देख दोनों धंधेबाज बाइक छोड़ मौके से भागने का प्रयास किया. लेकिन पुलिस बल ने तत्परता से दोनों को खदेड़कर पकड़ लिया. इस बाबत थानाध्यक्ष अनोज कुमार ने बताया कि दोनों को जेल भेजने की प्रक्रिया चल रही है.

## हरलाखी थाना क्षेत्र के विषौल में पुलिस प्रशासन पर ग्रामीणों ने किया हमला , पुलीस ने कि हवाई फायरिंग

हरलाखी थाना क्षेत्र के विसौल गाव में पुलिस प्रशासन ग्रामीणों ने हमला कर दी बताया जा रहा है कि हरलाखी थाना व खिरहर थाना सयुक्त रूप से डीजे पर बज रहे गाने को बन्द कराने गए थे लेकिन ग्रामीणों ने पुलिस ऊपर हमला कर दिया ने जिसमे कई पुलिस कर्मी जख्मी हो गए जवाब में पुलिस प्रशासन ने हवाई फायरिंग कर अपनी जान बचा सके, सभी जख्मी पुलिस को इलाज के लिए सीएचसी उमगाव में भर्ती कराया गया

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर परिचर्चा सह प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, सीतामढ़ी के द्वारा आज सीतामढ़ी जिले के बथनाहा प्रखण्ड के बैरहा प्राथमिक विद्यालय में अमृत महोत्सव के तहत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर परिचर्चा सह प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन श्री ब्रजेश कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी, सीतामढ़ी, श्री नीरज झा, सहायक निदेशक (उद्यान), श्री रजनीकांत भारती, उप परियोजना निदेशक (आत्मा), सीतामढ़ी, सुश्री रश्मि सिंह, जिला युवा पदाधिकारी, नेहरू युवा केंद्र, सीतामढ़ी, श्री रतन कुमार, प्रमुख, बथनाहा प्रखंड, श्री प्रतिमा लता, एलएस (आईसीडीएस), बथनाहा प्रखंड, डॉ पुष्पा सिंह (मशरूम उद्धमी), डॉ महिमा मोहन, श्री आर डी चौरसिया, अन्नू कुमारी, राधा कुमारी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए श्री ब्रजेश कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी, सीतामढ़ी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण में कृषि विभाग महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है तथा विभाग द्वारा खेती किसानी करने के लिये महिलाओ को कई प्रकार की तकनीकी सहायता एवं प्रशिक्षण दिया जा रहा है`उन्होंने यह भी कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में इस गाँव की महिला फूल उत्पादक को सम्मानित किया जाना गौरव की बात है. मशरूम उद्धमी डॉ पुष्पा सिंह ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम महिलाओं में जागरूकता लाने का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, इसके माध्यम से उपस्थित महिलाओं से कहना चाहती हूं कि खेती किसानी महिलाओं के लिए काफी उपयोगी हो सकता है और आप भी खेती करके आर्थिक रूप से सबल बन सकती हैं। उन्होंने बताया कि वे खुद मशरूम की खेती करके अच्छा खासा आर्थिक लाभ प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने सभी को मशरूम की खेती करने के लिए प्रशिक्षण देने का वायदा किया। डॉ महिमा मोहन ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते कहा कि आप लोग सबसे पहले शिक्षित बनें, तभी आप अपने अधिकार को समझ सकती हैं। महिलाएं किसी क्षेत्र में सफल हो सकती है, इस महिला दिवस पर हम सब को ये प्रण लेना है कि हम सभी महिलाएं शिक्षित बनेंगे। सुश्री रश्मि सिंह, जिला युवा पदाधिकारी, नेहरू युवा केंद्र, सीतामढ़ी ने अपने संबोधन में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 1 से 8 मार्च तक मनाया जाना है इसी कड़ी में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है इस साल का थीम है "डिजिटऑल: लैंगिक समानता के लिए नवाचार और प्रौद्योगिकी" है जिसमे महिला पुरुष दोनों की भागीदारी की बात की जा रही है, इस तरह के कार्यक्रम से महिलाओं में जागरूकता लाने का कार्य किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत श्री जावेद अंसारी, क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी, केंद्रीय संचार ब्यूरो ने किया।

# होली में डीजे पर रहेगा पाबंदी




**बेनीपट्टी।** आगामी होली व सबेबारात पर्व को लेकर दिनांक 4 मार्च 2023 शनिवार को थाना परिसर बेनीपट्टी में शांति समिति की बैठक पुलिस निरीक्षक सह थाना अध्यक्ष सीताराम प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।बैठक में थाना क्षेत्र के सभी जगहों से बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों व जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लेते हुए होली शांतिपूर्ण ढंग से आपसी सौहार्द व भाईचारा के साथ मनाने हेतु अपना अपना विचार व्यक्त किया साथ ही उपस्थित लोगों ने होली के दौरान डीजे पर अश्लीलता फैलाने वाले के खेलाफ एकजुट होकर पाबंदी लगाने पर सहमति जताई।इस दौरान पुलिस निरीक्षक सह थाना अध्यक्ष बेनीपट्टी ने कहा कि होली को ध्यान में रखते हुए पुलिस की चौकसी बढ़ा दी गई है लगातार थाना क्षेत्र के सभी जगहों पर पुलिस की गाड़ियां गस्त कर रही है,प्रशासन उपद्रवियों पर पैनी निगाह रखे हुई है,श्री प्रसाद ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी तरह के अफवाह से बचे साथ ही पुलिस का सहयोग करते हुए विधि व्यवस्था भंग करने वाले को चिन्हित कर पुलिस को इसकी सूचना कर जनसहयोग करें,पुलिस पूरी तत्प्रता से अपने काम में लगी हुई है विधि व्यवस्था भंग करने वाले को किसी भी हाल में बक्सा नहीं जायेगा, जिसके लिये पुलिस की गाड़ियों थाना क्षेत्र के अलग अलग हिस्सों में लगातार दौर रही है जिसकी मोनिटरिंग खुद पुलिस निरीक्षक सह थाना अध्यक्ष बेनीपट्टी सीताराम प्रसाद व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बेनीपट्टी अरुण कुमार सिंह कर रहे हैं।इस अवसर पर थाना के एस आई रामचन्द्र प्रसाद,एस आई मुकेश कुमार सिंह, एस आई जुली कुमारी, ए एस आई संजीत कुमार,पाली पंचायत के मुखिया राजेन्द्र मिश्र,पाली सरपंच नवो नारायण झा,नकी अहमद,जदयू नेता शशिभूषण सिंह,रालोकपा के बेनीपट्टी प्रखंड से जिला महासचिव गनी राइन,शत्रुघ्न ठाकुर,कृष्ण कुमार यादव,मो0फैसल अंसारी, सदरे आलम,समदा पंचायत के मुखिया कमलदेव पासवान, शाहपुर पंचायत के मुखिया कमल बैठा,मो0 हारुण, हेना कौशर, नवो नारायण झा,विनोद राम,संजीव कुमार झा,मो0 फारूक,राजद नेता मो0 नूर अली,प्रेम शंकर राय,राजद नेता मो0 अरमान सहित बड़ी संख्या में थाना क्षेत्र के गणमान्य लोग व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## ऑनलाइन ओपन शतरंज में किशनगंज जिले के सुरोनोय बने चैंपियन







**किशनगंज-** जिला शतरंज संघ द्वारा शनिवार को एक निःशुल्क ओपन ऑनलाइन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें अपने जिले के सुरोनोय दास चैंपियन बने। संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता एवं वरीय संयुक्त सचिव तथा कार्यक्रम के संयोजक कमल कर्मकार ने जानकारी दी की सुरोनोय के बाद पुणे के हरचरण सिंह ,अरुणाचल प्रदेश के वैभव दुग्गर ,किशनगंज के जयब्रोतो दत्ता, गुवाहाटी के आरव बूचा, फरीदाबाद के विवान झंवर, बेंगलुरु के वी शुभश्री, किशनगंज के रूशील झा ,मुंबई के अथर्व सिन्हा एवं अन्य ने जगह बनाई।

इस ओपन प्रतियोगिता के परिणाम पर आयोजकों ने अत्यंत हर्ष प्रकट करते हुए कहा कि सुरोनोय स्थानीय बाल मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के महज 2 क्लास के विद्यार्थी हैं। उनके पिता राजेश कुमार दास एवं माता श्रीमती सुनीता दास अपने बच्चे को तराशने में कभी कोई कसर नहीं छोड़ते। इसी का सुखद परिणाम है कि आज सुरोनोय अपने देश के विभिन्न प्रांतों के बड़े-बड़े खिलाड़ियों को पीछे छोड़ते हुए श्रेष्ठ स्थान पर काबिज होने में सफलता प्राप्त कर रहे हैं। सुरोनोय के इस सफलता पर बोर्गेस डायग्नोस्टिक सेंटर के डॉक्टर अशोक प्रसाद, पूर्व नप उपाध्यक्ष मोहम्मद कलीमुउद्दीन, भारतीय स्टेट बैंक खगड़ा शाखा के शाखा प्रबंधक मिहिर प्रकाश, डीपीएस के निदेशक आसिफ इकबाल, संघ के उपाध्यक्ष मोहम्मद तारिक अनवर, दीपक श्रीवास्तव ,लाइट हाउस एवं राठौर ट्रेडर्स के स्वामियों के साथ-साथ अन्य ने भी उन्हें बधाई दी है।

## किशनगंज के सांसद एंव नगर परिषद अध्यक्ष ने अली गढ़ पब्लिक स्कूल का उद्घाटन किया





**किशनगंज-** किशनगंज नगर के लाईन खानकाह चौक में आज किशनगंज सांसद डाक्टर जावेद आजाद , किशनगंज नगर परिषद अध्यक्ष अधिवक्ता इन्द्रदेव पासवान, पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम एवं समाज सेवी अल्हाज अली रेजा सिद्दिकी ने अलीगढ़ पब्लिक स्कूल का उद्घाटन किया। इस अवसर सांसद डाक्टर जावेद आजाद ने कहा कि शिक्षा के बगैर विकास संभव नहीं है लिहाजा जमाने के साथ चलने और संसार में सफलता के लिए शिक्षा जरूरी है। जो लोग शैक्षणिक संस्थान चला रहे हैं और स्थापित कर रहे है वह बड़ा कार्य कर रहे हैं। हम ऐसे लोगों के साथ सदेव खड़े हैं जो शिक्षा का अलख जगा रहे हैं। सासंद डाक्टर जावेद आजाद ने अली गढ़ पब्लिक स्कूल को अपने सहयोग का भरोसा दिलाया और कहा कि हम सभों का प्रयास होना चाहिए कि किशनगंज और सिमांचल के बच्चे सरकारी महकमों में उच्च स्थान प्राप्त करें और इसके लिए आवश्यक है कि शिक्षा और जागरूकता पर अधिक से अधिक काम हो। किशनगंज नगर परिषद अध्यक्ष एडवोकेट इन्द्रदेव पासवान ने अलीगढ़ पब्लिक स्कूल की स्थापना पर स्कूल के निदेशक नोमान प्रधान एंव प्रिंसिपल अली कौसर को बधाई दी और कहा कि शैक्षणिक संस्थान स्थापित करना बहुत नेक कार्य है और किशनगंज एवं सीमांचल के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए सबसे पहले अधिक से अधिक शैक्षणिक संस्थान स्थापित करना जरूरी है। पूर्व विधायक मुजाहिद आलम ने शिक्षा के महत्व और आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि युग बदल रहा है और बदलते युग के साथ जो लोग चलते हैं वही लोग सफलता के शिखर पर पहुंचते हैं। उन्होंने शिक्षा के साथ साथ अछे इनसान के निर्माण पर जोर दिया। अल्हाज अली रेजा सिद्दिकी ने कहा कि सिमांचल और किशनगंज जिला के छात्र छात्राओं में काफी सलाहियतें मौजूद हैं जरूरत है उन्हें निखारने की । उन्होंने कहा कि इस स्कूल का अली पब्लिक स्कूल नाम रखने का बहुत पवित्र उद्देश्य है कि यहाँ बच्चों को उस स्तर पर मानसिक रूप से तैयार किया जाये की बच्चे ना केवल आईएएस, आईपीएस,डाक्टर और इन्जीनियर वगैरह बनने की दिशा में आगे बढें बल्कि वह जीवन के हर मोड़ पर सफल हों। आज के इस उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता समाज सेवी अल्हाज जाहिदूरर्हमान ने किया जबकि मंच संचालन मास्टर इनहेसार राही एंव शमाईलनबी ने किया।

यहाँ आये हुये अतिथियों का अली कौसर और नोमान प्रधान ने स्वागत किया।अल्हाज जाहिदूरर्हमान ने इस स्कूल की स्थापना पर स्कूल संचालक को बनाई दी।यहाँ उपस्थित लोगों में रेजा सैयद हफीज, वार्ड पार्षद अंजार आलम, पूर्व वार्ड पार्षद शमसूज्जमां पप्पू, डाक्टर इम्तियाज अख्तर, असद इकबाल, मोहम्मद नफीस, मोहम्मद जहांगीर, मास्टर अंजर अलीम, मोहम्मद सद्दाम,मुखिया आमील और मोहम्मद मोहतशीम वगैरह के नाम शामिल हैं।

## जमीनी विवाद से सम्बंधित पुराने मामले का हुआ निष्पादन



**बेनीपट्टी।** बेनीपट्टी थाना परिसर में राजस्व कर्मचारी ध्रुव कुमार मंडल व पुलिस निरीक्षक सह थाना अध्यक्ष सीताराम प्रसाद के संयुक्त नेतृत्व में थाना दिवस का आयोजन किया गया।जिसमें एक पुराने मामले समेत कुल तीन मामलों की सुनवाई हुए,जिसमें एक पुराना जमीनी विवाद ग्राम लडुगामा का था जिसमें सुनीता देवी व रमेश ठाकुर के बीच दखल कब्जा से सम्बंधित जमीनी विवाद था जहां द्वितीय पक्ष के फरियादी उपस्थित हुए,सुनवाई के बाद मामले का निष्पादन कर दिया गया।वहीं दो अलग अलग नया मामला क्रमशः ग्राम रजघट्टा व गम्हरिया का था जिसमें दोंनो ही पक्षों को सुनवाई के लिये सभी साक्ष्य के साथ अगली तारीख 18 मार्च 2023 को उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है।

## बहादुर बिटिया ने अपने पिता को दूसरी शादी करने से रोक दिया



शिवहर / एक फिल्मी कहानी की तरह 10 वर्षीय बहादुर बिटिया ने अपने पिता को दूसरी शादी करने से रोक दिया है ।उसके पिता पिपराही के देकुली धाम में जहां दूसरी शादी करने जा रहे थे। उसी दौरान 10 वर्षीय बच्ची छोटी कुमारी थाने में पहुंचकर थाना अध्यक्ष से शादी रुकवाने की गुहार लगाई ।थाना अध्यक्ष सूरज कुमार ने देकुली धाम जाते हुए त्वरित कार्रवाई कर उसके पिता को पिपराही थाने ले आया ।और शादी रुकवा दी ।जिसके बाद सामाजिक स्तर पर पहल कर लड़की के पिता मनोज कुमार राय ने बॉन्ड पेपर भरकर अपने बच्चों को देखभाल करने की बात कही है। थाना अध्यक्ष पिपराही सूरज कुमार गुप्ता ने बताया कि आज 10 वर्षीय सिराही रीगा थाना जिला सीतामढ़ी निवासी छोटी कुमारी एक व्यक्ति के साथ पिपराही थाने पर आकर रोने लगी और बोलने लगी कि हमारे पिता मनोज कुमार राय हमारी मां के मौत के बाद आज दूसरी शादी करने जा रहे हैं और देकुली धाम में आज शादी होने वाली है ।हम चार भाई बहन हैं ऐसे में हम बच्चों का क्या होगा ।तुरंत इस शादी को रुकवाया जाए। थाना अध्यक्ष ने त्वरित कार्रवाई करते हुए देकुली धाम पहुंचकर उसके पिता को थाने ले आए और शादी को रुकवाया इसके बाद स्थानीय जनप्रतिनिधि और सीराही के मुखिया समेत अन्य लोगों ने थाने पर पहुंचकर लड़की के पिता से बाउंड बनवाया और सभी बच्चों को ख्याल रखने की बात कही। वहीं 10 वर्षीय छोटी कुमारी के इस बहादुरी की चर्चा पिपराही में खूब हो रही है।

# 11 मार्च को जिला मुख्यालय पर होगा जबरदस्त प्रदर्शन :कुशवाहा



हाजीपुर(वैशाली)बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के आह्वान पर शिक्षकों के विभिन्न समस्याओं अप्रशिक्षित की सेवा बर्खास्तगी पर रोक,एन आई ओएस प्रशिक्षणधारी का वेतन कटौती पर रोक,वेतन विसंगति समेत वेतन उन्नयन,स्नातक व प्रधानाध्यापक में प्रोन्नति, वरीयता,पुरानी पेंशन,समान काम का समान वेतन,ऐच्छिक स्थानांतरित, राज्य कर्मी का दर्जा को लेकर बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ प्रखंड इकाई महुआ के प्रखंड अध्यक्ष श्री अशर्फी दास के नेतृत्व में बीआरसी महुआ में प्रदर्शन किया गया।तदुपरांत सभा को संबोधित करते हुए जिला सचिव पंकज कुशवाहा ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सरकार शिक्षा विभाग हो नियम कानून के जंजाल में फंसा कर शिक्षकों को परेशान कर रही है।जब प्रतिदिन विद्यालय से विभाग को उपस्थित और अनुपस्थित शिक्षकों की जानकारी दे ही दी जाती है तब मासिक उपस्थिति विवरणि का मांगना निश्चित रूप से हास्यास्पद और शिक्षा विभाग के विफलता का परिणाम है।शिक्षकों को ठक्कर से प्रशिक्षित कराकर वेतन देती है और बाद में उसे अप्रशिक्षित कह कर वेतन भी काटने का आदेश देती है।इतना ही नहीं उच्च न्यायालय के आदेश पर बहाल अप्रशिक्षित शिक्षक को भी बिना सोचे समझे हटाने का आदेश जारी कर देती है।उन्होंने आज की सभा में पुरानी पेंशन योजना लागू करने,समान काम के समान वेतन के साथ-साथ सभी प्रकार के बकाया वेतन के भुगतान करने की मांग के साथ-साथ किसी भी शिक्षक को हटाए जाने पर जोरदार आंदोलन करने का संकल्प दोहराया।11 मार्च को जिला में होने वाले प्रदर्शन को लेकर महुआ से भारी संख्या में शिक्षकों से प्रदर्शन में भाग लेने की अपील किया।प्रदर्शन एवं बैठक की अध्यक्षता प्रखंड के अध्यक्ष अशर्फी दास ने किया। उन्होंने शिक्षकों से एकजुट होकर आंदोलन करने के अपील की।

बैठक में कोषाध्यक्ष राघवेंद्र प्रसाद सिंह,सचिव अरुण कुमार, सत्येंद्र कुमार,सतिंदर कुमार, मोतीलाल पासवान,अनुपम कुमार, रीना कुमारी, मजहबीन खातून, ललित दास, राम लगन भारती, सुनील कुमार, मोहम्मद दिलशेर आलम विकास नारायण, रविंद्र भारती,अनिल कुमार, नवल किशोर,सुजीत कुमार, रंजना सिंह, मनोज कुमार गुंजन के अलावे काफी संख्या में शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

# स्लग : लाउडस्पीकर बजाने को ले पुलिस टीम पर हमला , डीएसपी समेत तीन पुलिसकर्मी जख्मी



एंकर : सीतामढ़ी जिले के परिहार थाना क्षेत्र के धरहरवा गांव में शुक्रवार की देर शाम लाउडस्पीकर बजाने को लेकर दो समुदाय के बीच हुई मारपीट की घटना को शांत कराने पहुंची पुलिस टीम पर हमला हुआ है। घटना में सदर डीएसपी सुबोध कुमार समेत तीन पुलिस कर्मी जख्मी हो गए है। जख्मियों को ईलाज के लिए शहर स्थित निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया है। घटना के बारे में बताया जाता है की धरहरवा गांव स्थित ब्रह्म स्थान पर नवाह का आयोजन किया गया था। जिसमे बजाए जा रहे लाउडस्पीकर की आवाज को लेकर एक समुदाय के लोगो द्वारा परिहार थाना पुलिस से शिकायत की गई थी। शिकायत के बाद पहुंची पुलिस ने लाउडस्पीकर को बंद करवा दिया। जिससे दूसरे समुदाय के लोगो में नाराजगी थी। वही समुदाय के लोगों ने भी दूसरे समुदाय के धार्मिक स्थल पर बज रहे लाउडस्पीकर को बंद कराने का प्रयास किया। जिसके बाद दोनो पक्षों के बीच विवाद बढ़ और हिंसक झड़प का रूप ले लिया। जिसकी सूचना पर पहुंची परिहार थाना पुलिस द्वारा आक्रोशितो को समझाने के प्रयास किया गया, जिसपर आक्रोशितो द्वारा पुलिस टीम पर पत्थरबाजी की जाने लगी। जिसकी सूचना पर डीएसपी सुबोध कुमार के नेतृत्व में बेला, परिहार और पुलिस केंद्र से अतिरिक्त पुलिस बल को बुलाया गया। लेकिन पुलिस टीम के पहुंचते ही आक्रोशित अंधाधुन पुलिस पर पथराव और लाठी डंडा ले खदेरने लगे। जिसमे सदर डीएसपी सुबोध कुमार, परिहार थाना के सअनि दयाशंकर, डीएसपी के गार्ड समेत तीन पुलिस कर्मी जख्मी हो गए। घटना के दौरान दोनो पक्षों के दर्जनों लोगो के जख्मी होने की भी सूचना है। हालाकि पुलिस द्वारा स्थिति पर नियंत्रण पाते हुए मामले को शांत करा दिया गया है। वही सुरक्षा के दृष्टिकोण से बड़ी संख्या में पुलिस बल गांव में कैंप कर रही है।

इधर घटना के बारे में जानकारी देते हुए डीएसपी मुख्यालय रामाकृष्णा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया की परिहार थाना अंतर्गत बड़हरवा पंचायत में लाउड स्पीकर बजाने को लेकर विवाद को सुलझाने पहुँची पुलिस दल पर आक्रोशित भीड़ द्वारा हमला किया गया। जिसमे रउढड, सदर के हाथ पर चोट आयी है एवं 2 अन्य पुलिस कर्मी चोटिल हुए हैं। उ्द एवं रढ, सीतामढ़ी घटनास्थल पर पहुँच कर स्थिति का जायजा ले रहे हैं एवं अग्रिम कार्यवाही कर रहे हैं। साथ ही पुलिस ने स्थिति सामान्य होने की बात कहते हुए किसी भी अफवाहों पे ध्यान ना दें एवं शांति बहाल करने में सहयोग करें की अपील की है।

## जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित विमर्श कक्ष में जिले के सभी प्रखंडों के माननीय

प्रमुख के साथ बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम उपस्थित सभी माननीय प्रमुख गणों को होली एवं शब-ए-बरात की शुभकामनाएं दी एवं आगामी होली एवं शब-ए-बारात पर्व का शांतिपूर्ण एवं सद्भावना पूर्ण आयोजन के मद्देनजर उनसे सहयोग की अपेक्षा भी की।

बैठक में जिले में चल रही सभी पंचायत स्तरीय योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई एवं योजनाओ के क्रियान्वयन विशेष कर मनरेगा की योजनाओं के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि पीआरएस एवं पंचायत समिति समन्वय स्थापित कर कार्य का निष्पादन करेंगे। बाजपट्टी प्रमुख द्वारा जर्जर पुल के कारण उत्पन्न कठिनाइयों से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिया गया। राशन कार्ड के लंबित मामलों को त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। आवास योजना को लेकर उप विकास आयुक्त द्वारा बताया गया कि जिनका नाम प्रधानमंत्री आवास योजना में छूट गया हो उनका नाम मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत जोड़ा जा सकता है। जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी आवास योजनाओं की सूची का दीवाल लेखन कराना सुनिश्चित करें। साथ ही पंचायत स्तरीय सभी योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी सुनिश्चित हो। कब्रिस्तान घेराबंदी एवं श्मशान को लेकर चर्चा की गई एवं संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। आंगनबाड़ी केंद्रों को लेकर डीपीओ आईसीडीएस को जांच करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा अपील किया गया कि माननीय प्रमुख अपने क्षेत्र में भ्रमण कर कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों के परिवारों से मिले एवं उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाएं।

बैठक के अंत में जिला पदाधिकारी द्वारा सभी को होली एवं शब-ए-बरात को लेकर शुभकामनाएं दी गई एवं अपने अपने क्षेत्र में सामाजिक सौहार्द बनाकर पर्व मनाने के लिए अपील की गई। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त विनय कुमार, अपर समाहर्ता मनीष शर्मा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अजय कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अविनाश कुमार, डीपीओ मनरेगा राजीव कुमार, डीपीओ आईसीडीएस के साथ सभी प्रखंडों के प्रमुख उपस्थित थे।

# माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा 2022 की कंप्यूटर आधारित परीक्षा 6 मार्च को आयोजित होगी

**दैनिक शुभ भास्कर**
**सारण/ब्यूरो पवन कुमार सिंह**



जिलाधिकारी सारण श्री राजेश मीणा के द्वारा बताया गया कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना से प्राप्त सुचना के आलोक में माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा 2022 (वाणिज्य) की कंप्यूटर आधारित परीक्षा दिनांक 6 मार्च 2023 को तीन पालियों में छपरा के एकमात्र परीक्षा केंद्र भी.भार्गव प्राइवेट लिमिटेड, बसाढी भवन, ध्रुवदेव नगर, बाईपास रोड, रामनगर, छपरा, साहिल हुंडई के ऊपर आयोजित की जाएगी। परीक्षा 2 घंटे 30 मिनट की होगी। यह परीक्षा बेल्ट्रॉन की चयनित एजेंसी एड्यूटेस्ट सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, अहमदाबाद द्वारा कंप्यूटर बेस्ट टेस्ट के आधार पर ली जाएगी। परीक्षा के प्रथम पाली का आयोजन पूर्वाह्न 8 बजे से अपराहन 10:30 बजे तक होगा। द्वितीय पाली मध्यान 12:00 बजे से अपराहन 2:30 बजे तक तथा तृतीय का आयोजन अपराहन के 04 बजे से 6: 30 बजे तक ली जाएगी। प्रत्येक पाली के एक घंटे पूर्व में परीक्षार्थी को रिपोर्टिंग करना होगा। पाली प्रारंभ होने के 30 मिनट पहले परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। इसके उपरांत किसी भी परीक्षार्थी को केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। स्वयं जिलाधिकारी सारण को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा मुख्य परीक्षा नियंत्रक बनाया गया है। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि परीक्षा को स्वच्छ वातावरण में शांतिपूर्ण संचालन एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु आयोग के निर्धारित मानक के अनुरूप प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर 1-4 सशस्त्र पुलिस बल, महिला पुलिस बल, स्टैटिक दण्डाधिकारी, गस्ती दल दण्डाधिकारी सहित पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है। सभी प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल परीक्षा प्रारंभ होने के दो घंटा फुल अपने प्रतिनियुक्ति स्थल ग्रहण कर लेंगे एवं परीक्षा के समाप्ति के बाद भी केन्द्र पर उपस्थित रहकर विधि-व्यवस्था संधारित करेंगे ।परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार पर ही केन्द्राधीक्षक, प्रतिनियुक्ति दण्डाधिकारी एवं पुलिस बल की सहायता से परीक्षार्थियों की शारीरिक जाँचोपरांत, उनके प्रवेश पत्र को देख कर परीक्षा कक्ष में प्रवेश करेने देंगे। परीक्षा में परीक्षार्थियों को जूता-मोजा पहन कर केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। परीक्षार्थी केवल चप्पल पहनकर ही केंद्र में प्रवेश कर पाएंगे। केन्द्र की विडियोग्रॉफी कराने को निर्देश दिया गया है। परीक्षा के एक दिन पूर्व में ही केन्द्र पर जैमर लगवाने एवं जैमर की सुचारु रूप से कार्य कर रहा है अथवा नही इसकी जाँच करने का निदेश दिया गया। केंद्राधीक्षक को निर्देश दिया गया कि सीट प्लान की एक प्रति परीक्षा कक्ष के अलावे परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार पर प्रदर्शित करने का भी निर्देश दिया गया है ताकि परीक्षार्थियों को आवश्यक सुविधा मिल सके परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष के अंदर मोबाईल, ब्लूटूथ, पेजर या अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिभाईस चिट, चाकू, माचिस, ब्लेड आदि ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध होगा। अनुमंडल पदाधिकारी सदर, छपरा को परीक्षा केंद्र 500 गज की परिधि में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू करने का निर्देश दिया गया है ।इस परीक्षा सफल संचालन हेतु अनुमंडल कार्यालय सदर, छपरा के कार्यालय परिसर में जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जाएगी जिसका दूरभाष संख्या-06152-242444 है। यह नियंत्रण कक्ष परीक्षा तिथि को 08:30 बजे पूर्वाह्न से 07 बजे अपराह्न तक कार्यरत रहेगा। नियंत्रण कक्ष के प्रभारी पदाधिकारी श्री सतेंद्र कुमार चौधरी, सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण, मोबाईल नम्बर 9470020919 रहेंगी। इसके अलावे जिला शिक्षा पदाधिकारी मोबाईल नं-8544411907, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, छपरा मोबाईल नंबर 9473191269, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर छपरा मोबाईल नंबर 9431800075 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# बालू लदी हाइवा ट्रक ने ट्रैक्टर में मारी टक्कर 3 की मौत 1 की हालत गंभीर

**दैनिक शुभ भास्कर सारण/ दाउदपुर**
**मनीष पाण्डेय मिन्टू/ ब्यूरो पवन कुमार सिंह**



छपरा सिवान मुख्य मार्ग 531 पर दाउदपुर बस स्टैंड में शनिवार को दोपहर बालू लदी हाइवा ट्रक ने एक बालू लदी ट्रैक्टर में भीषण टक्कर मार दी। जिसमे ट्रेक्टर का ट्रॉली बालू समेत पलट गया। जिसके नीचे दबकर बाइक सवार दो लोगों की मौके पर हीं मौत हो गई। जबकि जख्मी ट्रैक्टर चालक मुन्ना महतो ने अस्पताल में जाकर दम तोड़ दिया। इस घटना में दो अन्य लोग गम्भीर रूप से जख्मी हो गए हैं। जिनमे एक ऑटो रिक्सा चालक भी शामिल है। जिन्हें दाउदपुर थाना पुलिस तथा स्थानीय लोगो की सहयोग से इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा में भर्ती कराया गया। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने थाना के सामने एनएच को जाम कर दिया। जिससे मुख्यमार्ग पर गाड़ियों का आवागमन तीन घण्टे तक बाधित रहा। जिससे वाहन चालकों व यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी। पुलिस के द्वारा लगातार समझाने के बाद भी लोग नही मान रहे थे ।तब मौके पर एकमा, दाउदपुर, कोपा थाने की पुलिस ने मोर्चा संभाला और जब पुलिस ने सख्ती दिखाई तो लोगों की भीड़ भागने लगी ।हालांकि इस बीच आक्रोशित लोगों ने पुलिस तथा राहगीरों के साथ नोकझोंक भी की। सूचना मिलने पर मांझी बीडीओ रणजीत कुमार सिंह ने भी पहुंच कर लोगों को समझाया बुझाया उसके बाद आवागमन सामान्य हुआ। इस घटना में हर्षपुरा गांव निवासी शिक्षक सुनील राम का 19 बर्षीय पुत्र कुमार अनिकेत राम, दूसरा लेजुआर गांव निवासी राजकिशोर राम का 33 बर्षीय पुत्र सुशील कुमार राम जबकि तीसरा ट्रैक्टर चालक रिविलगंज थाना क्षेत्र का कुरई टोला निवासी चंदेश्वर महतो का पुत्र मुन्ना महतो बताया जाता है। जिसका उपचार के दौरान मौत हो गई। वही दो अन्य जख्मी का इलाज चल रहा है ।खबर लिखें जाने तक तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया गया था।

# महिलाओं को उनके अधिकार के प्रति जागरुकता हेतु शिविर का आयोजन

**दैनिक शुभ भास्कर सारण/ ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश - सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार सारण, छपरा के द्वारा बताया गया है कि बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निदेशानुसार जिला विधिक जागरुकता समिति सारण, छपरा के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह के अंतर्गत महिलाओं को उनके अधिकार के प्रति जागरुक करने हेतु विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन दिनांक- 06.03.2023 सोमवार को पूर्वाह्न 10:30 बजे से नगरा पंचायत भवन, सारण में किया गया है। जागरुकता शिविर के सफल संचालन हेतु पैनल अधिवक्ता एवं पारा विधिक स्वयं सेवक की प्रतिनियुक्ति की गयी है।

# मशरक थाना परिसर मे होली एवं शबे बरात पर्व को लेकर शान्ति समिति की बैठक

**दैनिक शुभ भास्कर**
**मशरक/सारण**
**धर्मेंद्र सिंह**



मशरक थाना परिसर मे होली पर्व एवं शबे बरात पर्व को लेकर सारण एसपी के निर्देश पर मशरक थानाध्यक्ष राजेश चौधुरी की अध्यक्षता मे शान्ति समिति की बैठक आयोजित हुई. शांति समिति की बैठक मे क्षेत्र के बहुत कम जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति मे थानाध्यक्ष राजेश चौधुरी ने बताया की होली पर्व शान्ति सौहार्द एवं भाईचारे के साथ रंग गुलाल लगाए डीजे पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध रहेगा कही प्रखंड क्षेत्र मे अप्रिय घटना एवं डीजे बजाने की सूचना मिलती है तो सीधे मेरे मोबाईल पर सूचित करें साथ ही मुस्लिम भाई भी सोबेरात शान्ति पूर्वक मनाएं, होली पर्व मे प्रेम पूर्वक किसी को रंग गुलाल लगाए जबरदस्ती लगाने का प्रयास न करें शान्ति समिति की बैठक मे मुख्य रूप से बहरौली मुखिया अजित सिंह, डुमरशन मुखिया बचा लाल साह, हिन्दू जागरण मंच के जिला अध्यक्ष दुर्गेश गुप्ता, पूर्व उप प्रमुख साहेब हुसैन ऊर्फ टुनटुन, बीडी सी चुनु ठाकुर, बीडीसी प्रतिनिधि चुनमुन बाबा, वार्ड सदस्य अनिल बैठा सहित दर्जनों जनप्रतिनिधि शामिल रहे।

# मशरक मे होली मिलन सह सम्मान समारोह आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर मशरक/सारण धर्मेन्द्र सिंह/ ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

मशरक बी आर सी परिसर मे होली मिलन सह सम्मान समारोह साथ मे होली एक्सप्रेस अखबार बिमोचन बुद्धिजीवीवो द्वारा किया गया होली मिलन समारोह का उद्घाटन मरहौरा एस डी पी ओ इंद्रजीत बैठा, एस डी ओ योगेंदर कुमार, डॉ पी के परमार, पूर्व प्रचार्य सुरेंद्र नाथ सिंह, समाजसेवी महेश्वर सिंह, सतेंदर दूरदर्शी, लोक गायिका पुष्पा सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया .वही होली मिलन सह सम्मान समारोह मे मरहौरा अनुमंडल के सभी पत्रकार व जन प्रतिनिधियों बुद्धिजीवियों को अनुमंडल पत्रकार संघ के अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह द्वारा अंग वस्त्र दे किया गया सम्मानित. कार्यक्रम को रंगा रंग प्रोग्राम देने के लिए मंच पर विरजमान हास्य व वव्यंग के चर्चित कलाकार सतेंदर दूरदर्शी एवं पूर्व जिला पार्षद व चर्चित लोक गायिका पुष्पा सिंह अपने कलाओ से सभा मे उपस्थित गन्यमान्य लोगों को झूमा दिया.कार्यक्रम मे उपस्थित सैकड़ो लोग रहे उपस्थित

# आर एस ए के कार्यकर्त्ता के द्वारा मना होली मिलन समारोह



**दैनिक शुभ भास्कर सारण/ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

गंगा सिंह महाविद्यालय छपरा में भव्य आयोजन किया गया। । मंच का संचालन आर एस ए संयोजक उज्जवल कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में छात्रा प्रमुख गायिका शिवानी पांडे ने होली के गीतों को गाकर शुरू किया ,शिवानी ने कार्यक्रम से छात्र - छात्राओं का मन मोह लिया। इस दौरान कार्यक्रम में होली गीतों के साथ ही हंसी-ठिठोली के दौरान व्यंग में छात्र नेता ने गुलशन यादव ने एक होली गीत के माध्यम से भोजपुरी भाषा में व्यंग विश्वविद्यालय प्रशासन पर किया ।इस पर खूब ताली बजी ।इस अवसर पर विवेक कुमार की विजय, छोटू, दीपा, राहुल यादव, पर्मेंद्र, विकास सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय अध्यक्ष सौरभ कुमार गोलू ने किया।

# बागड़ी हाऊस में आयोजित हुआ फागोत्सव



**लक्ष्मणगढ़।** सैनी भवन के पास स्थित बागड़ी हाऊस में फागोत्सव का आयोजन देर रात तक आयोजित हुआ ।शेखावाटी के मशहूर लोक कलाकार विकास सैनी,विनोद सैनी,रामनारायण,ओम स्वामी ने एक से बढ़कर एक फागणिया गीतों की प्रस्तुति से जहां दर्शकों को रोमांचित किया वहीं शिव ढप मंडली सेठों की कोठी के कलाकारों की ओर से प्रस्तुत किए गए ढप नृत्य को देखकर दर्शक अभिभूत हुए ।संतरा देवी आंनद कुमार बागड़ी मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से आयोजित फागोत्सव में उपखण्ड अधिकारी राजेश कुमार मीणा,पुलिस निरीक्षक मनोज चौधरी,नगरपालिका अध्यक्ष मोहम्मद मुस्तफा कुरैशी,पालिका उपाध्यक्ष बनवारी पाण्डेय,राजस्थान राज्य विप्र कल्याण बोर्ड के सदस्य वरिष्ठ पार्षद समाजसेवी पवन बूटोलिया,जिल प्रजनन व शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजीव ढाका,उप जिला सरकारी अस्पताल के प्रभारी अधिकारी डॉ अटल भास्कर,पशु पालन विभाग के नोडल अधिकारी डॉ मोहन भोगे,उपकोषाधिकारी सज्जन कुमार सैनी,शहर चौकी प्रभारी रामदेव सिंह,समाजसेवी अनिल बागड़ी,व्यवसायी व समाजसेवी रामगोपाल राकसिया,बंगलौर प्रवासी समाजसेवी पृथ्वीराज गौड़, डूंगरगढ़ के समाजसेवी व्यवसायी महावीर गौड़,चिडावा के व्यवसायी व समाजसेवी मूलचंद सैनी,गोपीराम सैनी,पूर्व सरपंच मदन लाल सैनी,जयपुर के उधोगपति राजेश सैनी बगडिया स्कूल के सचिव पवन गोयनका, प्रज्ञा स्कूल के निदेशक राजेन्द्र ताखर,व्यवसायी व समाजसेवी विष्णु काबरा,कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नरेश सैनी,सीकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष राजेश सैनी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दीनदयाल नेछवा संत गंगादास मंचस्थ अतिथि थे। प्रारंभ में अतिथियों ने कलाकारों का माल्यार्पण कर चंग पर थाप देकर फागोत्सव का शुभारंभ किया ।आयोजन समिति की ओर से उधोगपति भामाशाह समाजसेवी महेश बागड़ी,प्रेम प्रकाश बागड़ी,इन्द्रपाल सैनी,राजकुमार कम्मा, मयंक कम्मा, सैनी समाज के पूर्व अध्यक्ष रामावतार सिंगोदिया,बाबूलाल सैनी,मनोज सैनी सहित जनप्रतिनिधि व अधिकारी एंव नगर के लोग मौजूद रहे।

# जयनगर में जदयू कार्यकताओं ने किया बिहार प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा और युवा जदयू बिहार के प्रदेश अध्यक्ष दिव्यांशु भरद्वाज का स्वागत

**जयनगर /मधुबनी**
**दैनिक शुभ भास्कर**
**(मो.गुलाब)**




जनता दल यू बिहार प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा,युवा जदयू बिहार के प्रदेश अध्यक्ष दिव्यांशु भारद्वाज का भव्य स्वागत जयनगर के शहीद चौक के पास जदयू के युवा जिलाध्यक्ष संतोष साह के नेतृत्व में कई कार्यकताओं ने किया ।इस मौके पर जनता दल यू बिहार प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, युवा जदयू बिहार के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय बड़े भाई दिव्यांशु भरद्वाज को मिथिला के परम्परा के अनुसार पाग, दुपट्टा और माला पहनाकर मिथिला के पावन धरती जयनगर में स्वागत किया गया ।प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते हुए जदयू के युवा जिलाध्यक्ष संतोष साह ने कहा कि उमेश कुशवाहा के नेतृत्व में पार्टी का निरंतर विकास हो रहा है। ज्ञात हो कि जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा का कार्यक्रम मधुबनी जिला के कविलासा में जदयू पार्टी के प्रदेश सचिव सह मुख्यालय प्रभारी श्वासुदेव कुशवाहा के पिता जी के श्राद्धकर्म कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे थे ।इस मौके पर जदयू के युवा जिला उपाध्यक्ष कैलाश पासवान शिक्षक, जदयू नेता हीरा मांझी सहित अन्य मौजूद थे।

# युवाओं में बढ़ रहा नशे के रूप में कफ सिरप का इस्तेमाल




**दैनिक शुभ भास्कर सारण/ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

बिहार में शराबबंदी के बाद शराब माफिया तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। इसी कड़ी में माफियाओं द्वारा नशे के लिए कफ सिरप परोसा जा रहा है जिससे युवा काफी पसंद कर रहे हैं और इसके गिरफ्त में आ रहे हैं। युवाओं में इस के बढ़ते प्रचलन को देखकर शराब माफिया अब भारी मात्रा में कफ सिरप का आयात कर रहे हैं और इससे पैसे बना रहे हैं। माझी पुलिस ने बनारस से गुवाहाटी जा रही एक ट्रक को पकरी जिसमें भारी मात्रा में fansa deal कफ सिरप बरामद की है। ट्रक से 350 पेटी फेंसाडिल बरामद हुई है। इस मामले में ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# नलजल व नली गली योजना की बकाया राशि का भुगतान के लिए पांच वर्ष से दौड़ लगा रहे है पूर्व वार्ड सचिव

**दैनिक शुभ भास्कर दरियापुर/ सारण**

प्रखण्ड क्षेत्र के विश्वम्भरपुर पँचायत के वार्ड 14 में वित्तीय वर्ष 2018-19 में नल जल योजना का कार्य पूरे वार्ड अंतर्गत संपन्न हुआ जिसकी कुल राशि 14,39762 रुपये थी उस रुपये में से राशि का भुगतान हुआ वही इसको लेकर वार्ड सचिव अमित अमिताभ ने कई दफे मुखिया से कही लेकिन पैसे का भुगतान नही हुआ इसके वाद वार्ड सचिव ने इस हेतु समाहर्ता सह जिला दंडाधिकारी के न्यायालय में परिवाद दर्ज किया गया इस परिवाद के बाद डीसीएलआर सोनपुर ने भौतिक रूप से कार्य स्थल पर जांच कर समाहर्ता सह जिला दंडाधिकारी सारण के यहाँ जांच की रिपोर्ट सौंपी जांच में कार्य संतोषजनक बताया है इसके बावजूद राशि की भुगतान नही होने पर दूसरी बार समाहर्ता सह जिला दंडाधिकारी सारण के समक्ष पँचायत सचिव ने कहा कि पैसा भुगतान करने को मैं तैयार हूं लेकिन मुखिया द्वारा नही दिया जा रहा है

# जैव चिकित्सा अपशिष्ट के उचित प्रबंधन को लेकर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**पूर्णिया।** जैव चिकित्सा अपशिष्ट के उचित प्रबंधन को लेकर जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय सह अस्पताल परिसर स्थित पारा मेडिकल शैक्षणिक भवन के सभागार में किया गया।

इसमें जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, अस्पताल प्रबंधक, बीएचएम, स्टाफ नर्स, एएनएम, प्रसव कक्ष की प्रभारी को यूनिसेफ के क्षेत्रीय सलाहकार शिव शेखर आनंद के द्वारा प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम सोरेंद्र कुमार दास, जिला सलाहकार, गुणवत्ता यक ीन पदाधिकारी डॉ अनिल कुमार शर्मा, शहरी स्वास्थ्य केंद्र के सलाहकार दिलनवाज, केयर इंडिया के सनत गुहा, यूनिसेफ के नंदन कुमार झा, सी फार के धर्मेंद्र कुमार रस्तोगी, डीएचएस के शेख मोजिम सहित कई अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। सिविल सर्जन डॉ अभय प्रकाश चौधरी ने कहा कि जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन के तहत कार्य करने को लेकर विभागीय स्तर पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है। जिसके आलोक में सभी एमओआईसी, एचएम, बीएचएम, स्टाफ नर्स, एएनएम, एलटी एवं फार्मासिस्ट के द्वारा अस्पताल परिसर से सभी तरह की गंदगियों को दूर करने के लिए समय-समय पर सफाई कराई जाती है। ताकि किसी भी प्रकार के संक्रमण फैलने से रोका जा सके। क्योंकि जब तक अस्पताल परिसर को गंदगी मुक्त नहीं रखेंगे तब तक वहां रहने वाले मरीज, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सहित कर्मी खुद भी इसके शिकार हो सकते हैं। जिला सलाहकार, गुणवत्ता यक ीन पदाधिकारी डॉ अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि बिहार सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग ने जैव चिकित्सा अपशिष्ट के पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण को प्रोत्साहित करने के लिए एक कार्यक्रम शुरू किया है। वहीं जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली की स्थापना के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। रोगी एवं पर्यावरण के लिए जैव चिकित्सा अपशिष्ट का उचित प्रबंधन स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए काफी महत्वपूर्ण है। स्वास्थ्य और पर्यावरण से संबंधित समस्याओं को दूर करने के लिए स्वास्थ्य संस्थानों में उचित प्रबंधन के लिए बुनियादी ढांचे, उपकरणों और प्रशिक्षित कर्मचारियों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण मानी जाती है। क्योंकि बायोमेडिकल वेस्ट का स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए बेहतर तरीके से प्रबंधन करना चाहिए। प्रसव कक्ष, बेड एवं हाथों की सफाई के अलावा ओटी या अन्य कार्यों के बाद अपशिष्ट को निस्तारण को लेकर जागरूक रहने की आवश्यकता होती है। यूनिसेफ के क्षेत्रीय सलाहकार शिव शेखर आनंद ने कहा कि बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को बिहार में जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन को विनियमित करने की जिम्मेदारी है। क्योंकि बायोमेडिकल कचरे के उचित पृथक्करण, भंडारण, परिवहन और निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है। बायोमेडिकल वेस्ट में मानव शारीरिक अपशिष्ट, नैदानिक अपशिष्ट, शार्प अपशिष्ट, रासायनिक अपशिष्ट और स्वास्थ्य सुविधाओं द्वारा उत्पन्न रेडियोधर्मी अपशिष्ट शामिल हैं।

# निक्षय मित्र योजना के तहत टीबी के 4 मरीजों को बुजुर्ग महिला ने ली गोद



**पूर्णिया।** जिले में यक्ष्मा उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा विभिन्न स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। यक्ष्मा उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूरे देश में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की शुरूआत की गई है। शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निक्षय मित्र कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। निक्षय मित्र योजना के तहत समाज के सक्षम व्यक्ति और जनप्रतिनिधि टीबी के मरीजों को गोद लेकर उनके इलाज तथा पोषण में सहयोग कर सकते हैं। इसी कड़ी में एआरटी के चिकित्सक डॉ सौरभ की माता जी ने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन कर चार मरीजों को गोद ली है। इस अवसर पर एआरटी के चिकित्सा प्रभारी डॉ सौरभ कुमार, जिला यक्ष्मा केन्द्र के डीपीएस राजेश कुमार शर्मा, लिपिक तपन कुमार मिश्रा, एसटीएलएस प्रिया कुमारी, परामर्शी श्वेता कुमारी, राजनाथ झा, जयदेव कुमार, सुनील कुमार शास्त्री, टीबी चैंपियन साक्षी गुप्ता सहित कई अन्य कर्मी उपस्थित थे। निजी अस्पतालों में नहीं जाएं बल्कि सरकारी अस्पताल में कराएं इलाजः सीडीओ

जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ मिहिरकान्त झा ने बताया कि राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 2025 तक जिले से टीबी को पूरी तरह से उन्मूलन करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके लिए सरकार और विभाग अपने स्तर से पूरी तरह प्रयासरत है। लेकिन अब जरूरत है। लोगों के जागरूक होने की। ताकि टीबी के खिलाफ लड़ाई जीती जा सके। जिले के सभी सरकारों अस्पतालों में इसके इलाज को लेकर सभी तरह के जांच की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। इसके बावजूद देखा जा रहा है कि कुछ लोग इलाज कराने के लिए बड़े-बड़े निजी अस्पताल या फिर शहरों की ओर जाते हैं। फिर वहां से निराश होकर जिले के सरकारी अस्पतालों का चक्कर काटना पड़ता है। लेकिन ऐसा करने की कोई आवश्यकता नहीं है। टीबी बीमारी के बारे में जानकारी मिलते ही सबसे पहले नजदीकी सरकारी अस्पताल ही जाएं। क्योंकि जिले में अब टीबी के इलाज के साथ मुकम्मल निगरानी और अनुश्रवण की व्यवस्था उपलब्ध है। एआरटी केंद्र के प्रभारी डॉ सौरभ कुमार ने बताया कि मेरी माता मंजू सिंह द्वारा टीबी के चार रोगियों को गोद लेने पर निक्षय मित्र बनाया गया है। वह रानीपतरा के बिंदा राय, खुश्की बाग की सुगनी खातून, हरदा बहादुरपुर की मीरा कुमारी एवं गिरजा चौक की सीमा कुमारी को लगातार छः महीने तक पौष्टिक आहार के लिए अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन पूरा करने को लेकर आगे बढ़ी हैं। इसी तरह जिलेवासियों से भी अपील की जाती है कि आप सभी टीबी मरीजों को गोद लेकर जिला ही नही बल्कि राज्य एवं देश से टीबी मुक्त अभियान में शामिल होकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। यक्ष्मा केंद्र के डीपीएस राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि निक्षय मित्र बनने के लिए अपने जिला यक्ष्मा केंद्र से संपर्क स्थापित किया जा सकता है। निक्षय मित्र बनने के लिए commu-nit ysupport. nikshay. in पर लॉगिन करने के बाद प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान पर क्लिक करना होगा। उसके बाद निक्षय मित्र रजिस्ट्रेशन फॉर्म पर क्लिक कर अपनी पूरी जानकारी देना होता है। इसके बाद ही इस अभियान से जुड़ा जा सकता है। इसके अलावा इस निक्षय हेल्प लाइन नंबर-1800116666 पर कॉल कर के विस्तृत जानकारी ली जा सकती है। वहीं निक्षय मित्र बनने के लिए टीबी से ग्रसित मरीजों की सहमति लेकर पौष्टिक आहार के लिए उन्हें सहायता उपलब्ध करानी होगी।

# भूविवाद के निष्पादन को लेकर जनता दरबार आयोजित

**भरगामा / अररिया**



भरगामा थाना परिसर में जनता दरबार आयोजित किया गया जिसमें भूविवाद से जुड़े मामलों का सुनवाई किया गया। वहीं आज भूविवाद से जुडे 10 आवेदन प्राप्त हुए। आज जनता दरबार में थोड़ी बहुत नोकझोंक के बाद दोनो पक्षों ने अपना अपना दलील प्रस्तुत किया।कुल 10 मामले पर सुनवाई की गई जिसमे दोनो पक्षों को सुनने के बाद सभी 7 मामलों का निष्पादन किया गया।वहीं 3 मामले लंबित रह गए जिसे और साक्ष्य के साथ अगले जनता दरबार में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए। अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने गैरमजरूवा जमीन पर अतिक्रमण को लेकर स्थल निरिक्षण के निर्देश दिए गए। इस मौके पर अंचलाधिकारी मनोज कुमार, थानाध्यक्ष आदित्य कुमार, अंचल सहायक शशी कुमार मौजूद रहे वहीं दर्जनों फरियादी के साथ-साथ समाजसेवी सीतांशु शेखर पिंटू, पूर्व भाजपा प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, नित्यानंद मेहता,कुंवर झा, मुकेश कुमार मिश्रा,रमेश भारती एवं विभिन्न पंचायत के प्रतिनिधि मौजूद थे। अंचलाधिकारी ने बताया प्रत्येक शनिवार को भरगामा थाना परिसर मे जनता दरबार आयोजित किए जाते हैं जिसमे प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायत के जमीनी विवाद का दोनो पक्षों को सुनकर निष्पादन किया जाता है।

# अमर कथा शिल्पी फणीश्वरनाथ रेणु की जयंती पर रेणु के समाधि स्थल पर किया गया माल्यार्पण और पुष्प अर्पण




फारबिसगंज : फणीश्वरनाथ रेणु की जयंती उनके गांव सहित आसपास के क्षेत्रों धूमधाम से मनाई गई।इस अवसर पर रेणु जी के पैतृक घर पर उनके परिजनों द्वारा श्रद्धांजलि सभा का अयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक पदम पराग राय वेणु,दक्षिणेश्वर प्रसाद राय, ममता राय, फंटू राय, अनुराग राय सहित अन्य ग्रामीणों ने रेणु के तैल्यचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। वही जयंती समारोह के मौके पर सिमराहा एवं उमवि हिंगना औराही में स्थापित रेणु जी के आदमकद प्रतिमा पर जिला प्रशासन की ओर से फारबिसगंज एसडीपीओ शुभांक मिश्रा, अपर एसडीओ रंजीत कुमार, डीसीएलआर अंकिता सिंह,बीडीओ राज किशोर प्रसाद शर्मा, सिमराहा थानाध्यक्ष कुमार विकास, एसआई अनिल मिश्र आदि ग्रामीणों ने माल्यार्पण किया। इसके बाद पदाधिकारी रेणु जी के पैतृक आवास पर गए जहां स्वजनों द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में भाग लिया तथा रेणु जी के समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की। मौके पर पूर्व विधायक पदम पराग राय वेणु,दक्षिणेश्वर प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद थे। वही उमावि हिंगना में भी शिक्षकों एवं छात्रों ने रेणु जी के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

# विरासत बचाओ नमन यात्रा के दौरान छातापुर में उपेंद्र कुशवाहा के हुआ गर्म जोशी से स्वागत

**ब्यूरो/दैनिक सुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल**



जिले के छातापुर प्रखंड अंतर्गत राष्ट्रीय लोक जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा विरासत बचाओ नमन यात्रा के दौरान सुपौल भ्रमण पर शनिवार को निकले। जिस दौरान छातापुर प्रखण्ड मुख्यालय स्थित चुन्नी मोड़ कुशवाहा टोला के समीप समाजसेवी पप्पू मेहता की अध्यक्षता में सैकड़ो कार्यकर्ता ने राष्ट्रीय लोक जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा का फूल माला पहना कर भव्य रूप से गर्म जोशी से अभिनंदन व स्वागत किया। स्वागत करने वालों में बेचन मेहता, रामटहल भगत, शिवनारायण मेहता, दिलीप मेहता, रविन्द्र मेहता मेहता, सोना राज, ललन मेहता, गोपाल मेहता अजय मेहता, जयप्रकाश मेहता रमेश मेहता, बमभोली मेहता, मुन्ना सिंह, दीपक बक्शी, अर्जुन साह, नीलाम्बर मेहता समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे। इस मौके कार्यकताओं ने बैजनाथ मेहता के प्रति लोगो ने आस्था प्रकट किए।मौके पर समाजसेवी पप्पू मेहता ने कहा की विरासत बचाओ नमन यात्रा पर निकले उपेन्द्र कुशवाहा को लोगो का अपार समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कुशवाहा का जो कारवा निकला है, निश्चित रूप से आने वाले चुनाव में ये महागठबंधन की सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगा। इस मौके पर युवाओं में खासा उत्साह देखा गया। वही स्वागत के दौरान ही कम शब्दों में अपनी बातों को रखते हुए राष्ट्रीय लोक जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कुशवाहा ने नीतीश कुमार के शासन कार्यकाल पर जमकर भड़ास निकाला।

# पूर्व उप मुख्यमंत्री के पिता के श्राद्धकर्म में पहुंचे मुख्यमंत्री



कटिहार। बिहार विधानसभा में लोक लेखा समिति के सभापति, पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं सदर विधायक तार किशोर प्रसाद के पिता स्वर्गीय गंगा प्रसाद के श्राद्धकर्म में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कटिहार पहुंचे' उन्होंने स्वर्गीय प्रसाद के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी व आत्मा की चिर शांति हेतू ईश्वर से प्रार्थना किया' तत्पश्चात मुख्यमंत्री ने पूर्व उपमुख्यमंत्री तार किशोर प्रसाद के परिजनों के साथ साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रमुख कार्यकताओं से भी मुलाकात की' उन्होंने कटिहार के अपने पूर्व के दौरे पर पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद के आवास पर आगमन तथा गंगा बाबू से हुई मुलाकात और उनके परस्पर बातचीत को स्मरण कर परिजनों के साथ साझा किया' मुख्यमंत्री श्री प्रसाद के साथ वित्त, वाणिज्य कर मंत्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन मंत्री संजय झा, अपर मुख्य सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, पूर्णिया सांसद संतोष कुशवाहा कटिहार सांसद दुलाल चंद्र गोस्वामी विधान पार्षद देवेश चंद्र ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री निखिल कुमार चौधरी, पूर्व मंत्री राणा रणधीर सिंह, विधान पार्षद अशोक कुमार अग्रवाल, विधायक कविता पासवान एवं विजय सिंह ,पूर्व विधायक नीरज यादव, पूर्व राज्यसभा सांसद नरेश यादव, विधान पार्षद निवेदिता सिंह, कटिहार भाजपा जिला अध्यक्ष लक्खी प्रसाद महतो, जदयू जिलाध्यक्ष शमीम इकबाल, कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रेम राय ,राजद जिला अध्यक्ष मोहम्मद गनी, भाजपा नेता वीरेंद्र यादव, बबन कुमार झा, राजकुमार गुप्ता, शिव प्रकाश गाड़ोदिया, सुनील कुमार सुमन सहित बड़ी संख्या में सभी राजनीतिक दलों के एवं सामाजिक कार्यकर्ताओ ने भी इस अवसर पर स्वर्गीय गंगा प्रसाद के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया'

# पुलिस द्वारा शराब कारोबारी के घर छापामारी कर किया शराब बरामद

**सरोज कुमार/दैनिक सुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल**



जिले में किसनपुर थाना पुलिस ने शुक्रवार को थाना क्षेत्र के थरविट्टा गांव मे एक शराब कारोबारी के घर छापेमारी कर 3 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया है। इस बाबत थानाध्यक्ष महबूब आलम ने बताया कि गुप्त सूचना मिला कि शिवपुरी पंचायत के वार्ड- 14 निवासी बैजू कुमार अपने घर शराब रखकर क्रय-विक्रय करता है। तत्पश्चात गश्ती मे शामिल एएसआई जितेंद्र कुमार को भेजकर छापेमारी करवाया गया। इस दौरान जब पुलिस बैजू के घर गया तो पुलिस वाहन देखते ही कुछ लोग बैजू के दरवाजे से भाग गया। छापेमारी के क्रम मे बैजू के दरवाजे पर रखा पुआल का ढेर से अंग्रेजी शराब का 750 एमएल के रोयल जेनरल कंपनी के तीन बोतल शराब बरामद किया गया।जिसमे शराब अधिनियम 2016 के तहत कांड संख्या 48/ 2023 दर्ज कर शराब कारोबारी के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी किया जा रहा है।

# शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में होली एवं शब-ए-बारात मनाने को लेकर शान्ति समिति की हुई बैठक

**अभिषेक आनन्द /दैनिक सुभ भास्कर, वीरपुर, सुपौल।**



जिले में वीरपुर अनुमंडल के रतनपुर थाना परिसर में शनिवार को हिन्दू धर्म के होली पर्व एवं मुस्लिम धर्म के शब-ए-बारात पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। इस दौरान बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अन्य लोगो ने शांति वातावरण एवं भाईचारा तरीके से पर्व के लिए कई सुझाव दिया। वही थानाध्यक्ष रश्मि शर्मा ने चिन्हित स्थानों पर पुलिस बल तैनाती की बात कही। आवश्यकतानुसार विभिन्न जगहों को भी चिन्हित कर सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने की बात कही। वही बताया कि डीजे बजाने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगी। पुलिस पदाधिकारियों ने इसके लिए आमलोगों से सहयोग करने की अपील की। हुड़दंग फैलाने वाले लोगो को सूचना पुलिस को देने की लोगो से अपील की। जनप्रतिनिधियों एवं अन्य लोगो ने कहा कि शराब का सेवन करने वालों व शराब का धंधा करने वालों के विरुद्ध सख्त किया जाना चाहिए। विशेष रूप से हुड़दंगियों, बाइक रेसर पर नकेल कसने के लिए थानाध्यक्ष से अपील की। थानाध्यक्ष रश्मि शर्मा ने बताया कि कोई भी शराब का सेवन या धंधा करते पकड़ा गया तो जेल भेज दिया जाएगा। होली के दिन प्रशासन द्वारा शांति व्यवस्था बनाने के लिए पूर्ण व्यवस्था की गई है। किसी प्रकार की कहीं कोई अप्रिय एवं गलत घटना या अपराध ना हो इसकी उचित व्यवस्था की गई है। शान्ति व्यवस्था को कायम करने में आमजनों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य अर्चना मेहता, भगवानपुर मुखिया देवेंद्र दास, रतनपुर सरपंच कृष्णदेव गोइत, सातनपट्टी सरपंच दिनेश राम, तेज नारायण मेहता, मृत्युंजय सिंह,अनमोल ईसर, रोहित कुमार, बैद्यनाथ ठाकुर, सुशील मेहता, हरिशंकर दास, राज कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# जिला टास्क फोर्स का की गई बैठक आयोजित

**जुबेर अंसारी/दैनिक सुभ भास्कर, सुपौल**



जिले में श्री कौशल कुमार, जिलाधिकारी, सुपौल की अध्यक्षता में जिला कृषि टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गयी। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि :- (1) अप्रैल 2022 से 03 मार्च 2023 तक विभिन्न उर्वरक कम्पनी द्वारा कुल डी०ए०पी० 24394.900 मे0टन, एम0ओ०पी० 5901.400 मे0टन, एन०पी०के० 19631.550 मे0टन यूरिया 55007.595 मे0टन प्राप्त हुआ है। (2) जिला कृषि पदाधिकारी सुपौल द्वारा बताया गया कि जिला अन्तर्गत वर्तमान में उर्वरक की स्थिति सामान्य है। वर्तमान में किसानों के द्वारा रबी फसल हेतु यूरिया की आवश्यकता न के बराबर है। (3) जिला कृषि पदाधिकारी, सुपौल द्वारा बताया गया कि सुपौल जिला अन्तर्गत बसंतपुर छातापुर प्रतापगंज एवं त्रिवेणीगंज प्रखण्ड अन्तर्गत मक्का फसल अधिक मात्रा में लगाया जाता है। उक्त प्रखण्डों में आवश्यकता के आधार पर उर्वरक की आपूर्ति की जाती है। (4) जिला कृषि पदाधिकारी, सुपौल द्वारा बताया गया कि वर्तमान में गरमा मौसम अन्तर्गत मूंग एवं जूट बीज वितरण कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसमें 2200.64 क्विंटल लक्ष्य के विरुद्ध 1511.20 क्विंटल बीज प्राप्त हुआ है तथा 589.61 क्विंटल बीज वितरण किया गया है। (5) जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत कुल 264169 लाभार्थी में 19108 लाभार्थी का ए-ङ उ कराया जाना लंबित है। जिले में कुल 35650 लाभार्थी का खाता NPCI Seeded नहीं है एवं 893 लाभार्थियों का Adhar Mismmtch है। सभी कृषि समन्वयक / सभी किसान सलाहकार को निदेश दिया गया कि शेष बचे लाभार्थी का E-KYC, NPCI Seeded EUÔ Adhar Mismatch कार्य कराना सुनिश्चित करेंगे। (6) सहायक निदेशक उद्यान, सुपौल को निदेश दिया गया कि विभागीय लक्ष्य के अनुरूप ससमय शत-प्रतिशत उपलब्धि करना सुनिश्चित करेंगे। (7) जिला पशुपालन पदाधिकारी, सुपौल द्वारा बताया गया कि सुपौल जिलान्तर्गत 31 पशु अस्पताल है, जिसमें 1 (एक) में डॉक्टर नहीं है। विभागीय योजना का उपलब्धि लक्ष्य अनुरूप शत प्रशित कर लिया गया है। (8) जिला मत्स्य पदाधिकारी, सुपौल द्वारा बताया गया कि विभागीय योजना का लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि किया जा रहा है वित्तीय प्रभार नहीं होने के कारण वित्तीय उपलब्धि नहीं हो पा रहा है। जिला पदाधिकारी, सुपौल द्वारा निदेश दिया गया है कि जीविका से सम्पर्क स्थापित कर जीविका द्वारा मत्स्य पालन किये जाने में आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे। (9) जिला गव्य विकास पदाधिकारी, सुपौल द्वारा बताया गया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में लक्ष्य कम प्राप्त हुआ है। लक्ष्य के अनुरूप आवेदन प्राप्त हो चुका है। स्वीकृति एवं भुगतान की कार्रवाई की जा रही है। (10) सहायक कार्यपालक अभियंता, विद्युत द्वारा बताया गया कि वर्तमान में Agriculture Feeder वाले किसानों को कनेक्शन दिया जा रहा है। (11) जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, सुपौल द्वारा बताया गया कि अप्रैल के प्रथम सप्ताह में फसल कटनी होने की संभावना है। (12) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई द्वारा बताया गया कि सुपौल जिला अन्तर्गत 61 नलकूप है, जिसमें 25 चालू अवस्था में तथा 35 बंद है। बंद पड़े नलकूप को चालू कराये जाने के दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। जिला पदाधिकारी, सुपौल द्वारा निदेश दिया गया कि बंद पड़े नलकूप को अविलम्ब चालू कराना सुनिशचित करेंगे।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के आलोक में शक्ति सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**ब्यूरो/दैनिक सुभ भास्कर, सुपौल**



जिले में समाहरणालय स्थित लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान द्वितीय चरण अन्तर्गत आज दिनांक 04.03.2023 को "अन्तरारष्ट्रीय महिला दिवस" के आलोक में विभागीय आदेशानुसार शक्ति सम्मान समारोह 2023" का आयोजन जिला जल एवं स्वच्छता समिति, सुपौल के द्वारा किया गया।

समारोह में श्री कौशल कुमार, जिला पदाधिकारी महोदय, सुपौल को श्री मुकेश कुमार, उप विकास आयुक्त महोदय, सुपौल के द्वारा बुके देकर स्वागत एवं दोनों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया गया । जिला सलाहकार (CB&IEC) द्वारा आज के "महिला शक्ति सम्मान समारोह 2023" के महत्व से अवगत कराया गया। साथ ही ODF Plus मॉडल गाँव के निर्माण व स्वच्छता संबंधी अन्य फिल्म का प्रदर्शन कर जागरूक किया गया। तत्पश्चात जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा आज के महत्ता व लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के द्वितीय चरण के उपलब्धियों व चुनौतियों से अवगत कराते हुए निर्धारित समय सीमा में मॉडल जिला बनाने हेतु टीम का उत्साहवर्द्धन किया गया। वैसे पंचायत जहाँ डोर-टू-डोर कचड़ा प्रबंधन का कार्य प्रारंभ कर लिया गया है।

वहाँ उपयोगिता शुल्क लिये जाने के महत्व को बतलाया एवं जनप्रतिनिधियों को उपयोगिता शुल्क लिये जाने हेतु प्रेरित किया। जिला के कुल 103 ग्राम पंचायतों में WPU का निर्माण पूर्ण एवं प्रक्रियाधीन स्थिति में है, उसे पूर्ण करने तथा जिला के शेष 71 ग्राम पंचायतों में भी उपयुक्त जमींन चिन्हित कर WPU का निर्माण कार्य प्रारंभ करने का निदेश दिया गया। राज्य स्तर पर सुपौल जिला को प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए धन्यवाद दिया तथा वर्त्तमान रैंक को बरकरार रखने के लिए और कड़ी मेहनत करने हेतु निदेशित किया। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान-द्वितीय चरण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाली महिला स्वच्छता चैम्पियन" को जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा पुरस्कृत किया गया, जिसमें बसंतपुर प्रखण्ड के ग्राम पंचायत परमानन्दपुर के मुखिया श्रीमति चन्द्रकला देवी, पिपरा प्रखण्ड के ग्राम पंचायत दीनापट्टी के मुखिया श्रीमति आदिति रिश्वती और ग्राम पंचायत महेशपुर के मुखिया श्रीमति सविता जायसवाल, सुपौल प्रखण्ड के ग्राम पंचायत मल्हनी के मुखिया सुश्री नूतन कुमारी और श्रीमति ज्योति गामी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सुपौल एवं जिला समन्वयक, LSBA, सुपौल को पुरस्कृत किया गया। उप विकास आयुक्त महोदय द्वारा टीम को ग्राम पंचायतों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन से अवगत कराया गया। WPU को कार्यरत रखने हेतु स्वच्छता पर्यवेक्षक को निदेशित किया। ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित बन रहे Assets को कार्यरत बनाये रखने हेतु अवगत कराया गया एवं निर्मित नाडेप में कम्पोस्ट निर्माण करने हेतु उप विकास आयुक्त द्वारा बतलाया गया ODF Plus गाँव के निर्माण हेतु सभी अवयवों को विस्तार पूर्वक जिला समन्वयक के द्वारा बतालाई गई। आज के इस समारोह में चयनित कुल 80 ग्राम पंचायतों के मुखियागण, प्रखंड समन्वयक एवं स्वच्छता पर्यवेक्षक भी मौजूद थे।

# केडीसीए बी डिवीजन के 18वें लीग के रोमांचक मैच में मझिया युथ क्लब 2 विकेट से हासिल की जीत

**संसू, ठाकुरगंज (किशनगंज)।** शनिवार को किशनगंज जिला क्रिकेट संघ (केडीसीए) के तत्वाधान में नगर स्थित ठाकुरगंज क्लब मैदान में चल रहे बी डिवीजन लीग सत्र 2022-23 का 18वां मैचे मझिया युथ क्लब बनाम किंग स्टार कगिजिया बस्ती किशनगंज के बीच मुकाबला हुआ जिसमें मझिया युथ क्लब ने अंतिम ओवर में 2 विकेट से किंग स्टार कगिजिया बस्ती किशनगंज को पराजित कर अपना पहला मैच जीतते हुए दो अंक प्राप्त किया। सर्वप्रथम मझिया युथ क्लब किशनगंज के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए किंग स्टार कगिजिया बस्ती किशनगंज 17.5 ओवर में 135 रन बना कर ऑल आउट हो गई। किंग स्टार कगिजिया बस्ती किशनगंज की ओर से सर्वाधिक मो अरबाज ने 16 गेंदों पर 22 रन, मो कैफ 20 , मो सैफ 19 एवं मो तफसीर ने 15 रनों की पारी खेली। वहीं की ओर मझिया युथ क्लब किशनगंज से नंदू मंडल ने 3, इरशाद आलम एवं मिस्टर मिन्हाज ने 2- 2 तथा कोनेन आलम व सब्बे आलम ने 1-1 विकेट झटके। वहीं 136 रन के लक्ष्य का पीछा करने के लिए उतरी मझिया युथ क्लब ने 19.3 ओवर में 8 विकेट खोकर 138 रन बनाकर मुकाबले को 2 विकेट से जीत दर्ज कर ली। मझिया युथ क्लब किशनगंज की ओर से अदनान जिगर ने सर्वाधिक 33 रन, राजू मंडल 25 एवं अशरफ जहांगीर ने नाबाद 15 रनों की पारी खेली। किंग स्टार कगिजिया बस्ती किशनगंज की ओर से मो हसनेन ने 4 एवं आदिल, मो सैफ व मो अरबाज ने 1- 1 विकेट झटके। वहीं मझिया युथ क्लब किशनगंज के हरफनमौला खिलाड़ी राजू मंडल की 25 रनों की पारी खेलने एवं गेंदबाजी में 3 विकेट लेने पर उन्हें मैन ऑफ द मैच अवार्ड से नवाजा गया। मैच में अंपायर अनिल साह एवं वैभव चौधरी, कमेंटेटर की भूमिका में अंकित सिंहा व आशीष आचार्य तथा स्कोरर के रुप में सुमित गुप्ता ने अपनी भूमिका निभाई। वहीं केडीसीए बी डिविजन लीग सत्र के 18वें मैच को सफल आयोजन करने में ठाकुरगंज क्लब के सचिव बीरबल महतो, उपाध्यक्ष बाबुल दे, संयुक्त सचिव अयन चौधरी, बिट्टू सिंह, विशाल राय, विक्रम यादव, आशीष आचार्य, मुन्ना शर्मा, गोल मंडल, शुभम सिल आदि सहित ठाकुरगंज क्लब के अन्य सदस्यों ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

# जिले में हुआ पत्रकार सम्मेलन



**ब्यूरो/दैनिक सुभ भास्कर, सुपौल**

जिले के नगर परिषद अंतर्गत महावीर चौक अवस्थित पब्लिक लाइब्रेरी में पत्रकारों द्वारा होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रामविलास कामत साथ राघवेंद्र झा राघव नगर परिषद अध्यक्ष, विनय कुमार सिंह, विजय पासवान, अमित कुमार, ने अपना - अपना वक्तव्य दिया जो की होली मिलन समारोह आपस में भाईचारा का संदेश देती है इस अवसर पर बहुत सारे पत्रकार होली मिलन कर खूब मस्ती किया । वही दरभंगा की गायिका नंदनी कुमारी ने अपनी मैथिली गीत पर सभी का मन मोह लिया । वही इस समारोह के आयोजक मुख्य रूप से पीयूष कुमार ,कुणाल कुमार, बबलू मंडल, ने पत्रकारों द्वारा सभी अतिथि एवं वरिष्ठ पत्रकार को चादर, पाग,एवं माला देकर सम्मानित किया ।इस अवसर पर सुभाष झा अमरेश कुमार, संजय सिंह, मोहम्मद नजीर आलम ,शिव संकर जी, रीना कुमारी साथ प्रखंड से आए हुए बहुत सारे पत्रकार गण उपस्थित थे ।

# बिक्रमशिला महोत्सव को तीन दिन कराने की मांग

**दैनिक शुभ भास्कर/भागलपुर निबराज आलम**



कहलगांव के विक्रमशिला महावीर के पास 18 एंव 19 मार्च को प्रस्तावित विक्रमशिला महोत्सव के लिए अनुमंडल स्तर पर अनुमंडल पदाधिकारी मधुकांत की अध्यक्षता में तैयारी को लेकर जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग के साथ बैठक हुई बैठक में महोत्सव को तीन दिन कराए जाने की मांग उठी सदस्यो द्वारा बताया गया कि पूर्व में पर्यटन एवं कला संस्कृत विभाग द्वारा दो दिन का होता है तीसरा दिन एनटीपीसी के सौजन्य से होता है जिसमें कलाकार समेत पूरा खर्च वहन एनटीपीसी करता है नियंत्रण कार्ड में तीन दिनों के कार्यक्रम की छपाई होती है तीनों दिन राष्ट्रीय स्तर के एक एक कलाकार रहते हैं महोत्सव में लगाए जाने वाले तोरण द्वार पर विक्रमशिला महोत्सव के आचार्यों के नाम अंकित हो विक्रमशिला महोत्सव के संचालक के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया जिसमें विधि व्यवस्था स्वागत आवास महान स्थानीय कलाकार चयन समिति यानी संस्कृत कमेटी आदि का भी चयन किया गया स्थानीय कलाकार के चयन के लिए प्रचार प्रसार करने का भी चर्चा हुई विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाए जाने की भी चर्चा की गई महोत्सव के दौरान आयोजित गीत संगीत एवं चित्रकला प्रतियोगिता में विक्रमशिला एवं बौद्ध धर्म के आधारित थीम पर कराए जाने का निर्णय लिया गया बैठक मे बीडीयो रवि कूमार सिंहा, सिओ राम अवतार यादव एंव जनप्रतिनिधि उपस्थित थे

# शराब पीकर आपस में हुए विवाद पर 25 वर्षीय युवक तेजाब पीकर आत्महत्या करने की कोशिश



**सरोज कुमार/दैनिक सुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल**

जिले में किसनपुर थाना क्षेत्र के शिवपुरी पंचायत के वार्ड नंबर 5 मे शनिवार को शराब पीकर आपस मे हुए विवाद मे एक 25 वर्षीय युवक ने तेजाब पीकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जानकारी अनुसार नरही गांव निवासी 25 वर्षीय संदीप कुमार उर्फ कैला और उनके चचेरे भाई दशरथ स्वर्णकार के बीच शनिवार कि सुबह शराब के नशे मे विवाद हो गया विवाद इतना बढ गया कि संदीप कुमार ने आक्रोशित होकर घर मे रखा तेजाब पी लिया।जिसमे संदीप का तबीयत बिगड्ने लगा तो आसपास के ग्रामीण व परिजन के द्वारा आनन-फानन मे उपचार के लिए पीएचसी लाया गया। जहां पीएचसी मे तैनात चिकित्सक ने संदीप के गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल सुपौल रेफर कर दिया।इस बाबत थानाध्यक्ष महबूब आलम ने बताया कि घटना का जानकारी प्राप्त नही हुआ है।जानकारी प्राप्त होते ही जांच कर अग्रेतर कार्रवाई किया जाएगा।

## पीरपैंती : चौखन्डी में BJP कामगार कर्मचारी संघ का होली समारोह



**दैनिक शुभ भास्कर/भागलपुर निबराज आलम**

भारतीय जनता पार्टी के श्रमिक कामगार कर्मचारी महा संघ के भागलपुर जिला अध्यक्ष अमित कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह के नेवतृत में पीरपैंती प्रखंड क्षेत्र के परशुरामपुर पंचायत अन्तर्गत चौखन्डी अपने आवास कार्यालय पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया यह समारोह में क्षेत्र के कई गन्यमान पहुंच कर एक दूसरे को अबीर लगा कर खुशी बांटा वहीं 6 सदस्ये टीम ने फगुवा गाए। इस मौके पर बाखरपुर पश्चिमी पंचायत के सरपंच दशरथ मंडल , गोविंदपुर पंचायत के सरपंच मुन्ना सिंह, बाखरपुर पूर्वी पंचायत के पूर्व मुखिया रंजन सिंह, संजय सिंह, संजय मंडल , मनोज सिंह , चुनचुन सिंह, महादेव सिंह, मिलन सिंह , भाजपा के पूर्व पीरपैंती प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना सिंह , पवन महतो , भाजपा किसान मोर्चा के ज़िला उपाध्यक्ष अशोक सिंह , सरपंच राजेश गुप्ता, पंचायत समिति प्रतिनिधि पिंटू सिंह मनोज मिश्रा सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहें

## विश्व प्रसिद्ध साहित्यकार फणीश्वरनाथ रेणु की जयंती के मौके पर रेणु महोत्सव मनाया गया

फारबिसगंज : अररिया जिला प्रशासन की अगुवाई में शनिवार को विश्व प्रसिद्ध साहित्यकार फणीश्वरनाथ रेणु की जयंती के मौके पर रेणु महोत्सव मनाया गया।मुख्य कार्यक्रम का आयोजन अररिया हाई स्कूल के प्रांगण में किया गया। जहां डीएम इनायत खान,एसपी अशोक कुमार सिंह,जिला परिषद अध्यक्ष आफताब अजीम,नगर परिषद के चेयरमैन विजय मिश्रा आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की।इसी पहले डीएम एसपी समेत वरीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने नगर थाना के समाने रेणु कुंज उद्यान में लगे उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पण किया।जबकि रेणुजी के समाधि स्थल औराही हिंगना में पुष्प अर्पित किये जाने एवं सिमराहा चौक एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय औराही




हिंगना में स्थित रेणु जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किये जाने का कार्यक्रम फारबिसगंज अपर एसडीओ रणजीत कुमार की अगुवाई में हुआ। रेणु महोत्सव के तहत रेणु जी पर आधारित निबंध पेंटिंग और भाषण प्रतियोगिता जिला के सभी विद्यालयों में प्रारंभ किया गया।इस प्रतियोगिता में अंतिम रूप से चयनित प्रतिभागियों को बिहार दिवस के मौके पर पुरस्कृत किया जायेगा। रेणु महोत्सव पर मुख्य कार्यक्रम हाई स्कूल परिसर में दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुई।लोक गायक अमर आनंद एवं टीम द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती के साथ साहित्यिक परिचर्चा एवं कवि सम्मेलन में जिले के साहित्यकारों और कवियों ने भाग लिया।

## नशा मुक्त भारत अभियान के तहत ली अकादमी के बच्चों के बीच जनसंवाद

फारबिसगंज : नशा मुक्त भारत अभियान के तहत फारबिसगंज के प्लस टू स्तरीय ली अकादमी स्कूल के सभागार में राज्य समन्वय समिति सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, नई दिल्ली एवं जागरण कल्याण भारती के संयुक्त तत्वावधान में बच्चों के बीच नशा मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम के तहत जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य तेज बहादुर सिंह ने किया एवं कार्यक्रम का संचालन जागरण कल्याण भारती के अध्यक्ष संजय कुमार ने किया। मौके पर दिल्ली से आये प्रशिक्षक हबीब रेहान,सुशील कुमार शर्मा एवं बिहार राज्य प्रशिक्षक मनोज कुमार सिंह ने बच्चों एवं शिक्षकों को नशा से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी। जनसंवाद कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लेते हुए अपनी जिज्ञासा के अनुरूप सवाल जबाब भी किया।क्रार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित राष्ट्रपति से सम्मानित स्वतंत्रता सेनानी भृगुनाथ शर्मा को विघालय परिवार के तरफ से सम्मानित किया गया।वहीं स्वतंत्रता सेनानी भृगुणाथ शर्मा के हाथों बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक मो. मुस्ताक आलम ,राजेंद्र कुमार रजक, घनश्याम कुमार साह,नीलु कुमारी कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।सभी उपस्थित बच्चों को नशा मुक्त भारत और अररिया जिला बनाने के लिए शपथ दिलाई गई।

## माहेश्वरी महिला मंडल ने होली को लेकर बच्चों के बीच बांटी सामग्री

फारबिसगंज : होली रंगों की रंगीनियत के साथ उत्साह और उमंग का पर्व है.होली में सामाजिक मतभेदों को भुलाकर लोग एक दूसरे के बीच खुशियों को बांटने का काम करते हैं.इसी कड़ी में फारबिसगंज महिला मंडल की ओर से चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल के बच्चों और आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच होली का पर्व मनाया.माहेश्वरी मंडल के सदस्यों ने बच्चों के बीच रंग,गुलाल और अबीर के साथ बिस्किट,टॉफी और मिठाईयों का वितरण किया. जिससे छोटे छोटे बच्चे काफी खुश हुए. मौके पर माहेश्वरी मंडल के सदस्यों में संगीता बाहेती,लक्ष्मी राठी,मंजू मुंदड़ा, मंजू लड्ढा, निर्मल सारंडा, शशि सारंडा,लक्ष्मी सोनी,गायत्री सोनी,किरण लखोटिया, रेखा लखोटिया आदि मौजूद थी. मौके पर माहेश्वरी महिला मंडल की संगीता बाहेती ने बताया कि किसी पर्व त्यौहार को सार्थकता तभी है,जब



समाज का हरेक वर्ग उसमे सम्मिलित हो.यही कारण है कि माहेश्वरी महिला मंडल की ओर से दीपावली,होली सहित अन्य पर्व के मौसम में स्लम बस्ती में रहने वालों के साथ साथ निचले तबके और बच्चों के बीच खुशियां बाटे जाने का प्रयास किया जाता है.

## द्विजदेनी स्मारक उच्च विद्यालय मैदान में तीन दिवसीय अमृत महोत्सव फोटो प्रदर्शनी का एमपी ने किया शुभारंभ

फारबिसगंज : सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, पटना तथा दरभंगा की ओर से शनिवार को फारबिसगंज के द्विजदेनी स्मारक उच्च विद्यालय मैदान में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अररिया सांसद प्रदीप कुमार सिंह,फारबिसगंज विधायक विद्यासागर केशरी,नगर परिषद की चेयरमैन वीणा देवी,केंद्रीय संचार ब्यूरो, पटना के कार्यालय प्रमुख सह क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी मनीष कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।आजादी का अमृत महोत्सव के तहत इस कार्यक्रम में बघुआ ग्राम के निवासी राष्ट्रपति से



सम्मानित 104 वर्षीय स्वतंत्रता सेनानी भृगुनाथ शर्मा को सम्मानित किया गया। फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य आमजनों को फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से आजादी के पूरे इतिहास को क्रमबद्ध तरीके से जानकारी देना है। इस प्रदर्शनी में फोटो पैनल के जरिए भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान स्वतंत्रता सेनानियों एवं बिहार के नायकों के योगदान को दशार्या गया। फोटो प्रदर्शनी में विशेष रूप से बिहार के स्वतंत्रता सेनानियों के दुर्लभ चित्र व गाथा प्रस्तुत की गई। फोटो प्रदर्शनी में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 8 साल विषय पर भी फोटो प्रदर्शनी लगाई गई।फोटो के माध्यम से बीते 8 वर्षों में केंद्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों एवं कार्यक्रमों के बारे में आमजनों को जानकारियां दी गई। मौके पर अररिया सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व मानस पटल पर नित्य नया अध्याय लिख रहा है। केंद्र सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं सहित भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों को लेकर लगाई गई फोटो प्रदर्शनी हमें सरकार की मजबूत इच्छाशक्ति और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अमर गाथा को याद दिलाता है। उन्होंने फोटो प्रदर्शनी की तारीफ की। वहीं फारबिसगंज विधायक विद्यासागर केसरी उर्फ मंचन केसरी ने दुर्लभ फोटो की लगाई गई प्रदर्शनी को युवाओं खासकर नई पीढ़ी के विद्यार्थियों को नई जानकारी दिए जाने वाला करार दिया।

## दो ट्रक में टक्कर में लगी आग, कड़ी मशक्कत के बाद दो फायर बिग्रेड को गाड़ी ने पाया आग पर काबू

फारबिसगंज : फारबिसगंज-अररिया मुख्य सड़क मार्ग फोरलेन सड़क पर फारबिसगंज कॉलेज चौक से आगे बरार ढावा के समीप शराब लदी ट्रक और जूट के बोरे से लदी ट्रक के आपस में टकराने से दोनों ट्रक धू-धू कर जल गया।दोनों ट्रक टकराने के बाद जोरदार विस्फोटक आवाज हुआ।जिसके बाद जोरदार आवाज सुनकर स्थानीय लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े।जब तक लोग घटनास्थल पर पहुंचते तब तक दोनों ही ट्रक आग के चपेट में आ चुका था।घटना सुबह छह बजे की बताई जाती है।मौके पर पहुंचे लोगों ने घटना को जानकारी दी,जिसके बाद फारबिसगंज थाना पुलिस के साथ फायर बिग्रेड को गाड़ी मौके पर पहुंची।आग पर काबू पाने के लिए फायर बिग्रेड की दो गाड़ियों को लगाया गया।जिसके बाद स्थानीय लोगों के मदद से कड़ी मशक्कत बाद आग पर काबू पाया गया।शराब लदी





ट्रक राजस्थान से असम गुवाहाटी की ओर जा रही थी, जबकि जुट के बोरे से लदा दूसरा ट्रक मुजफ्फरपुर से अररिया के सिकटी की ओर जा रही थी।ट्रक के बीच में टक्कर और आगजनी के बाद घटना को लेकर फोरलेन सड़क पर आवागमन ठप हो गया और गुजर रहे लोगों के बीच अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया। दोनो फायर ब्रिगेड की गाड़ी आग पर काबू पाने में घंटों लगी रही।मौके पर फारबिसगंज थाना पुलिस भी आग पर काबू पाने में सक्रिय भूमिका का निर्वहन किया। पुलिस का कहना है कि ट्रक पर लदी शराब की वैद्यता जांच का विषय है। घटना को लेकर स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि सवेरे छह बजे बरार ढावा से शराब लदी ट्रक को लेकर फोरलेन सड़क पर जैसे ही आया, पीछे से तेज गति से आ रही ट्रक अनियंत्रित होकर शराब लदी ट्रक के डीजल टैंक से जा टकराई, जिसके बाद ही ट्रक में आग लग गई।शराब लदी ट्रक के बरार ढाबा में रात में पार्किंग किए जाने की बात कही जा रही है।पुलिस शराब को लेकर जांच शुरू कर दी है और घटनास्थल पर चौकीदार की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है।

## श्री लक्ष्मी नारायण मारवाड़ी ठाकुरबाड़ी में एक दिवसीय फाल्गुन उत्सव का भव्य आयोजन

फारबिसगंज : श्री श्याम सेवा समिति द्वारा स्थानीय श्री लक्ष्मी नारायण मारवाड़ी ठाकुरबाड़ी में एक दिवसीय फाल्गुन उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर अहले सुबह श्याम प्रेमी भक्तों ने शहर में सुल्तान पोखर स्थित वीर हनुमान ठाकुरबाड़ी से भव्य निशान यात्रा निकाली। निशान यात्रा शहर के विभिन्न सड़क मार्गो से होते हुए मारवाड़ी ठाकुरबाड़ी में आकर समाप्त हुई।

गाजे बाजे के साथ निकली निशान शोभायात्रा में शामिल भक्तो द्वारा खाटू नरेश के जयकारों यथा हारे का सहारा श्री श्याम हमारा ,खाटू नरेश की जय जैसे गगनभेदी जयघोष से माहौल पूरी तरह से भक्तिमय हो गया। निशान शोभा यात्रा के उपरांत मंदिर परिसर में अखंड ज्योति व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर यूपी के देवरिया श्याम शर्मा एंड ग्रुप एवं गोरखपुर की मोनिका शर्मा की जोड़ी ने एक से बढ़कर एक भजनों की



प्रस्तुति कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। गायकों द्वारा प्रस्तुत भजन हमें तो खाटू जाना जी चाहे बुलावा आये या न आये पर भक्त जमकर झूमे। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर के महंत व पुजारी पंडित अभिषेक दुबे की अगुवाई में मुख्य यजमान केदार अग्रवाल एवं जयकुमार अग्रवाल ने संयुक्त रूप से अखंड ज्योति व दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में भक्तो ने जमकर फूलों के साथ साथ अबीर गुलाल से होली खेली। इस मौके पर राज कुमार अग्रवाल, पवन अग्रवाल,पवन शर्मा, भीम अग्रवाल, पवन भूपाल, नप की मुख्य पार्षद वीणा देवी,सुलोचना अग्रवाल,एकता गोयल, कोमल गोयल,शिबू अग्रवाल, अजय अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, योगेश भूपाल, निशांत गोयल ,आलोक अग्रवाल, विजय गोयल, हरीश गोयल, मुकेश गोयल,श्याम माहेश्वरी,पप्पू लड्ढा,मनोहर शर्मा, राजेश अग्रवाल,कमल मित्तल,प्रमोद सिखवाल, विक्रम अग्रवाल, दीपू फोगला सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं पुरूष व बच्चे भजनों की बरसात में फाल्गुन उत्सव मनाते रहे।

## फणीश्वर नाथ रेणु की जयंती समारोह पूर्वक मनाया

**भरगामा/अररिया-** भरगामा प्रखंड स्थित रेणु साहित्य मंच परिसर में प्रख्यात कथाशिल्पी एवं स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानी फणीश्वर नाथ रेणु की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। जयंती में रेणु के तैल्य चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें शिद्दत से याद किया गया। समारोह की अध्यक्षता अजय अकेला ने की। मौके पर पूर्व जिला पार्षद सत्य नारायण यादव ने रेणु के बहुआयामी व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रेणु जी ने अपनी कालजयी रचनाओं से न सिर्फ अपने देश में ,बल्कि विदेशों में भी भारत का नाम रोशन किया समाजसेवी गयानंद सिंह ने कहा कि रेणु ने प्रेमचंद की परंपरा को आगे बढ़ा कर ग्रामीण जन-जीवन को उजागर किया ।नागेश्वर



कमल ने कहा- रेणु जी समाजवादी विचारधारा के योद्धा, और समतामूलक समाज की संरचना में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिए थे। अपने अध्यक्षीय संबोधन में अजय अकेला ने बताया कि रेणु क्रांतिधर्मा लेखक थे ।उन्होंने अपने देश को आजाद कराने के पश्चात 1950 में पड़ोसी देश नेपाल में राणा शाही के खिलाफ प्रजातंत्र की स्थापना की लड़ाई को नया आयाम दिए,और सन- 74 जेपी आंदोलन में जेपी पर दमनात्मक पुलिस कार्यवाही के खिलाफ उन्होंने पद्मश्री समेत आजीवन मिलने वाला वजीफा भी त्याग दिया था। समारोह में संत भुवनेश्वर दास, राजेंद्र मंडल, शशिकांत मिश्र,सदानंद दास, वासुदेव ठाकुर, योगानंद दास, पृथ्वी चंद्र मंडल, ललन पासवान, रामचंद्र मेहता, सदानंद मेहता के अलावे भवेश ठाकुर ,सुमन ठाकुर समेत प्रधानाचार्य विद्यानंद यादव और रेणु सेंटर के छात्र एवं छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## उपेंद्र कुशवाहा ने महागठबंधन की सरकार और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर एक बार फिर जोरदार हमला बोला

फारबिसगंज : समाजवादियों की विरासत बचाने के उद्देश्य से विरासत बचाओ नमन यात्रा पर निकले राष्ट्रीय लोक जनता दल के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने महागठबंधन की सरकार और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर एक बार फिर जोरदार हमला बोला है। यात्रा पर निकले कुशवाहा ने महान आंचलिक साहित्यकार फणीश्वर नाथ रेणु की धरती हिंगना औराही पहुंचे।

जहां उन्होंने रेणु की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकताओं तथा लोगों की भीड़ जुटी रही। सभा को संबोधित करते हुए उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि नीतीश ने जेडीयू को आरजेडी के पास गिरवी रख दिया है और अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार को भी गिरवी रखना चाह रहे हैं। उन्होंने नीतीश कुमार के द्वारा बिहार को गिरवी होने से बचाने तथा बिहार की




अस्मिता की रक्षा के लिए जेडीयू से अलग होने की बात कही। कुशवाहा ने नीतीश कुमार की वर्तमान कार्यशैली पर निशाना साधते हुए उसके प्रधानमंत्री बनने का मौका अपने हाथों से खो दिए जाने की बात कही। बतादे कि नई पार्टी राष्ट्रीय लोक जनता दल के गठन के बाद पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा प्रथम चरण में विरासत बचाओ नमन यात्रा के तहत बिहार के विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे हैं। शुक्रवार की देर रात करीब दस बजे रेणु गांव हिंगना औराही पहुंचे कुशवाहा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जमकर आलोचना कर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जिस जेडीयू को नीतीश राष्ट्रीय पार्टी बनाना चाह रहे थे वह धीरे धीरे इसका सुफड़ा साफ हो रहा है। नतीजा है कि जेडीयू के सर्वमान्य नेता मुख्यमंत्री के खिलाफ बोलने से बाज नहीं आ रहे हैं। उन्होंने बिहार की बदलती राजनीतिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह उसी पार्टी के साथ गठबंधन करेंगे जो बिहार को बचाने तथा राज्य के आवाम की मान सम्मान की बात करेगा। कुशवाहा ने अपने सम्बोधन में कहा कि बिहार में फिर से 2005 वाली परिस्थिति लाने की कवायद तेज हो रही है। जहां शाम होने से पहले लोग घर से निकलने में अपने को अ सुरक्षित महसूस करते थे। उन्होंने सीधे तौर पर वर्तमान राज्य सरकार पर अपराध की बढ़ती घटनाओं के कारण लोगों का जीना मुहाल होने का आरोप लगाते हुए सामाजिक विरासत की रक्षा करने का हवाला देते हुए आम लोगों से अपील किया। कहा कि नीतीश कुमार पुनः बिहार को उसी पटल पर लाने तथा सूबे में जंगलराज कायम करना चाह रहे हैं। उपजे हालिया राजनीतिक पृष्ठभूमि के मद्देनजर कुशवाहा ने राज्य की राजनीति में हस्तक्षेप की आवश्यकता जताई। रालोजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुशवाहा ने बिहार के युवाओं से महागठबंधन की सरकार द्वारा दस लाख नौकरियां देने का छलावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने बेरोजगारी दूर करने के लिए कृषि और कृषिजनित उद्योगों को बढ़ावा देने के साथ साथ सिर्फ नौकरियां देने मात्र से राज्य में कतई बेरोजगारी दूर नहीं होने की बात है। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के अलावा, कार्यक्रम के जिला संयोजक रमेश मेहता, यात्रा के बिहार प्रभारी हिमांशु पटेल, नंदकुमार सिंह, माधव आनंद, सुभाष चंद्रवंशी, देवेन्द्र मिश्रा, बैजनाथ मेहता, रंजीत सिंह, मन्नवर आलम, निरंजन कुशवाहा, अंगत कुशवाहा, विभाष चंद्र मेहता, जितेंद्र कुमार, रिंकू सोनी, रेखा गुप्ता, रंधीर सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता मौजुद थे। खास बात कि सभा के उपरांत उपेन्द्र कुशवाहा सहित पार्टी के दर्जनों नेता रेणुजी के आवास पहुंचकर उनके पारिवारिक सदस्यों से एक शिष्टाचार मुलाकात कर कुशलक्षेम पूछा।

## होली मिलन समारोह का आयोजन प्रखंड कार्यालय परिसर में किया गया



**शुभ भास्कर रिपोर्ट प्रशांत कुमार**

पाकुड़/लिट्टीपाड़ा में होली मिलन समारोह का आयोजन शनिवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की ढेर सारी शुभकामना एवं बधाइयां दी। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार ने कहा कि होली का त्योहार आपसी प्रेम व भाईचारगी का संदेश देता है। इसलिए पूरी शालीनता और सौहार्दपूर्ण माहौल में होली का त्योहार मनाएं।इस अवसर पर अधिकारियों व कर्मचारियों ने मिठाइयों का भी आनंद लिया। साथ ही डीजे की धुन में होली की गीत में सभी लोग खूब झूमे. मौके पर बीपीओ मानिक दास, केसी दास, बंटी रजक, साइमन हेम्ब्रम, अजमत, प्रिंस, इकरामुल सहित अन्य उपस्थित थे।

## अमड़ापाड़ा थाना परिसर के सामने चलाया गया सघन वाहन जांच अभियान

**शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत**



पाकुड़ पुलिस अधीक्षक हरदीप पी. जनार्दन के निदेर्शानुसार सुरक्षा के दृष्टिकोण से अमड़ापाड़ा पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी गोपाल कृष्ण यादव की देखरेख में बुधवार को थाना परिसर के सामने वाहन जांच अभियान चलाया गया। पुलिस अधिकारी एसआई विजय कुमार, जलधर हेम्ब्रम एवं जवानों की मौजूदगी में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जाँच के दौरान चार पहिया वाहन एवं दो पहिया वाहन सवार लोगों के वाहनों की डिक्की, रजिस्ट्रेशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, धुआं परमिट, बैग एवं ब्रेथ एनालाइजर मशीन के माध्यम से शरीर में अल्कोहल की आकलन की भी जाँच की गई। थाना प्रभारी गोपाल कृष्ण यादव ने बताया कि क्षेत्र में असामाजिक तत्वों पर लगाम लगाने के उद्देश्य से वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है एवं वाहन चालकों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि बाइक चालक बिना हेलमेट के वाहन चलाते पकड़े गये तो उनके विरुद्ध कड़ी करवाई की जाएगी। वही कई वाहनों के कागजात नहीं पाये जाने के बाद सभी मोटरसाइकिल का रजिस्ट्रेशन संख्या लिखकर उन्हें फाइन किया गया। सभी लोगों से मोटरसाइकिल या कार चलाते वक्त सावधानी बरतने की अपील की।

## थाना प्रभारी ने सड़क सुरक्षा नियमों को लेकर छात्राओं को दी जानकारी

**शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत**



पाकुड़ पुलिस अधीक्षक एच.पी जनार्दन के निर्देश पर पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी गोपाल कृष्ण यादव के द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच सड़क सुरक्षा के नियम कानून को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। अमड़ापाड़ा थाना प्रभारी गोपाल कृष्ण यादव ने कन्या मध्य विद्यालय के छात्राओं को सड़क सुरक्षा की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन अनमोल है, हमारा दायित्व है कि हम स्वयं के साथ-साथ अपने परिजनों की भी रक्षा करें। उन्होंने विशेषकर कम उम्र के बच्चों को बिना लाइसेंस के गाड़ी चलाने पर कानूनन सजा के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। कहा हमारे देश में सड़क दुर्घटनाओं में कोरोना से भी अधिक व्यक्तियों की मौत हुई है। बिना लाइसेंस, हेलमेट और बिना सीट बेल्ट लगाकर गाड़ी ड्राइविंग करने वालों पर सख्त जुमार्ना लगाने की चेतावनी दी। वही उन्होंने यह भी बताया कि अब प्रतिदिन पुलिस चौक-चौराहों में गाड़ी के कागजातों के साथ-साथ लापरवाही से ड्राइविंग करने वालों पर कड़ी नजर रखेगी। साथ ही अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र के ग्रामीणों के बीच सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं अमड़ापाड़ा के ग्रामीणों से किसी भी घटना दुर्घटना में पुलिस का सहयोग करने के साथ-साथ ग्रामीणों के साथ बेहतर संबंध स्थापित करने के लिए आवश्यक बैठक कर विशेष जानकारी थाना प्रभारी गोपाल कृष्ण यादव ने दिया। मौके पर एसआई विजय कुमार, विद्यालय के शिक्षका सहित पुलिस दल मौजूद थे।

## पार्टी को गिरवी रखकर राजद के सामने खुद को आत्मसमर्पण किया नीतीश कुमार : उपेन्द्र कुशवाहा



फारबिसगंज : विरासत बचाओ नमन यात्रा के तहत पश्चिम चंपारण के भितिहरवा आश्रम से यात्रा पर निकले राष्ट्रीय लोक समता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत सरकार के पूर्व राज्य मंत्री उपेंद्र कुशवाहा अररिया के फारबिसगंज में आयोजित पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने पार्टी को गिरवी रख कर राजद के हाथों खुद को आत्मसमर्पण कर दिया है। उन्होंने कहा कि जब आधा राजद शासन में है, तब बिहार में फिर से लॉ एंड ऑर्डर का मंजर दिखने लगा है उन्होंने कहा कि कल जब नीतीश कुमार मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे तो उनके साथ रहने वाले लोगों का क्या हश्र होगा, वह झलक दिख रही है। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि पार्टी में रहते उन्होंने आईना दिखाने का काफी प्रयास किया, लेकिन जिन कारणों से उन्होंने पार्टी छोड़ी उन्हें कारणों को बताते हुए जदयू की नेत्री ने भी शुक्रवार को पार्टी छोड़ी है। उन्होंने कहा कि जदयू में दो चार लोग हैं जो अपनी उल्लू सीधा करने में लगे हुए हैं और अब जदयू का अस्तित्व लगभग समाप्त हो गया है। उन्होंने इसका मूल कारण नीतीश कुमार के बिहार को गलत रास्ते पर ले जाने का निर्णय बताया।इसी कारण से पार्टी की दुर्गति हो रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी विचारधारा से लैस जननायक कपूरी ठाकुर की जो विरासत थी। उस विरासत को बचाने के लिए ही 90 के दशक में लालू प्रसाद बिहार के मुख्यमंत्री बने थे,लेकिन लालू प्रसाद ने अपने ताकत का इस्तेमाल आम जनों के लिए नहीं बल्कि अपने परिवार के लिए किया। जिसकी दुर्गति वह भुगत रहे हैं। समाजवादी विचारों के कारण ही लालू प्रसाद के राजद शासनकाल के बाद लोगों ने नीतीश कुमार पर अपना भरोसा जताया।लेकिन राजनीति के अंतिम समय में नीतीश कुमार के निर्णय से लोग दहशत में हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार का पहले का कार्यकाल काफी अच्छा रहा, लेकिन अंतिम समय में लिए गए फैसले से जनता भयभीत और दहशत में है। अपने यात्रा के बारे में उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि चंपारण के भीतहरवा आश्रम से यात्रा की शुरूआत की गई थी और लगातार विरासत बचाओ नमन यात्रा का कारवां बढ़ रहा है।

उन्होंने यात्रा को आकर्षण और समर्पण के अपेक्षा ज्यादा मिलने की बात कहीं। इससे पहले विरासत बचाओ नमन यात्रा के तहत शुक्रवार की देर रात मधुबनी से अररिया पहुंचे उपेंद्र कुशवाहा कुशवाहा औराही हिंगना गांव जाकर विश्व प्रसिद्ध आंचलिक साहित्यकार फणीश्वर नाथ रेणु की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। देर रात ही उन्होंने उत्क्रमित मध्य विद्यालय औराही हिंगना में एक जनसभा को संबोधित करते हुए विरासत बचाओ नमन यात्रा की आवश्यकता को लेकर जानकारी दी।

## झामुमो प्रखंड कार्यालय महेशपुर में कार्यक्रताओं का बैठक संपन्न

**शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत**



पाकुड़/महेशपुर:- झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कार्यालय महेशपुर में शनिवार को प्रखंड अध्यक्ष अनारुद्दीन मियां के अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया । वही बैठक में उपस्थित सभी को जानकारी देते हुए सांसद प्रतिनिधि ने बताया की आगामी 6 मार्च एवं 7 मार्च को सांसद विजय हंसदा का क्षेत्र भ्रमण किया जाना है ताकि ग्रामीणों की समस्याओ से अवगत होंगे । इस मौके पर पर प्रखंड अध्यक्ष अनारुद्दीन मियां ने बताया की 6 मार्च सुबह 9 बजे महेशपुर पार्टी कार्यालय में झामुमो के समस्त कार्यकर्ताओ के समस्याओं से रूबरू होंगे जिसके बाद क्षेत्र भ्रमण शुरू होगा । मौके पर जिप सदस्य समसुन मुर्मू, उपाध्यक्ष रुहूल अमीन, बुदल यादव,जेम्स सुशील हेंब्रम,हालिम शेख, शेंटू शेख,कालिदास सोरेन,जोशिम शेख,फुल्टन शेख,बिनीता मरांडी,अनिता मुर्मू ,नाशिर शेख,अब्दुल मालेक समेत दर्जनों सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महेशपुर थाना में रंगो का होली को लेकर शांति समिति की हुआ बैठक

**शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत**



पाकुड़/महेशपुर में रंगो का होली को लेकर शनिवार शांति समिति का बैठक एसडीपीओ नवनीत हेम्ब्रम की अध्यक्षता में थाना परिसर में आयोजित किया गया। बैठक में थाना क्षेत्र के दर्जनों लोग उपस्थित रहे। बैठक में होली का त्यौहार शांतिपूर्वक आपसी सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। उपस्थित अधिकारियों ने कहा रंगों का पर्व होली में किसी भी प्रकार का हुड़दंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, शांतिपूर्वक तरीके से होली का पर्व मनाने की अपील किया। वही थाना प्रभारी ने मोटरसाइकिल चालकों से मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट का उपयोग करने का अपील किया। कहा वर्ष के दौरान थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में दर्जनों लोगों की मौत हो चुका है साइकिल चालक अगर हेलमेट का उपयोग करेंगे तो ऐसे सड़क दुर्घटनाओं से अपने को सुरक्षित रख सकते हैं साथ ही पुलिस द्वारा जांच के दौरान जुमार्ना से भी बच सकते हैं। मौके पर एसडीपीओ नवनीत हेम्ब्रम के अलावे सीओ रितेश जायसवाल, इंस्पेक्टर प्रभु सहाय एक्का, एसआई अभिषेक, एएसआई शिवानंद प्रसाद उपस्थित थे।

## इंसानियत फाउंडेशन चार युवाओं ने रक्तदान कर बचाई मरीजों की जान

**शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत**




पाकुड़ इंसानियत फाउंडेशन के सदस्यों लगातार असहाय जरूरतमंदो को अपना खून दान करते आ रहे है और समाज मे एक अलग पहचान बनाया है जिनका सिर्फ और सिर्फ मदद करना होता है` पाकुड़ मे ही बल्की बंगाल, बिहार, मे भी रक्त की कमी को इंसानियत फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा पुरा किया जाता है` सदर अस्पताल सोनाजोड़ी पाकुड़ मे भर्ती थैलीसीमिया पीड़ित आरील शेख उम्र 8 उसे ए पॉजिटिव, तमन्ना यास्मीन उम्र 6 वर्षी, पाली के बुजुर्ग मो. शेख उम्र 55 हीमोग्लोबिन कम उसे बी पॉजिटिव रक्त कि अति अवश्यकता रही है सभी परिवार के परिजनों ने इंसानियत फाउंडेशन मे मदद कि गुहार लगाई` सूचना के आधार पर अध्यक्ष बानिज और कोषाध्यक्ष फरजन दोनों ने रक्त वीरों से वातालार्प कर पाकुड़ रक्त अधिकोष ले जाने का पुरा व्यवस्था किया एवं बारी बारी से रक्तदान किया सनवर शेख बी वासिकुल सालाफी ए पॉजिटिव, सोएब शेख ओ पॉजिटिव डाइलेसिस पेसेंट एक खातून को,सेहबू शेख ए रक्तदान किया` इंसानियत फाउंडेशन के समूह संचालक सद्दाम हुसैन और उप सचिव आसादुल का कहना है की हमलोगो का जागरूकता प्रोग्राम असर धीरे धीरे दिख रहा है` मौके पर अध्यक्ष बानिज शेख, कोषाध्यक्ष फरजन शेख, तालीम शेख, कर्मचारी नवीन कुमार, पियूष मौजूद रहा है

## पाकुड़िया थाना परिसर में होली एवं शब-ए-बारात पर्व के उपलक्ष में शांति समिति की बैठक हुई संपन्न

**दैनिक शुभ भास्कर रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार**



पाकुड़/पाकुड़िया में रंगों का त्योहार होली एवं शब-ए-बारात पर्व को लेकर शनिवार को शांति समिति का बैठक अंचला अधिकारी किरण डांग एवं थाना प्रभारी अभिषेक राय की अध्यक्ष में थाना परिसर में आयोजित किया गया, आयोजित बैठक में थाना क्षेत्र के दर्जनों लोग उपस्थित थे। बैठक में होली का त्योहार शांतिपूर्ण व आपसी सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।थाना प्रभारी ने कहा रंगों का पर्व होली एवं शब-ए-बारात पर्व में किसी भी प्रकार का हुड़दंग को बर्दाश्त नही किया जाएगा। साथ ही शोशल मीडिया में आपसी भाईचारा बिगड़ने वाला पोस्ट करने वाले पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने सभी शांतिपूर्ण तरीके से होली एवं शब-ए-बारात का पर्व मनाने की अपील किया, साथ ही थाना प्रभारी ने मोटरसाइकिल चालको से मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट का उपयोग करने का अपील किए।कहा एक वर्ष के दौरान थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में कई लोगो की मौत हो चुका है, मोटरसाइकिल चालक अगर हेलमेट का उपयोग करेंगे तो ऐसे दुर्घनाओं से अपने को सुरक्षित रख सकेंगे साथ ही पुलिस द्वारा जांच के दौरान जुमार्ना से भी बच सकेंगे !मौके पर एसआई पुनीत कुमार गौतम, एएसआई मनदीप मेहता , गोविंद प्रसाद ,अशोक प्रसाद यादव, एएसआई सिपाही राम रजक, झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हादसा, अशोक भगत, सहित अन्य उपस्थित थे।

## 17 महिलाओं का निशुल्क बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया



**दैनिक शुभ भास्कर रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार**

पाकुड़/पाकुड़िया प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़िया में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत शनिवार को 17 महिलाओं का निःशुल्क बंध्याकरण का सफल ऑपरेशन सर्जन डॉ पंकज विराजी ने किया। आपरेशन के बाद महिलाओं को सभी जरूरी दवा एवं अन्य सामग्री दिया गया। मौके पर सभी लाभार्थियों को उनके खाते में दो हजार रुपये और उत्प्रेरकों को तीन तीन सौ रुपया करके हस्तांतरित किया गया । मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉ अभय कुमार यादव, डॉ गंगा शंकर शाह,` डॉ ए एच मंजर सहित ए एन एम बसंती टुडू ,धने देहरी,अनुपम रोनडा, मंजू लता हेमरोम, पिंकी शीला टुडू,बबीता कुमारी,ज्योत्स्ना मुर्मू, कल्पना कुमारी, शीला कुमारी, नित्या कुमार पाल सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे। चिकित्सक प्रभारी डॉ अभय कुमार यादव ने बताया कि यहां नियमित रूप से बंध्याकरण किया जाता है। जरूरतमंदों को इसका लाभ उठाने की अपील की है।

## रसलपूर ओ पी थाना परिसर में होली एवं शब-ए-बारात पर्व के उपलक्ष में शांति समिति की बैठक हुई संपन्न



**दैनिक शुभ भास्कर / भागलपुर निबराज आलम**

भागलपुर/रसलपूर ओ पी में रंगों का त्योहार होली एवं शब-ए-बारात पर्व को लेकर शनिवार को शांति समिति की बैठक हुई थाना प्रभारी कन्हैया कूमार की अध्यक्ष में थाना परिसर में आयोजित किया गया, आयोजित बैठक में थाना क्षेत्र के दर्जनों लोग उपस्थित थे। बैठक में होली का त्योहार शांतिपूर्ण व आपसी सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।थाना प्रभारी ने कहा रंगों का पर्व होली एवं शब-ए-बारात पर्व में किसी भी प्रकार का हुड़दंग को बर्दाश्त नही किया जाएगा। साथ ही शोशल मीडिया में आपसी भाईचारा बिगड़ने वाला पोस्ट करने वाले पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने सभी शांतिपूर्ण तरीके से होली एवं शब-ए-बारात का पर्व मनाने की अपील किया, मौके पर एसआई विजेंद्र पासवान, अखिलेश वर्मा, जे के तिवारी एंव जनप्रतिनिधि और गण्यमान्य लोग अन्य उपस्थित थे।

## विकास योजनाओं की गहन समीक्षा बैठक आयोजित की गई

**दैनिक शुभ भास्कर रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार**



पाकुड़/पाकुड़िया प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार भवन में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार की अध्यक्षता में विकास योजनाओं की गहन समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र में चल रहे विकास योजनाओं की पंचायतवार समीक्षा की गई। मौके पर बीडीओ श्री कुमार ने प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में अपूर्ण प्रधानमंत्री आवास की समीक्षा कर तत्काल रिपोर्ट कार्यालय को उपलब्ध करवाने का निर्देश दिया। वहीं उपस्थित सभी सचिवों से पंचायत अंतर्गत मनरेगा,15 वें वित्त आयोग से संबंधित प्रगति प्रतिवेदन जमा लिया गया। प्रखंड के अपूर्ण आंगनबाड़ी भवनों को दो सप्ताह के अंदर पूर्ण करने , मनरेगा कार्यों में महिला भागीदारी बढ़ाने ,अभिषरण के तहत शॉक पिट , नाडेफ , रेन वाटर हार्वेस्टिंग आदि अन्य योजनाओं का चयन कर क्रियान्वित करने दीदी बाड़ी योजनाओं में एमआर जेनरेट करने , सभी योजनाओं के तीनों चरणों का जीओ टेग करने का निर्देश दिया। मौके पर प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक सहित एवं सभी अभियंता उपस्थित थे।

## हिरणपुर थाना परिसर में शांति समिति का बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी उमेश कुमार स्वांसी के अध्यक्षता में आयोजित हुआ



**शुभ भास्कर रिर्पोट सुस्मित तिवारी**

पाकुड़/हिरणपुर में रंगों का त्योहार होली को लेकर शनिवार को हिरणपुर थाना परिसर में शांति समिति का बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी उमेश कुमार स्वांसी के अध्यक्षता में आयोजित हुआ. आयोजित बैठक में थाना क्षेत्र के दर्जनों लोग उपस्थित थे. बैठक में होली का त्योहार शांतिपूर्ण व आपसी सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया गया. थाना प्रभारी ने कहा रंगों का पर्व होली में किसी भी प्रकार का हुड़दंग को बर्दाश्त नही किया जाएगा. साथ ही शोशल मीडिया में आपसी भाईचारा बिगड़ने वाला पोस्ट करने वाले पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी. उन्होंने सभी को शांतिपूर्ण तरीके से होली का पर्व मनाने की अपील किया. साथ ही थाना प्रभारी ने मोटरसाइकिल चालको से मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट का उपयोग करने का अपील किया । मोटरसाइकिल चालक अगर हेलमेट का उपयोग करेंगे तो ऐसे दुर्घनाओं से अपने को सुरक्षित रख सकेंगे साथ ही पुलिस द्वारा जांच के दौरान जुमार्ना से भी बच सकेंगे. मौके पर अंचलाधिकारी मनोज कुमार, हिरणपुर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज, के अलावा स्थानीय लोगों में मोहनलाल भगत, मोहम्मद ताहिर, मोहम्मद जावेद, मनीष गुप्ता, विजय दे, लक्ष्मी नारायण साहा, सुकुमार सेन ,दीपक साहा, पिंटू भगत आदि उपस्थित थे।

# अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना के अंतर्गत हावड़ा मंडल रेल प्रबंधक मनीष जैन पाकुड़ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया

**शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत**

अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना के अंतर्गत पाकुड़ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण हावड़ा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक मनीष जैन ने शनिवार को पूरे लाव लश्कर के साथ किया। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री की महत्वकांक्षी योजना अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना के अंतर्गत हावड़ा मंडल के 15 रेलवे स्टेशन का चयन किया गया है जिसमें पाकुड़ रेलवे स्टेशन का भी नाम आया है,जिसके तहत शनिवार को मंडल रेल प्रबंधक मनीष जैन ने पाकुड़ रेलवे स्टेशन सहित रेलवे कॉलोनी के सर्वांगीण विकास के लिए निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में सारे शाखा के पदाधिकारी मौजूद थे,साथ ही स्टेशन प्रबंधक लखीराम हेम्ब्रम यातायात निरीक्षक ज्योतिर्मयी साहा ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन पाकुड़ शाखा के शाखा सचिव संजय कुमार



ओझा अध्यक्ष अखिलेश कुमार चौबे ईस्टर्न जोनल रेलवे पैसेंजर्स एसोसिएशन हावड़ा मंडल के अध्यक्ष हिसाबी राय सचिव राणा शुक्ला मौजूद थे ईस्टर्न जोनल रेलवे पैसेंजर्स एसोसिएशन से प्रधानमंत्री की महत्वकांक्षी योजना अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना के संबंध में मंडल रेल प्रबंधक से लगभग 20 मिनट तक वार्ता हुई जिसमें उन्होंने बताया कि हम सब सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देश के अनुसार पाकुड़ रेलवे स्टेशन की सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध हैं।आगे भी इस योजना के निमित्त पाकुड़ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण सर्वे टीम के द्वारा किया जाएगा। स्टेशनों के विकास के लिए होगी नई परिकल्पना भारतीय रेलवे ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाने की नीति तैयार की गई है।इस योजना में दूरगामी दृष्टिकोण के साथ स्टेशनों के विकास की नई परिकल्पना की गई है। इसके तहत नई सुविधाओं के साथ-साथ मौजूदा सुविधाओं को भी उन्नत किया जाएगा रेल मंत्रालय ने आने वाले वर्ष में 1000 से अधिक छोटे स्टेशनों के आधुनिकीकरण के लिए एक नई योजना विकसित की गई है। यह योजना रेल मंत्रालय के स्टेशन पुनर्विकास अभियान और अमृत भारत स्टेशन योजना का हिस्सा होगी। इस योजना का उद्देश्य रेलवे स्टेशनों की मास्टर प्लान तैयार करना और सुविधाओं को बढ़ाने के लिए चरणों में मास्टर प्लान का क्रियान्वयन करना है। योजनाओं और परिणामों को फुटफॉल और हितधारकों से इनपुट जैसे कारकों के आधार पर अनुमोदित किया जाएगा।

# शिक्षक परिवार द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित, डीडीसी एवं एसडीओ हुए शामिल

**शुभ भास्कर रिपोर्ट राजकुमार भगत**

पाकुड़ जिले के शिक्षकों द्वारा सदर प्रखंड के मध्य विद्यालय धनुषपूजा प्रांगण में शिक्षक परिवार की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि डीडीसी शाहिद अख्तर, अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पंडित, शिक्षक नेता विश्वनाथ पंडित, मिथिलेश कुमार सिन्हा, ललित मंडल समेत अन्य शिक्षकों ने जमकर अबीर-गुलाल उड़ाए। वहीं होली भजन मंडली ने एक से बढ़कर एक होली गीतों की प्रस्तुति कर डीडीसी, एसडीओ समेत सभी को झूमने पर विवश कर दिया। शिक्षकों द्वारा डीडीसी, एसडीओ को माला पहनाकर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। वहीं लजिज व्यंजनों का भी आनंद लिया। होली मिलन समारोह में उपस्थित शिक्षकों को



संबोधित करते हुए डीडीसी मो शाहिद ने कहा कि होली खुशियां बांटने और आपसी भाईचारे का पर्व है। सारे गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाने का पर्व है। शिक्षकों के बीच आकर काफी अच्छा लगता है। वहीं एसडीओ श्री पंडित ने कहा कि पाकुड़ के शिक्षकों ने एक नई परंपरा की शुरूआत पिछले साल से की है। उन्होंने कहा कि यह परंपरा आगे भी जारी रहे। जिले के सक्रिय शिक्षकों में से एक दिलीप कुमार राय ने अपने साथियों के सहयोग से अथक प्रयास कर इस होली मिलन कार्यक्रम को यादगार बनाने काम किया है। कार्यक्रम में शामिल होकर काफी खुशी मिली। वहीं होली की शुभकामनाएं दी। शिक्षक नेता विश्वनाथ पंडित ने कहा कि युवा शिक्षकों ने सराहनीय पहल किया है। सभी शिक्षकों को होली की शुभकामनाएं दी। मौके पर शिक्षक प्रदीप मालाकार, दिलीप कुमार राय, बद्री रविदास,मनोज वर्मा, मिथिलेश कुमार, मृण्मय राय, बिनोद सिंह, सत्यजीत दास, सुधीर सिंह, रंजय कुमार राय, कपूर महतो, बिजय नंदन त्रिवेदी, अनुप लाल साहा, पोखन महतो, शंभूशरण यादव, अविनाश पंडित, रियाजूद्दीन अंसारी, छोटीलाल यादव, निखिल मंडल, महेश यादव, नरेंद्र यादव, बिपेन्द्र कुमार, राजन भगत, मनोज मंडल, रोहित मंडल, प्रेमचंद महतो समेत अन्य शिक्षक मौजूद थे।

# अभाविप के आग्रह पर स्टेट बैंक के सहायक प्रबंधक ने 6 वर्षीय बच्चे के लिए किया रक्तदान

**शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पाकुड़ के आग्रह पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया बाजार शाखा के सहायक प्रबंधक बासुकीनाथ तिवारी ने सदर अस्पताल पाकुड़ में इलाजरत 6 वर्ष के थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चे रोहित लाल श्रीवास्तव के लिए रक्तदान कर सहयोग किया विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक बमभोला उपाध्याय ने बताया कि विद्यार्थी परिषद के पूर्व जिला संयोजक जवाहर कुमार सिंह के माध्यम से उन्हें रक्त की आवश्यकता की सूचना प्राप्त हुई ।परिषद के कार्यकताओं के संपर्क करने के बाद बासुकीनाथ ने रक्तदान करने की इच्छा जताई।रक्तदान करते हुए उन्होंने बताया कि विद्यार्थी जीवन में वह स्वयं पाकुड़ जिले की महेशपुर नगर इकाई के नगर मंत्री रहे हैं।विद्यार्थी जीवन से ही परिषद के सेवा सर्वोपरि प्रेरणा से परिषद के कार्यकर्ता समाज की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।उन्होंने बताया की उन्हें गर्व है उनका रक्त किसी के जीवन के संरक्षण के काम आया।उन्होंने अन्य युवाओं से भी रक्तदान हेतु अपील की जिला संयोजक बमभोला उपाध्याय ने बताया कि विद्यार्थी परिषद समाज के प्रत्येक सामाजिक कार्यों के लिए सजग रहती है एवं किसी भी परिस्थिति में रक्तदान करने के लिए विद्यार्थी परिषद का प्रत्येक कार्यकर्ता तत्पर रहता है।विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता प्रत्येक परिसर में छात्र हितों के साथ कार्य करते हुए समाज के लिए भी अपना सर्वश्रेष्ठ देने को प्रतिबद्ध है।मौके पर विश्वविद्यालय संयोजक राहुल मिश्रा ,जवाहर सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गुंजन तिवारी,पंचम कुमार उपस्थित रहे।

# 15वें वित्त आयोग की हुई समीक्षात्मक बैठक

**शुभ भास्कर रिपोर्ट राजकुमार भगत**



पाकुड जिला पंचायत राज पदाधिकारी महेश कुमार राम की अध्यक्षता में सभी प्रखंड के प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक, पंचायत राज स्वशाषन परिषद, सभी कनीय अभियंता एवं सभी लेखालिपिक सह कंप्यूटर ऑपरेटर,15 वें वित्त आयोग के साथ 15 वें वित्त आयोग की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई।ग्राम पंचायत विकास योजना 2023-24 एवं 15 वें वित्त से क्रियान्वित योजनाओं के ससमय एवं उचित क्रियान्वयन हेतु दिया गया दिशा निदेश।जिला पंचायत राज पदाधिकारी महेश राम द्वारा प्रखंड समन्वयक एवं प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को 15 वें वित्त मद से क्रियान्वित योजनाओं का नियमित निरीक्षण कर निरीक्षण प्रतिवेदन एवं मुखिया तथा पंचायत सचिव के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक करते हुए बैठक की कार्यवाही जिला भेजने का निदेश दिया गया। ग्राम पंचायत विकास योजना कार्यक्रम को निर्धारित करते हुए निर्धारित समय में ग्राम सभा का आयोजन कराते हुये योजनाओं का चयन कराते हुए ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड कराने का निदेश दिया गया।मासिक प्रगति प्रतिवेदन हर महीने के 5 वीं तारीख तक जमा करने का निदेश दिया गया।

# संगोष्ठी में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिए जाने पर चर्चा

**शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत**



पाकुड़ः शहर के सेठ हिरदुमल मेमोरियल पब्लिक स्कूल सिंधिपाड़ा में शनिवार को विद्यालय प्रबंधक की ओर से शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य रूप से विद्यालय के निर्देशक संजय कुमार सिंह मौजूद थे।उन्होंने संगोष्ठी में अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय का मुख्य उद्देश्य बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करना है। इसी उद्देश्य के साथ विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। बच्चें को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलें। इसके लिए विद्यालय के शिक्षक हमेशा काफी गंभीर रहते है।बच्चों को शिक्षा देने में किसी प्रकार का समझौता नही किया जाएगा। अभिभावक आपने बच्चों के कॉपी को हमेशा देखते रहे।अगर पढ़ाई में किसी प्रकार की गड़बड़ी मिलती है, तो विद्यालय के प्रार्चाय से संपर्क करें।समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभिभावक अपने बच्चें को नियमित रूप से स्कूल भेजे।आगामी परीक्षा में बच्चों का परिणाम बेहतर हो इसके लिए भी विधालय प्रबंधक काफी गंभीर है। मौके पर विद्यालय प्राभारी रंजीत चौबे, प्रधानाध्यापिका अदिति कुमारी चौबे सहित अन्य शिक्षक व अभिभावक मौजूद थे।

# माननीय उच्च न्यायालय में लंबित मामलों में ससमय सरकार का रखे पक्ष : उपयुक्त

**शुभ भास्कर रिपोर्ट राजकुमार भगत**



पाकुड़/शनिवार को उपायुक्त वरूण रंजन ने माननीय उच्च न्यायालय में लंबित मामलों की समीक्षा की, एवं प्रति शपथ पत्र दायर करने में तेजी लाने का निर्देश दिया। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में बताया गया कि न्यायालय में दायर लंबित रिट याचिका की प्रति प्राप्त कर जवाब तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। बैठक में महत्वपूर्ण पत्रों की समीक्षा की गई तथा जो मामले लंबित पाए गए उनको जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा जो निर्देश दिए जाते हैं उनके निष्पादन में त्वरित रूप से अनुपालन करें। बैठक में उप विकास आयुक्त मो० शाहिद अख्तर, अपर समाहर्ता मंजू रानी स्वांसी, अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पंडित, विशेष कार्य पदाधिकारी विकास कुमार त्रिवेदी, कार्यपालक दंडाधिकारी आशुतोष, जिला शिक्षा पदाधिकारी रजनी देवी, जिला शिक्षा अधीक्षक मुकुल राज समेत अन्य उपस्थित थे।

# उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने कोल प्रतिनिधियों के साथ की बैठक की

**शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत**



पाकुड़ उपायुक्त वरुण रंजन ने डब्लूबीपीडीसीएल के प्रतिनिधियों द्वारा हाट पोखरिया बाईपास, ड्राइवर्स आफ एक्जिस्टिंग कोल ट्रांसपोर्ट रोड, मौजा चिलगों का आर एंड आर, डब्लूबीपीडीसीएल टाउनशिप, सीएसआर मद से संबंधित समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त ने डब्लूबीपीडीसीएल कोल कम्पनी को जरूरी दिशा निर्देश दिया।इसके अलावा उपायुक्त ने जिला में स्थित कोल कंपनियों द्वारा किए जा रहे खनन कार्यों के सुचारू संचालन, परिवहन व्यवस्था, विधि व्यवस्था एवं अवैध खनन इत्यादि विषयों पर भी चर्चा की इस क्रम में उन्होंने जिला प्रशासन एवं कोल कम्पनियों द्वारा समन्वय बनाकर समस्याओं के समाधान करने के लिए कई निर्देश दिए। वहीं पुलिस अधीक्षक ने कोयला चोरी को रोकने के लिए कंपनियों को मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया।मौके पर अपर समाहर्ता श्रीमती मंजू रानी स्वांसी, अनुमंडल पदाधिकारी श्री हरिवंश पंडित, जिला खनन पदाधिकारी श्री प्रदीप कुमार साह, सभी कोल कम्पनियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# बजट संतुलित व अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाला है, सभी का रखा गया है ध्यान



**शुभ भास्कर रिपोर्ट राजकुमार भगत**

पाकुड़/ राज्य सरकार ने वित्त वर्ष 2022_232के लिए 1 लाख 16 हजार 418 करोड रुपए का बजट पेश किया है। वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव बजट में राज्य के हर वर्ग को ध्यान में रखने का दावा किया है ।साथ ही आम लोगों को बजट की प्रक्रिया में शामिल करने की चेष्टा की है ।बजट में अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का प्रयास किया गया है। शिक्षा स्वास्थ्य ग्रामीण विकास पर भी जोर दिया गया है। कुल मिलाकर बजट उत्साहवर्धक माना जा सकता है। इस संबंध में प्रखंड अध्यक्ष ने कहा है कि यह बजट एक संतुलित बजट है जिसमें किसान युवा छात्र सभी का ध्यान रखा गया है ।मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना की राशि में बढ़ोतरी करना सरकार के द्वारा गरीब मरीजों को के लिए एक अच्छी पहल है। जो वरदान साबित होगा ।उन्होंने कहा है कि बजट ऐसी संतुलित है की इस बजट कि कहीं कोई विरोध नहीं हो रहा है।

# शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए होली, गड़बड़ी की तो होगी सख्त कार्रवाई

**शुभ भास्कर रिपोर्ट राजकुमार भगत**

पाकुड़/होली महापर्व के मद्देनजर पाकुड़ जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट और सचेत व सतर्क है ।इस निमित्त पाकुड़ जिला पुलिस ने जिले के समस्त नागरिकों बुद्धिजीवियों से अपील की है कि होली एवं शब ए बरात पर्व के मद्दे नजर जिले में शांति बनाए रखें। किसी भी प्रकार से ऐसा कार्य न करें जिससे कि पुलिस को आप पर सख्ती करना पड़े। पाकुड़ जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट दिशा निर्देश जारी करते हुए कहा है कि सोशल मीडिया, हिस्टोग्राम, फेसबुक ,ट्विटर, व्हाट्सएप ग्रुप, यूट्यूब, आदि पर कोई भी ऐसा, फोटो, तस्वीर, वाक्य , कविता अश्लील शब्द या गाने आदि का प्रयोग ना करें ।जिससे कि किसी की धार्मिक भावना या व्यक्तिगत ठेस पहुंचे । कोई ऐसी बात ना करें जिससे कि कोई



धार्मिक भावना भड़के या भड़काने का तथ्य उजागर हो।चौक चौराहों पर अश्लील शब्द या अश्लील गाना बजाना जिससे कि समाज को ठेस पहुंचे ऐसा ना करें ।यदि इस तरह की किसी भी प्रकार की शिकवा शिकायत आती है या पुलिस के नजर में पढ़ती है तो उस व्यक्ति संगठन या संस्था के ऊपर विधि सम्मत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी । पाकुर पुलिस ने अगाह किया है कि किसी भी प्रकार की दुर्भावना से ग्रसित होकर कोई ऐसा कार्य न करें जो समाज के हित में ना हो ।पाकुड़ पुलिस चप्पे-चप्पे पर नजर रखी हुई है। जिला प्रशासन ने कहां है की होली, शबे ए बरात यह सभी पर्व आपसी भाईचारा का पर्व है । सभी सौहार्द्र पूर्ण वातावरण में आपस में मिलजुल कर भाईचारे के साथ पर्व त्यौहार को बनाएं एक दूसरे पर खुशियां बांटे ।एक दूसरों की खुशियां में उपस्थित हो। पूरी उत्साह और उमंग से पर्व मनाए शांति व्यवस्था कायम रखें जिला प्रशासन ने होली एवं शबे बरात की संपूर्ण जिले वासियों को बधाई दी है।

# जागरूकता से ही टी. वी. हटाया भगाया जा सकता है

**शुभ भास्कर रिपोर्ट राजकुमार भगत**

पाकुड़/ प्रधानमंत्री टी. वी. मुक्त अभियान के तहत 24 फरवरी से 24 मार्च तक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत शनीवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, अमड़ापाड़ा तथा,कुश्चीरा पाकुड़ मे जिला यक्ष्मा विभाग पाकुड़ एवं पिरामल स्वास्थ के संयुक्त प्रयास से विद्यालय के बच्चों एवं शिक्षको के बिच टी. वी. को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दोरान पिरामल स्वास्थ्य अधिकारी मनोज महतो ने टी. वी. विमारी के लक्ष्ण,जाँच, लिए एवं उपचार की जनकारी दी। उन्होंने बताया की टी. वी. बीमारी। माइक्रोबेकटेरियम ट्यूबर क्लोसिस बेक्टेरिया से होता है जो मुख्यतः फेफड़े को संक्रमित करती है यह मानव शरीर के अन्य हिस्सों पर भी हो सकती है। टी. वी. विमारी को आपसी सहभागिता से ही समाज से समाप्त की जा सकती है. साथ ही सभी सामु. स्वा. केंद्र के साथ साथ सदर




अस्पताल मे टी. वी. के इलाज हेतू सभी सुविधाये उपलब्ध है। सरकार द्वारा सभी टी. वी. मरीजों को 500 रुपए 6 माह तक पोस्टिक आहार के सेवन हेतु दी जाती है। साथ ही उन्होंने बताया की दो सप्ताह से या उससे अधिक दिनों से खाँसी आने , वजन कम होने, बुखार आना, रात मे सोने समय अत्यधिक पसीना आना, अत्यधिक थकान होने पर नजदीकी स्वास्थ केंद्र जाकर बलगम की जाँच जरूर कराना जरुरी है। इस जागरूकता कार्यक्रम मे जिला यक्ष्मा केंद्र पाकुड़ के सभी अधिकारी पिरामल स्वास्थ के मनोज महतो, अर्जुन दास सी एच ए आई संस्था से मोहम्मद बशीम एसटीएस के कालेश्वर सोरेन मौजूद थे।

## अवैध लकड़ी से लदे जब्त वाहन के चालक व मालिक पर प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक शुभ भास्कर शेखर कुमार क्राइम रिपोर्टर**

देवघर। नगर थाना प्रभारी ने बाजला चौक के समीप जब्त लकड़ी से भरा पियाजो ऑटो के मालिक व चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की हैं। यह प्राथमिकी थाना के एएसआई हैदर अली के बयान पर दर्ज की गई हैं। जिक्र हैं कि अवैध बालू का चेकिंग करने के लिए गए हुए थे कि सूचना मिली कि लकड़ी से लदा हुआ एक ऑटो आ रहा हैं। सूचना पर चेकिंग शुरू किया और चेकिंग के क्रम मे एक पियाजो टेम्पू जो लकड़ी से भरा हुआ था, उसे रुकने का इशारा किया गया तो चालक वाहन लेकर भागने लगा। पुलिस के द्वारा पीछा करने पर चालक कुछ दूर जाकर ऑटो से उतर कर भाग खड़ा हुआ। तब अवैध लकड़ी लदे वाहन को जब्त कर थाना लाया गया और लिखित प्रतिवेदन तैयार कर मामले मे प्राथमिकी दर्ज की गई। नगर पुलिस मामले की छान बीन मे जुट गई हैं।

## लूटपाट करते दो गिरफ्तार, एक फरार

**दैनिक शुभ भास्कर शेखर कुमार क्राइम रिपोर्टर**

देवघर। नगर थाना की पुलिस ने सड़क पर हथियार का भय दिखाकर लूट पाट करते दो युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक का नाम सुरेंद्र धपरा क्लब ग्राउंड व सत्यम कुमार राय झोसागढ़ी हैं। इस मामले मे नगर थाना के एसआई करुणा सिंह के लिखित प्रतिवेदन के आधार पर मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। दर्ज प्राथमिकी में श्री सिंह ने जिक्र किया है कि वें शुक्रवार की शाम को भ्रमण शील थे तभी उन्हें गुप्त सूचना मिली कि कुछ आपराधी किस्म के युवक हथियार का भय दिखाकर राहगीरों से लूटपाट कर रहे हैं। सूचना पर श्री सिंह ने वरीय पदाधिकारी को इस बाबत सूचित करते हुए सूचना का सत्यापन करने के लिए जैसे ही क्लब ग्राउंड के पास पहुंचे तो पुलिस का जीप देखते ही सभी भागने लगे। भाग रहे युवकों में से दो को पुलिस बल की सहायता से खडेड़ कर पकड़ने मे सफल मिली। पकड़े गए युवकों से पूछ ताछ करने पर अपना नाम सुरेंद्र धपरा और सत्यम कुमार राय बताया और भागने मे सफल रहे व्यक्ति का नाम सिकंदर धपरा बताया। तलाशी लेने पर एक के पॉकेट से चाकू तथा दूसरे के पॉकेट से लूटा हुआ पैसा बरामद किया गया। तटपश्चयात पुलिस दोनों को हिरासत मे लेकर थाना ले आई तथा मामले की लिखित शिकायत दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया गया। शेष अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापे मारी शुरू कर दि गई हैं।

## होली पर्व को लेकर उत्पाद विभाग की छापेमारी जारी



**दैनिक शुभ भास्कर शेखर कुमार क्राइम रिपोर्टर**

देवघर। होली पर्व के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक सुभाष चन्द्र जाट के आदेशानुसार एवं उत्पाद अधीक्षक संजय कुमार श्रीवास्तव के निदेर्शानुसार उत्पाद बल, सशस्त्र गृहरक्षकों के सहयोग से नगर थाना अंतर्गत सालोनाटाँड, सिंघवा, कॉलेज मोड़ जटाही, कालीबाड़ी में उत्पाद विभाग के द्वारा व्यापक छापामारी चलाया गया। जिसमें कुल करीब 78 लीटर अवैध चुलाई शराब एवं 380 किलोग्राम जावा महुआ बरामद किया गया। इस अभियान में उत्पाद अवर निरीक्षक कांग्रेश कुमार, सहायक अवर निरीक्षक रामदेव पासवान, अवधेश कुमार, उत्पाद सिपाही राहुल कुमार एवं सशस्त्र गृहरक्षक के जवान शामिल थे। इस छापामारी अभियान में कालेश्वर चौधरी, अज्जू महथा, माडु चौधरी, लक्ष्मण महथा, यशोदा देवी एवं अन्य के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की धारा 47(ए ) के तहत फरार का अभियोग दर्ज कराया गया।

## साइबर पुलिस जामताड़ा के कामयाबी के फेहरिस्त में चार नाम और शामिल



**दैनिक शुभ भास्कर मनीष बरणवाल जामताड़ा**

पुलिस अधीक्षक जामताड़ा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर साइबर थाना जामताड़ा के द्वारा करमाटाड़ थाना अंतर्गत ग्वाला पाड़ा में छापेमारी कर साइबर क्राइम करते रंगे हाथ चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से चार मोबाइल, विभिन्न कम्पनियों के 10 सिम और एक बाइक जब्त किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों में से दो दिवाकर महतो और मोहन कुमार यादव करमाटाड़ थाना अंतर्गत ग्वाला पाड़ा बदरुडिह का निवासी है। साइबर पुलिस के गिरफ्त में आए कोशर अंसारी करमाटाड़ बस्ती और साजिद अंसारी काशीटाड़ पुलिस थाना अंतर्गत सनरवा का रहने वाला है। इन सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को कानूनी कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है।

## आज मां चंचला पूजन उत्सव का होगा आयोजन

**दैनिक शुभ भास्कर मनीष बरणवाल जामताड़ा**

मां चंचला वार्षिक महोत्सव समिति के द्वारा रविवार 5 मार्च को मां चंचला मंदिर परिसर में मां चंचला पूजन उत्सव का आयोजन किया गया हैं।रविवार प्रातः7 बजे से मां चंचला मंदिर में पूजा अर्चना की शुभारंभ होगा जो प्रातः11.30 तक चलेगा।इस एकदिवसीय पूजन उत्सव के दौरान मां चंचला की पूजन अर्चना आरती उपरांत मंदिर परिसर स्थित शिव मंदिर में बाबा भोले की रुद्राभिषेक किया जाएगा,उसके उपरांत 11 ब्रह्मणो द्वारा मंदिर परिसर में महा मृत्युंजयजाप किया जाएगा।पूजनोत्सव उपरांत ब्रह्मण भोजन एवं महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। मशहूर कलाकारों द्वारा संध्या भक्ति जागरण कार्यक्रम के अंतर्गत बंगला पाला कीर्तन का आयोजन होगा।मां चंचला वार्षिक महोत्सव समिति के द्वारा जानकारी दी गई की हाल ही के दिनों में मां चंचला वार्षिक महोत्सव समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र मंडल पर एक साजिश के तहत जानलेवा हमला करने की कोशिश की गई।लेकिन मां चंचला की कृपा से भक्तों और आम जनमानस के द्वारा अपराधियों को पकड़ कर कानून के हवाले कर दिया। इन्हीं सब को देखते हुए,मां की महता की गुणगान हेतु एकदिवसीय पूजन उत्सव का आयोजन किया गया।मां चंचला वार्षिक महोत्सव समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र मंडल ने कहा की मां चंचला की धरती जामताड़ा में मां चंचला मंदिर में एकदिवसीय भव्य पूजन उत्सव का आयोजन किया जा रहा हैं।मां चंचला की महिमा अपरम्पार हैं, जो सभी लोगों और जामताड़ा वासियों पर जीवन ,समृद्धि,विकास और किसी आपातकाल से निपटने के लिए हम सब को शक्ति प्रदान करती हैं। आप सभी जामताड़ावासी इस भव्य एकदिवसीय पूजन उत्सव में सदर आमंत्रित हैं।मौके पर मुख्य रूप से मां चंचला वार्षिक महोत्सव समिति के सदसय उपस्थित रहे।

## जानलेवा हमला मामले मे प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक शुभ भास्कर शेखर कुमार क्राइम रिपोर्टर**

देवघर। सर्किट हॉउस के समिप हुए जानलेवा हमला मामले मे प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। यह प्राथमिकी देवीपुर थाना क्षेत्र के रहनेवाले शिव राम सिंह ने तीन नामजद सहित 3-4 अज्ञात के खिलाफ दर्ज कराया हैं जिसमें जिक्र हैं कि वें कोर्ट कार्य से देवघर आ रहे थे कि पहले से ही घात लगाकर बैठे पंचानंद सिंह, आनंदी सिंह व मनीष नामक व्यक्ति के द्वारा अपने तीन चार अज्ञात साथियों के साथ मिलकर उसके ऊपर जान लेवा हमला कर दिया गया। जिससे उसका दाँत टूट गया और सर गंभीर रूप से चोटिल हो गया। जब विरोध किया तो उसके हाथ मे पहने सोने का अंगूठी भी छीन लिया। जिसका कीमत करीब 6 हजार रुपए होगा। राहगीरों को इकठ्ठा होता देख सभी भाग खड़े हुए।तब स्थानियों लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहाँ चिकित्सकों के द्वारा उसका इलाज किया गया। पुलिस मामले की प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## नव पदस्थापित बीडीओ आकांक्षा कुमारी ने प्रथम दिन ही क्षेत्र के समस्याओं से हुई अवगत, दिये कई निर्देश

**दैनिक शुभ भास्कर सुष्मिता कुमारी नाला (जामताड़ा)**



नाला प्रखंड कार्यालय कक्ष में नव पदस्थापित बीडीओ आकांक्षा कुमारी से मुखिया संघ ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर मुखिया संघ के द्वारा बुके देकर नव पदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी आकांक्षा कुमारी को हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया गया। मौके पर बीडीओ आकांक्षा कुमारी ने सभी मुखिया से बारी-बारी से परिचय लिया और उनके द्वारा किए गए कार्यों से अवगत हुई। इस दौरान बीडीओ आकांक्षा कुमारी ने सर्वप्रथम पुस्तकालय की रखरखाव तथा प्रगति को लेकर जानकारी प्राप्त की वहीं 15 वे वित्त आयोग तथा पंचायत स्तर पर संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने खासकर पुस्तकालय के उद्देश्य को लेकर चर्चा की। उन्होंने शिक्षा का केंद्र पुस्तकालय के रखरखाव एवं प्रगति को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बीडीओ ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि बारी-बारी से पंचायतों का दौरा करें। इस दौरान पंचायत में विभिन्न समस्याओं से अवगत हुए वहीं मुखिया संघ के द्वारा पेयजल सहित विभिन्न समस्याओं के बारे में भी जानकारी दी गई। इसके अलावे आंगनबाड़ी का अवलोकन करने का भी निर्देश दिया । मौके पर पर नाला पंचायत के मुखिया अजीत मुर्मू, सालुका पंचायत के मुखिया नेफालाल मरांडी, खैरा पंचायत के मुखिया लखीलाल मरांडी, फुटबेड़िया पंचायत के मुखिया महेश्वर हांसदा, मड़ालो पंचायत के मुखिया हिरामुनी मुर्मू, बंदरडीहा पंचायत के मुखिया सोनामुखी सोरेन, बड़ारामपुर पंचायत के मुखिया दिलीप टुडू, कास्ता पंचायत के मुखिया मिनिसर मुर्मू, पैकबड़ पंचायत के आरती हेम्ब्रम, महेशमुंडा पंचायत के मुखिया भारती मुर्मू, कुलडंगाल पंचायत के मुखिया सोनहरी हेम्ब्रम, पकुड़िया पंचायत के मुखिया कमला मोहली , कनीय अभियंता कुंदन कुमार सहित अन्य मुखिया मौजूद थे।

## झारखंड सरकार ने बजट में किसानों सहित सभी वर्गों का रखा ध्यान- अशोक महतो

**दैनिक शुभ भास्कर मोहन मंडल कुंडहित(जामताड़ा)**



झारखंड सरकार द्वारा विधान सभा बजट सत्र में पेश किया गया बजट किसानों, माध्यम वर्गों के लिए , छात्रों, सरकारी कर्मी सभी का ध्यान रखा गया है। ये बजट कुल मिलाकर कल्याणकारी बजट है। ये बातें झामुमो के फतेहपुर प्रखंड अध्यक्ष अशोक महतो ने कही। उन्होंने सरकार को कल्याणकारी बजट के लिए बधाई दी। कहा कि बजट में सभी के लिए कुछ न कुछ ध्यान दिया गया है। किसानों के लिए सिचांई सुविधा से लेकर ऋण माफी तक ध्यान दिया गया है। सौर ऊर्जा से भी सिचाईं की सुविधा के लिए बजट में राशि दी गई है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी के बच्चों के लिए जो स्कूल पूर्व शिक्षा दी जाती है, केंद्र में बैठने के लिए कुर्सी की व्यवस्था, पोशाक की व्यवस्था, बच्चों के कुपोषण दूर करने की व्यवस्था सहित केंद्र की सेविका, सहायिका के मासिक मानदेय बृद्धि की गई है। सेविकाओं को अब सरकार स्मार्ट फोन भी देगी, जो बहुत ही उपयोगी चीज दी जा रही है। छात्रों के उच्च शिक्षा हेतु शिक्षा अवधि तक प्रोत्साहन राशि 25 सौ रुपये की दर से दी जाएगी, जो गरीब घर के छात्रों के लिए बरदान साबित होगा। अशोक महतो ने कहा कि राज्य के लोगों को बिजली सौ यूनिट तक मुफ्त दी जा रही है। उसके लिए भी राशि मुहैया कराई गई है। सरकार ने विधवा पुनर्विवाह के लिए प्रोत्साहन राशि देने की एक महत्वपूर्ण घोषणा की है।

## एफएलएन 3.0 प्रशिक्षण के तीसरे बैच का हुआ समापन



**दैनिक शुभ भास्कर मोहन मंडल कुंडहित(जामताड़ा)**

झारखंड शिक्षा परियोजना के तहत कुंडहित बीआरसी में तीसरे बैच का एफ एल एन- 3.0 प्रशिक्षण शनिवार को सम्पन्न हुआ ।इस दौरान बीईईओ रामसुंदर भगत ने उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को जानकारी देते हुए कहा हमें बच्चों को सही तथा सरल तरीका से शिक्षा प्रदान करना है ।ताकि बच्चों को शिक्षक के भाषा तथा पठन पाठन से उन्हें संपूर्ण ज्ञान मिल सके। सरकार ने विद्यालय में बच्चों को सहज तथा सरल तरीके से शिक्षा प्रदान करने हेतु यह प्रशिक्षण रखा गया है। ताकि प्रशिक्षण के उपरांत शिक्षक अपने अपने विद्यालय में बच्चों को संपूर्ण शिक्षा प्रदान कर सकें। आप अच्छे ढ़ंग से प्रशिक्षण ले पाएंगे उतने ही बेहतर परफॉर्मेंस विद्यालय में बच्चों के बीच जाकर कर पाएंगे।इस अवसर पर प्रशिक्षक के रूप में मो आजाद, ज्योतिष चंद्र कुंडू, दिवाकर पाल, संजय बाद्यकर के द्वारा प्रशिक्षण दी गई ।इस संबंध में प्रशिक्षक द्वारा बताया गया कि पिछले वर्ष में दिए गए प्रशिक्षण की समीक्षा व रीकैप किया गया। आज प्रशिक्षण में प्राथमिक शिक्षा में सामाजिक भावनात्मक विकास व लैंगिक यूक्वीलिटी पर चर्चा किया गया। इसके अलावा विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा किया गया। मौके पर उक्त प्रशिक्षक के अलावे प्रशिक्षणार्थियों उपस्थित थे।

## जेबीसी प्लस टू विद्यालय जामताड़ा में क्विज एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**दैनिक शुभ भास्कर मनीष बरणवाल जामताड़ा**



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ( डायट ) पबिया की ओर से जेबीसी प्लस टू विद्यालय जामताड़ा में वार्षिक योजना के अंतर्गत क्विज एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को किया गया। जिसमें जिले के सभी प्रखंडों के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीइओ डॉ गोपाल कृष्ण झा, विशिष्ट अतिथि डीएसई दीपक राम एवं अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी सह प्राचार्य सुरेश महतो ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। डीइओ ने छात्र छात्राओं को अपनी प्रतिभा विकसित करने के लिए डायट को बेहतर प्लेटफार्म बताया। डीएसई ने कहा कि अच्छे परिणाम के लिए लगातार प्रयास की आवश्यकता है। मंच संचालन संस्थान के प्रभारी प्राचार्य डॉ दिलीप कुमार सिंह ने की। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों का चयन के लिए ज्युरी के रूप में शिक्षक डॉ अरुण कुमार वर्मा, एबीमाइल टुडू, प्रीति झा ,स्नेह लता मुर्मू ,नरेश राम ,सरयू प्रसाद पंडित, श्यामनंदन किशोर, डोली साहा आदि अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। क्विज प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 में प्रथम स्थान रिया मंडल उत्क्रमित उच्च विद्यालय मेझिया जामताड़ा, द्वितीय स्थान प्रिंस कुमार सिंह आदर्श मध्य विद्यालय जामताड़ा, तृतीय स्थान अंकिता मंडल राजकीयकृत उच्च विद्यालय खैरबानी फतेहपुर ने प्राप्त किया। जबकि क्विज में ही कक्षा 9 से 11 में प्रथम स्थान कालीचरण गोराई, उत्क्रमित उच्च विद्यालय शहरडाल, द्वितीय स्थान अनमोल पांडे जेबीसी प्लस टू विद्यालय जामताड़ा,व तृतीय स्थान देव कुमार दास राजकीयकृत उच्च विद्यालय शहरी क्षेत्र जामताड़ा ने प्राप्त किया। दूसरी ओर वाद विवाद प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 में प्रथम स्थान पूजा नाग उत्क्रमित उच्च विद्यालय सोनबाद, द्वितीय स्थान प्रेम जीत दास उत्क्रमित मध्य विद्यालय गायछंद रहा। जबकि तृतीय स्थान इशिका कुमारी उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुशबेदीया ने प्राप्त किया। जबकि कक्षा 9 से 11 में प्रथम स्थान श्रावणी राय आरके प्लस टू विद्यालय नाला, द्वितीय स्थान शिप्रा मंडल आरके हाई स्कूल खैरा बनी, तीसरा स्थान संजना कुमारी उत्क्रमित उच्च विद्यालय काला झरिया ने प्राप्त किया।

## मजदूर भाइयों के साथ भाजपाइयों ने मनाया होली मिलन समारोह



**दैनिक शुभ भास्कर मुरारी मंडल, देवघर प्रखंड संवाददाता**

सत्संग ओभर ब्रिज फायर ब्रिगेड के पास मजदूर भाईयों के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मजदुर भाईयों के साथ अबीर गुलाल एक दुसरे को लगा कर एवं मिठाई खिलाकर बड़ी उत्साह के साथ मनाया गया। वैसे मजदुर भाई जिनको काम नहीं मिला, वैसे मजदुर भाईयों को भाड़ा देकर ससम्मान के साथ घर भेजा गया। इस मौके पर मुखिया ललन मिश्रा, पंचायत समिति सदस्य सी ऐन दुबे, सनातन सर , संजीव झा,जय कुमार मिश्रा, निर्मल मिश्रा बबलू पासवान, मिथलेश माधव ,पूनम,चन्दन सिंह, टुनटुन जी, मुरारी मंडल,ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

## थाना गेट के समीप चलाया गया वाहन तलाशी अभियान, दोपहिया वाहन का काटा गया चालान

**दैनिक शुभ भास्कर मोहन मंडल कुंडहित(जामताड़ा)**

विभागीय निर्देश के आलोक में शनिवार को मुख्यालय स्थित थाना गेट के समीप कुंडहित पुलिस द्वारा वाहन तलाशी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दर्जनों दो पहिए वाहन की जांच की गई। जिसमें हेलमेट का उपयोग न करने पर एक दोपहिया वाहन का चालान काटा गया। आपको बता दें कि एएसआई निताई कुमार दास द्वारा चलाए गए इस अभियान के दौरान वाहनों के कागजात के साथ-साथ हेल्मेट, डिक्की एंव आवश्यक कागजात आदि की जांच की गई। इस दौरान एएसआई निताई कुमार दास ने बताया कि विभागीय निर्देश के आलोक में थाना गेट के समीप वाहन तलाशी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कुल 15 दो पहिए वाहन की जांच की गई। जिसमें हेलमेट का उपयोग नहीं करने के कारण 1 दोपहिए वाहन का चालान काटा गया। उन्होंने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि वाहन चलाते समय कागजात के साथ-साथ हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। बहरहाल पुलिस द्वारा चलाए गए वाहन तलाशी अभियान को लेकर वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

## झारखंड सरकार का बजट हेमंत सोरेन के तरह ही झूठ का पुलिंदा

**दैनिक शुभ भास्कर मुरारी मंडल देवघर प्रखंड संवाददाता**



भाजपा नेता बबलू सिंह ने कहा कि झारखण्ड विधानसभा में मतलबपरस्त गठबंधन की झूठी सरकार द्वारा पेश किया गया बजट हेमंत सरकार के तरह की झूठ का पुलिंदा है। उन्होंने कहा कि सरकार को हवा हवाई वादे करने से पूर्व यह स्पष्ट करना चाहिए कि पिछले बजट में चालू वित्तीय वर्ष के लिए प्रावधानित राशि व विभिन्न योजनाओं के लिए केंद्र सरकार द्वारा भेजी गई राशि का अधिकांश अबतक खर्च क्यों नहीं हो पाया। जिस सरकार ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में किया गया एक भी वादा नहीं निभाया। उन्होंने कहा कि बजट के माध्यम से एक बार फिर राज्य के गरीबों, किसानों, मजदूरों, पिछड़ों, दलितों, युवाओं व महिलाओं को ठगा है, सिर्फ जनता को ठगा है कभी खतियान यात्रा तो कभी नियोजन नीति को लेकर ।

## मुफस्सिल थाना में होली एवं शब ए बारात को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत**




पाकुड़ जिले के मुफस्सिल थाना परिसर में होली एवं शब ए बारात को लेकर शनिवार को शांति समिति बैठक हुई मुख्य अतिथि तौर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी शफीक आलम निरीक्षक उमाशंकर यह बैठक मुफस्सिल थाना प्रभारी मिंटू भारती की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दर्जनों लोग उपस्थित हुए थाना प्रभारी ने कहां त्योहार शांतिपूर्ण एवं आपसी सौहार्द पुर्न माहौल में होली व शब ए बारात मनाने की अपील किया होली में हुड़दंग व फूहड़ होली करने की कोशिश करने वाले तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा अगर कोई व्यक्ति रंग लगाना नहीं चाहता है तो उन्हें रंग नहीं लगाए आपसी भाईचारे और सौहार्द के बीच खुशियों के साथ होली मनाने की तैयारी करें किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए प्रशासन तैयार है ।साथ ही सोशल मीडिया आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी अफवाह ना फैलाएं उन्होंने कहा कि यह प्रयास होना चाहिए कि विवाद उत्पन्न ना हो अगर किसी तरह का मामला हो तो वही सुलझाने का प्रयास करें ।होली शब ए बारात भाईचारे का पर्व है सभी खुशी खुशी मनाएं मौके पर थाना प्रभारी मिंटू भारती एसआई विवेक दुबे संतोष कुमार और ग्रामीण वासी सहित पुलिस के जवान मौजूद थे

# मार्च लूट से बचने के लिए वित्त विभाग ने जारी किया फरमान




**संवाददाता रोहित कुमार रांची:**राज्य सरकार ने मार्च लूट से बचने के लिए फरमान जारी किया है । वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने सभी विभागों के सचिव, विभागाध्यक्ष, आयुक्त, उपायुक्त एवं कोषगार पदाधिकारियों को पत्र लिख कर निर्देश दिया है. कहा है कि चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के मार्च माह में किसी भी कीमत पर 15 प्रतिशत से अधिक की निकासी न हो. विशेष परिस्थिति में ही विभागीय सचिव के आदेश से 15 प्रतिशत से अधिक राशि की निकासी हो सकेगी. मार्च माह में कोषागारों से राशि की निकासी योजना मद के बजट में व्यय की अधिसीमा 15 प्रतिशत तक ही सीमित किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में विभिन्न विभागों, कार्यालयों से प्राप्त प्रस्तावों के आलोक में निर्णय लेते हुए वित्त विभाग के परपित्र संख्या 701/वि. दिनांक 16.03.2022 के द्वारा मार्च में राशि की निकासी के लिए 15 प्रतिशत की अधिसीमा से विमुक्ति संबंधी दिशा-निर्देश निर्गत किए गए थे ।विशेष परिस्थिति में ही 15 प्रतिशत से अधिक राशि की निकासी हो सकेगी- उन्होंने कहा कि चालू वित्तीय के लिए किए गए कार्य के विरूद्ध 15 प्रतिशत की अधिसीमा की बाध्यता को खत्म करने के लिए संबंधित विभागाध्यक्ष और उपरोक्त पदाधिकारी सक्षम होंगे. विशेष परिस्थिति में इसके लिए विभागीय अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव अपने स्तर से संतुष्ट हाकर स्पष्ट आदेश निर्गत करें ।आदेश के साथ बिल ( विपत्र ) कोषागार भेजते हुए 15 प्रतिशत से अधिक राशि की निकासी चालू वित्तीय वर्ष में कर सकेंगे ।

# नियोजन नीति पर 13 मार्च को सदन में जवाब देगी सरकार



**संवाददाता रोहित कुमार रांची :** नियोजन नीति के मुद्दे पर विधानसभा में शनिवार को खूब हंगामा हुआ. इसपर सरकार से जवाब देने की मांग को लेकर भाजपा और आजसू के विधायकों ने वेल में पहुंचकर हंगामा किया. इसके कारण स्पीकर को पहली पाली में दो बार सदन स्थगित करना पड़ा । इससे प्रश्नकाल बाधित हुआ. दूसरी पाली में इसी मुद्दे पर विपक्ष का हंगामा जारी रहा, जिसके कारण बजट पर सामान्य चर्चा नहीं हो सकी ।विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही झामुमो के विधायक लोबिन हेंब्रम ने नियोजन नीति को लेकर अपनी ही सरकार को घेर दिया ।उन्होंने कहा कि इसी सदन से नियोजन नीति पारित हुई थी और अब दो दिन पहले सरकार ने कैबिनेट से नई नियोजन नीति को मंजूरी दी है ।जो विधेयक सदन से पारित हो गया उसे बिना वापस लिए फिर से कैबिनेट से पारित कराना नियमसंगत नहीं है. सरकार सदन का अवमानना कर रही है ।

# जिले में चल रहे विकास कार्यों की उप विकास आयुक्त ने की समीक्षा



रामगढ़। शनिवार को उप विकास आयुक्त रामगढ़ श्री नागेंद्र कुमार सिन्हा ने जिला समाहरणालय के ब्लॉक बी स्थित सभाकक्ष में जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। मिशन अमृत सरोवर की समीक्षा के दौरान श्री सिन्हा ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। वही उप विकास आयुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को मिशन अमृत सरोवर के तहत प्राप्त नए लक्ष्य की जानकारी देते हुए कार्य प्रारंभ करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने रिजेक्टेड ट्रांजैक्शन, जॉब कार्ड वेरिफिकेशन, आधार सीडिंग, वीर शाहिद पोटो हो खेल विकास योजना आदि की समीक्षा कर कार्य प्रगति की जानकारी ली एवं कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण करने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त ने मनरेगा के तहत सृजित मानव दिवस का प्रखंडवार जायजा लिया तथा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को कार्यों को गंभीरता से लेने एवं यथाशीघ्र कार्य सम्पन्न कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने मनरेगा अंतर्गत विभिन्न योजनाओं में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की महिलाओं की सहभागिता भी सुनिश्चित करने ज्यादा से ज्यादा कार्य दिवस सृजित करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान श्री सिन्हा ने जिले के प्रत्येक गांव में ज्यादा से ज्यादा योजनाएं चयनित कर उनमें मनरेगा के तहत ज्यादा से ज्यादा मजदूरों को कार्य देने का निर्देश दिया। वही उन्होंने सभी जे०ई० को एम०बी० एंट्री का कार्य यथाशीघ्र करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजना अंतर्गत वितीय वर्ष 2022-23 में लक्ष्य के अनुरूप स्वीकृति, प्रथम किस्त का भुगतान, आवास पूर्णता, अंतिम किस्त का भुगतान एवं लंबित आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी पूर्ण एवं संचालित योजनाओं से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। बैठक के दौरान प्रभारी पदाधिकारी मनरेगा डीआरडीए, परियोजना पदाधिकारी डीआरडीए, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारियों, सहायक अभियंता, कनीय अभियंताओं सहित अन्य उपस्थित थे।

# तुषार ट्रेडिंग के गोदाम में लगी भीषण आग



**रामगढ़।** शहर के बिजुलिया तालाब रोड में स्थित तुषार ट्रेडिंग के गोदाम में भीषण आग लग गई ।जिससे कि करोड़ों रुपए के नुकसान होने की की बात गोदाम के मालिक संदीप कुमार ने बताया ।फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और बड़ी मशक्कत के बाद आग बुझा पाया । दुकान के मालिक संदीप कुमार ने बताया की खाद्य सामग्री लेज कुरकुरे मिक्चर इत्यादि खाद्य सामग्री का गोदाम है। आग शॉर्ट सर्किट से लगी है। फायर ब्रिगेड की दो गाड़ी मौके पर पहुंची है। वह आग बुझाने की कोशिश कर रही है। आग इतनी भयानक लगी है कि पड़ोस में रहने वाले लोगों मे इस आग को लेकर दहशत बनी हुई हैं। तुषार ट्रेडिंग शहर में खाद्य सामग्री विक्रेता है। जिसके गोदाम में आज आग लगी है। गोदाम में काम कर रहे सभी व्यक्ति सुरक्षित है।

# नवनिर्वाचित विधायक सुनीता चौधरी चिरंजीव हेल्थ केयर का उद्घाटन से किया



रामगढ़। गुरुद्वारा रोड रामा मेडिको के सामने चिरंजीव हेल्थ केयर का उद्घाटन नवनिर्वाचित विधायक सुनीता चौधरी के हाथों से किया गया। मौके पर सुनीता चौधरी ने क्लीनिक के संचालक दुर्गेश जायसवाल को ढेर बधाई दी और और कहा कि इस तरह के क्लीनिक खुलने से आम लोगों को दूर दराज के शहरों में नहीं जाना पड़ेगा संचालक दुर्गेश जायसवाल ने कहा हमारे क्लीनिक में अभी शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ कुणाल जयसवाल के द्वारा प्रतिदिन नवजात शिशु से लेकर 15 वर्ष तक के बच्चों का इलाज यहां पर होगा और यहां हर प्रकार का टीकाकरण भी किया दिया जाएगा। आने वाले समय में राज्य के सुप्रसिद्ध चिकित्सक की बैठने की व्यवस्था की जाएगी मौके पर मुख्य रूप से दुर्गेश जयसवाल शेखर आनंद सौरभ जैन मानिस आनंद अमित मित्तल संदीप शर्मा अनिल कुमार अकाश ओझा प्रमोद शर्मा सुरेश ठाकुर मौजूद थे!

# भदानीनगर ओपी में शांति समिति की हुई बैठक, आपसी भाईचारे के साथ होली मनाने की हुई अपील



**भुरकुंडा (रामगढ़)–** होली पर्व को ले भदानीनगर ओपी में शनिवार को शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता भदानीनगर ओपी प्रभारी दुर्गा शंकर मंडल ने किया। बैठक में होली पर्व आपसी भाईचारगी व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। मौके पर ओपी प्रभारी दुर्गा शंकर मंडल ने कहा कि होली के दौरान पुलिस गश्ती तेज की जाएगी।इस दौरान हुड़दंगियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। उन्हांने उपस्थित लोगों से किसी भी तरह के अफवाह से बचने व अप्रिय घटना की सूचना पर तत्काल पुलिस को सूचित करने की बात कही। साथ ही विधि-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस को मदद करने की भी अपील की गई। मौके पर मुखिया आनंद दुबे, रामफल बेदिया, राजेंद्र मुंडा, चलेंद्र बेदिया, बिपीन कुमार, टिकेश्वर महतो, मो. जिलानी अंसारी, रईस आलम, हरिलाल बेदिया, आजाद अंसारी, धनेश्वर महतो, विनोद, नारायण प्रजापति, कृष्णा कुशवाहा, विनय राम, बरतु बेदिया, शंकर तुरी, शहजादा तालीम, सुरेश बेदिया, भुनेश्वर बेदिया, मंसा बेदिया, राजेंद्र प्रसाद, भूषण ठाकुर आदि मौजूद थें।

# बर्ड फ्लू पर स्वास्थ्य मंत्री का बयान- डरने की जरूरत नहीं है, जब-जब बर्ड फ्लू आया, हम ज्यादा मुर्गा खाये



**संवाददाता रोहित कुमार रांची:**होली से पहले बर्ड फ्लू की दस्तक ने चिकेन प्रेमियों के रंग में भंग डाल दिया है ।रांची में भी बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है । इस मामले पर विधानसभा के बाहर स्वास्थ्य मंत्री ने बयान दिया ।उन्होंने कहा कि अरे कोई डरने-वरने की जरूरत नहीं है ।जब-जब बर्ड फ्लू आया है, हम ज्यादा मुर्गा खाये हैं. हां मुर्गा को थोड़ा ज्यादा भूनकर खाना चाहिए. मंत्री ने यह भी कहा कि पशुपालन मंत्री इसपर संज्ञान लेंगे और उचित कार्रवाई करेंगे । बोकारो के बाद रांची में भी बर्ड फ्लू की पुष्टि बोकारो में बर्ड फ्लू के कारण करीब 4,000 मुर्गियों और बत्तखों की मौत हुई है ।इसके बाद रांची में भी बर्ड फ्लू की पुष्टि हो गयी है । केंद्रीय मत्स्य और पशुपालन मंत्रालय ने राज्य के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत आवश्यक सभी कार्रवाई करने को कहा है ।

# झारखंड के मौसम का मिजाज आज से बदलने वाला है आसमान पर बादल छाने लगेंगे



रांची। झारखंड के मौसम का मिजाज आज से यानी 5 मार्च से बदलने वाला है। कल स्‍ आसमान पर बादल छाने लगेंगे, 6 मार्च को आकाश में बादल रहेंगे। फिर होंगी तीन दिनों तक बारिश। मतलब आप समझ गये होंगे। होली पर राज्य के कई जिलों में इंद्रदेव की कृपा बरसने वाली है। मौसम की यह जानकारी रांची मौसम केंद्र ने जारी कर दी है। मौसम केंद्र के मुताबिक 6 मार्च को पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां, पलामू, गढ़वा, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, खूंटी, हजारीबाग, रामगढ़ में आंशिक बादल छाये रहेंगे। शेष भागों में आसमान साफ रहेगा और मौसम शुष्क रहेगा। कहां-कहां होगी बारिश? मौसम विभाग ने जो जानकारी दी है उसके अनुसार 7 मार्च को राज्य के पश्चिमी और निकटवर्ती मध्य भागों में पलामू, गढ़वा, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, खूंटी, हजारीबाग, रामगढ़, पश्चिम सिंहभूम, सिमडेगा आदि जिलों हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने 8 मार्च को भी बारिश का अनुमान जताया है।

# चितरपुर महाविद्यालय का नेक टीम ने किया निरीक्षण

रामगढ़। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद टीम ने चितरपुर महाविद्यालय, चितरपुर का दो दिनों का आज पूरा किया। टीम तीन सदस्यीय थी। महाविद्यालय के मूल्यांकन के लिए एस एस आर में दिखाए गए तमाम पक्षों का भौतिक एवम दस्तावेजी निरीक्षण एवम सत्यापन किया गया। निरीक्षण के क्रम में प्रशासनिक भवन, सभी विभागों के साथ, स्मार्ट क्लास, भूगोल, मनोविज्ञान और गृह विज्ञान के प्रयोगशाला, पुस्तकालय, कैंटीन, खेल के मैदान, सामान्य पार्क, औषधि पार्क, बॉयज कॉमन रूम, गर्ल्स कॉमन रूम, सिक रूम, स्टाफ रूम, सेमिनार हाल आदि का निरीक्षण किया गया। सत्यापन के क्रम में दस्तावेजों को देखने के बाद महाविद्यालय के प्राचार्या, परीक्षा नियंत्रक, प्रधान क्लर्क, सभी शिक्षकों, गैर शैक्षणिक कर्मियों, अध्ययन छात्र छात्राओं, पूर्व विद्यार्थियों, अविभावकों आदि सभी से टीम ने अलग अलग जानकारी ली।

शिक्षकों ने डिजिटल बोर्ड में पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के द्वारा आपने अपने विभागों के शैक्षणिक कार्यकलापों और उपलधियों को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्राचार्या डॉ संज्ञा, प्रो ज्योति कुमारी, प्रो० निकहत परवीन, प्रो कुर्रतुलएन, प्रो शाहनवाज खान, प्रो० अंजनी करमाली, प्रो जूही उपाध्याय, प्रो० अंजू कुमारी, प्रो० फहमीदा नाज, प्रो० रेवालाल पटेल, प्रो मुसर्रत जहां, प्रो. मनोज झा, प्रो ताराशंकर अग्रवाल, प्रो उत्तम कुमार, प्रो० शबाना अंजुम, डॉ हीना कौसर, जफरुल हसन खान, रवि कुमार, कुसुम कुमारी ,आसिया अफरिन,पिंटू कुमार, सोनू कुमार, राजेश कुमार, राहुल कुमार, आकाश, प्रकाश, पूनम देवी, कर्मी देवी उपस्थिति थे।

# समाज में जागरुकता का प्रचार-प्रसार जरूरी है, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के दिव्यांग बच्चे भी शिक्षा ग्रहण कर सकें: जॉन खलखो




रामगढ़। संसाधन केंद्र चितरपुर में समावेशी शिक्षा के तहत विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण चितरपुर, गोला एवं दुलमी प्रखंड के बच्चों को झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय से सहायक उपकरण वितरण किए गए। जिसे पाकर उनके चेहरे खिल उठे। इस कार्यक्रम मौजूद विकलांग सेवा संस्थान के टेक्निकल एसिटेंट जॉन खलखो ने कहा कि दिव्यांग बच्चों की मदद करना सरकार का पुनीत कार्य है। उन्होंने विशेष बच्चों के उत्थान पर जोर देते हुए कहा कि सरकार की ओर से दिव्यांगों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, लेकिन, इनके सफल संचालन के लिए सामाजिक संगठनों व सिविल सोसायटी के लोगों को आगे आने की जरूरत है।इसके लिए समाज में जागरुकता का प्रचार-प्रसार जरूरी है, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के दिव्यांग बच्चे भी शिक्षा ग्रहण कर सकें। वही रिसोर्स शिक्षक पोवेल कुमार ने कहा कि दिव्यांग बच्चों योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इससे बच्चों का भविष्य उज्जवल होगा और वह इस सहायक उपकरणों से अपना जीवन यापन ठीक से कर पाएंगे। ऐसी ही योजनाएं से बच्चों को लाभान्वित करते रहना चाहिए। जिससे आगे चलकर वह अन्य बच्चों के साथ यह महसूस नहीं कर पाए कि उनमें किसी प्रकार की कोई कमी है। मौके पर राजेंद्र प्रसाद, बासुदेव कुमार गंझू, प्रियंका कुमारी, तापेश्वरी देवी, कलावती कुमारी, अक्षरा कुमारी, आशीष कुमार महतो, राखी कुमारी, लीला प्रसाद साहू, दीपक मुर्मू, श्याम कुमार महतो, मिथिलेश गंझू, रोशनी कुमारी, सादिया परवीन, बंटी कुमार, राहुल कुमार शर्मा, युवराज कुमार, तुलेश्वर प्रजापति, हुसैन हाशमी आदि मौजूद थे.

# बिग बाजार के मुख्य गेट से बाइक चोरी, प्राथमिकी दर्ज



**दैनिक शुभ भास्कर शेखर कुमार क्राइम रिपोर्टर**

देवघर ।नगर थाना क्षेत्र के बिग बाजार के समीप से एक मोटर साइकिल की चोरी हो जाने का मामला प्रकाश मे आया हैं। इस सन्दर्भ मे बाइक चोरी की प्राथमिकी दर्ज कर लीं गई हैं ।यह प्राथमिकी विलियम्स टाउन निवासी सोनू कुमार ने अज्ञात चोर के खिलाफ दर्ज कराया हैं। जिसमें जिक्र किया हैं कि वें बिग बाजार कुछ काम से आये हुए थे ।अपनी बाइक जेएच 17 यु 9568 को बिग बाजार के मुख्य गेट के सामने पार्क कर अंदर किसी काम से चले गए। जब वें वापस अपने गाड़ी के पास आये तो उनका बाइक वहां से गायब था। काफी खोजबीन करने पर जब नहीं पता चला तो उनके द्वारा मामले की सूचना नगर पुलिस को दी गई। नगर पुलिस मामले की छानबीन मे जुटी हुई हैं।

# भाजपा की मानसिकता भारत के लोकतांत्रिक भविष्य को खतरे में डाल रही है !

**नजरे आलम मथुबनी संबाददाता**

बीजेपी सरकार हद से ज्यादह बढ़ रही है, तमाम लोकतांत्रिक मूल्यों को विध्वंश कर राजशाही की तरफ बढ़ गई है, तो फिर यह चेहरे पर नकाब क्यूं? एलान कर दिजिए के यह राष्ट्र, हिन्दू राष्ट्र हो चुका है, मुसलमानों पर एकतरफा कार्रवाई, अबतो उनके घरों को ही तोड़ दिए जाते हैं, वो भी सिर्फ आरोप के बिना पर। क्या कहता है कानून, आप कहेंगे अगर असंवैधानिक तरीके से जमीन एक्वायर है या घर का नक्शा निगम या बोर्ड से पास नहीं हुआ तो उसे तोड़ने का अधिकार सरकार को है, ठीक है तो पूरे राज्य और इससे भी आगे पूरे देश में एकसाथ तमाम लोगों को नोटिस दिया जाए और जिसका भी घर उर्पयुक्त मापदंड पर नहीं पाया गया उसे तोड़ दिया जाए, पर आप ऐसा नहीं करेंगे, क्यूंकि आपने एक भीड़ पाल रखी है जो भारत का मजाक उड़ा रही है। दुनिया में जहां कहीं भी विकसित देशों में लोकतंत्र है वहां अल्पसख्यकों पर कोई यलगार कोई टार्गेट इस तरह से नहीं होता जैसा भारत में हो रहा है। हर देश में कानून होता है और कानून सभी नागरिकों के लिए बराबर होते हैं। बीजेपी लोकतंत्र का पाठ कहां से पढ़ कर आती है? इस्लामिक दुनिया दुबई वहां के अप्रवासियों में 30 प्रतिशत हिन्दू काम करते हैं, क्या एक छोटी घटना भी बीजेपी दिखा सकती है, जो हिन्दूओं पर बीते कई दशकों में वहीं हुई हो? सच्चाई तो यह है कि बीजेपी अपने मानसिकता के साथ देश के वर्त्तमान से खेलते हुए इसके लोकतांत्रिक भविष्य पर प्रश्नचिन्ह लगा रही है!




अफसोस सद अफसोस! भारत की न्यायालय क्यूं आँखें बंद कर सोई हुई है, चर्चिल ने कहा था ह्यह्यजिस देश की न्यायालय खत्म, वो देश भी संकटों से घिर जाता है कहां हैं इस देश के ए्‌ ३ी उ"२२ लोग, क्या सब हो रहा है यह आपके रहते हुए... विपक्षी पाटीर्यां क्या कर रही हैं। क्या अब मुजरिम सिर्फ मुसलमान हैं इस देश में? तो कह दिजिए हम विकल्पों पर गौर करेंगे, कह दिजिए हमारा देश अब सिर्फ एक ही समुदाय का है, हमारी न्यायालय अब सिर्फ एक ही समुदाय को इंसाफ देगी, हमारी तमाम संस्थाएं अब सिर्फ एक ही समुदाय की ही आवाज बनेगी, हमारे देश की तमाम संघी और सेक्यूलर पाटीर्यां सिर्फ अब एक ही समुदाय की है, तो कोई बात नहीं, हम मान लेंगे। अन्तरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक किसी भी ऐसे राष्ट्र को जो लोकतांत्रिक घोषित है या नहीं है, उनको भी यह हक हासिल नहीं है कि वह किसी को भी उजाड़ दे परिवार समेत। यह तो आम बात हुई पर भारत में तो अब एकतरफा मुसलमानों की बेखकुनी की जा रही है, तो अब कहां है वो मूल्क जो मानवधिकार की दुहाई देते थे। ऐसा लगता है कि भारत के भविष्य से सभी आगाह हैं। वो अब अपना हाथ नहीं देना चाहते हैं। हम भारत के प्रधानमंत्री (जो की एक पार्टी नहीं अब पूरे देश के मंत्री है) राष्ट्रपति और चीफ जसटिस ऑफ इंडिया से मांग करते हैं के अविलंब एकतरफा कार्रवाई जो उत्तर प्रदेश में मुसलमानों पर उनके घरों को तोड़कर की जा रही है, रोकी जाए और उनके पूर्नवास का प्रबंध किया जाए। बीजेपी को उत्तर प्रदेश में बहुमत है इसका मतलब हरगिज यह नहीं कि वह किसी संप्रदायिक व्यक्ति को प्रदेश का मुखिया बना दे। हम यह भी मांग करते हैं कि अविलंब उत्तर प्रदेश के सांप्रदायिक मुखिया को बदल कर किसी बेदाग छवि के व्यक्ति को मुखिया बनाया जाए ताकि राज्य में लोकतांत्रिक मूल्यों को बरकरार रखा जा सके। जरूरत है भारत एक महान लोकतांत्रिक राष्ट्र बनाने की, अगर नहीं बना सकते तो इस सुंदर राष्ट्र के लोकतांत्रिक भविष्य से खिलवाड़ मत किजिए। इसे धर्म की आग में मत झोंकिए।

## अनुमंडल सभागार में शांति समिति की बैठक आयोजित

**शुभ भास्कर प्रखंड रिपोर्टर मनोहर सिंह पकडीदयाल,पू०च०'**

अनुमंडल सभागार में एसडीओ कुमार रविंद्र की अध्यक्षता में होली एवं स्वेबरात को लेकर शांति समिति कि बैठक आयोजित किया गया। जिसमें अनुमंडल के सभी पदाधिकारी एवं प्रबुद्ध व्यक्ति उपस्थित रहे।एसडीओ कुमार रविंद्र ने बताया कि होली एवं स्वेबरात को लेकर अनुमंडल स्तरीय शांति समिति का बैठक आयोजित किया गया।जिसमें बिहार सरकार का एक आदेश जारी हुआ है। जिसमें कोई अस्लील गाना नहीं बजाना है। जिससे जाती, धार्मिक,देश भगाना पर ठेस नही पहुंचे, अश्लील गाने बजाने वाले व्यक्ति पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी। मध्य बिक्री पर प्रतिबंध के बावजूद किसी जगह पर बिक्री की जा रही है। उस पर कड़ी नजर रखने की हिदायत दी गई है।साथी किसी भी प्रकार के मादक पदार्थ जैसे चरस, हीरोइन स्माइक सहित अन्य सामान के बिक्री पर सभी थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों में स्पाइक के माध्यम से जानकारी कर के उस पर करवाई करें। साथ ही सघन गश्ती ,संवेदनशील जगहों पर मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती किया जाए। सभी दंडाधिकारी अपने अपने मुख्यालय में उपस्थित रहेंगे जो भी अनुपस्थित पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई हेतु जिलाधिकारी को पत्र लिखा जाएगा ।मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह के साथ सभी वीडियो सीओ थानाध्यक्ष सर्किल इंस्पेक्टर उपस्थित रहे।

## पू. च.(व-19) क्रिकेट टीम चयन के लिए ट्रायल शुरू

**शुभ भास्कर क्राइम रिपोर्टर शशांक मणि त्रिपाठी मोतिहारी,पू०च०।** स्थानीय गाँधी मैदान मोतिहारी के ग्राउंड-1 पर पू.च.(व-19) क्रिकेट टीम के चयन के लिए ट्रायल की प्रक्रिया शुरू हो गई ।4 मार्च और 5 मार्च दो दिन यह ट्रायल प्रक्रिया चलेगी ।शनिवार 4 मार्च को 62 खिलाड़ियों ने ट्रायल में भाग लिया ।ईस्ट चम्पारण डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के चयन समिति के सदस्य रामप्रकाश सिन्हा, संजय कुमार टुन्ना,प्रकाश रंजन,प्रीतेश रंजन ने ट्रायल प्रक्रिया के दौरान खिलाड़ियों पर अपनी बारीकी से नजर रखा ।ज्ञात हो कि ट्रायल के माध्यम से चयनकताओं द्वारा पू.च.(व-19) क्रिकेट टीम के लिए 30 खिलाड़ियों को शार्ट-लिस्ट किया जाएगा ।ट्रायल प्रक्रिया सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए वरिष्ठ खिलाड़ी सह कन्वेनर राशिद जमाल खान और सहायक कन्वेनर प्रकाश रंजन सिंह काफी तत्पर दिखे ।मौके पर जिला क्रिकेट संचालन समिति के चेयरमैन सुरेंद्र पांडेय,कन्वेनर मुरलीधर सिंह सदस्य मो.आलम,वेदप्रकाश,मो.कुदूस,मीडिया प्रभारी प्रीतेश रंजन,गुलाब खान,मंजूर आलम सहित खेल प्रेमियों की उपस्थिति रही।

## अरेराज में बीजेपी कार्यकताओं ने मनाई होली मिलन समारोह

**शुभ भास्कर प्रखंड रिपोर्टर राहुल वत्स अरेराज,पू०च०'**

गोविंदगंज विधायक सुनील मणि तिवारी के नेतृत्व में अरेराज हाई स्कूल के प्रांगण में बीजेपी कार्यकताओं ने धूमधाम से मनाई होली मिलन समारोह। होली मिलन समारोह में आपसी सौहार्द बनाए रखने व बुराई के ऊपर सच्चाई की जीत की बात करते हुए एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन, मौके पर पूर्व केंद्रीयमंत्री सह सांसद राधामोहन सिंह, गोविंदगंज विधायक सुनील मणि तिवारी, भाजपा के जिला अध्यक्ष प्रकाश अस्थाना, मारकंडेय सिंह, विवेका पाण्डेय, संजय पाण्डेय , संजीव दुबे, राकेश पाण्डेय युवा मंत्री बसंत मणि तिवारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जिले में दो चरणों में चलेगा मिशन परिवार विकास अभियान

**शुभ भास्कर कार्यालय प्रभारी प्रमोद कुमार मोतिहारी,पू०च०।**



जिले में दो चरणों में मिशन परिवार विकास अभियान चलाया जाएगा । इसे लेकर राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार के कार्यपालक निदेशक संजय कुमार सिंह ने सभी जिलों के जिलाधिकारी और सिविल सर्जन को पत्र जारी किया है ।सिविल सर्जन डॉ अंजनी कुमार ने बताया कि मिशन परिवार विकास अभियान के पहले चरण में 05 से 12 मार्च तक जिला भर में दंपति संपर्क सप्ताह मनाया जाएगा। वहीँ डीसीएम नन्दन झा ने बताया कि इस दौरान ग्रामीण स्तर पर आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, जीविका दीदी, विकास मित्र योग्य दंपतियों से मिलकर उन्हें परिवार नियोजन के स्थाई और अस्थाई साधनों को अपनाने के लिए जागरूक करेंगे। इसके साथ ही अभियान के दूसरे चरण में 13 से 25 मार्च तक परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस दौरान जिला के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में योग्य दंपतियों को परिवार नियोजन के स्थाई साधन के रूप में महिला बंध्याकरण और पुरुष नसबंदी की सेवा उपलब्ध कराते हुए अस्थाई साधन के रूप में कॉपर टी लगवाने और गर्भनिरोधक गोली और इंजेक्शन के साथ - साथ कंडोम भी उपलब्ध कराया जाएगा ।डीसीएम नन्दन झा ने बताया कि परिवार नियोजन के प्रति आम जनों को जागरूक करने के उद्देश्य से ई.रिक्शा (सारथी रथ) के माध्यम से राज्य स्वास्थ्य समिति के दिशा निर्देश के अनुसार एवम स्थानीय स्तर पर तैयार रूट चार्ट के अनुसार जिला के सभी प्रखंडों और शहरी क्षेत्रों में प्रचार - प्रसार किया जाएगा। ई. रिक्शा पर संबंधित क्षेत्र की आशा फैसिलिटेटर को प्रतिनियुक्त करते हुए उन्हें प्रचार प्रसार का दायित्व सौंपा गया है ताकि उनके द्वारा स्थानीय आशा कार्यकर्ता से समन्वय स्थापित करने के साथ - साथ आम लोगों के द्वारा गर्भ निरोधक का अस्थाई उपाय जैसे गर्भ निरोधक गोली, कंडोम की मांग करने पर उन्हें उक्त स्थल पर ही उपलब्ध करायी जा सके। इसके लिए संबंधित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के द्वारा ई.रिक्शा पर कॉन्ट्रासेप्टिक डिस्प्ले ट्रे एवं कंडोम बॉक्स में सामग्री उपलब्ध करायी जाएगी ।उन्होंने बताया कि राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार के दिशा-निर्देश के अनुसार प्रत्येक महीने की 21 तारीख को जिला के सभी प्राथमिक/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और क्रियाशील हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एपीएचसी और एचएससी ) में परिवार नियोजन दिवस का लगातार आयोजन किया जा रहा है। जहां योग्ये दंपतियों को परिवार नियोजन के स्थाई और अस्थाई उपायों की विस्तार पूर्वक जानकारी देते इसके लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## फारबिसगंज के पूर्व विधायक लक्ष्मीनारायण मेहता को मातृशोक



**फारबिसगंज।** फारबिसगंज के पूर्व विधायक लक्ष्मीनारायण मेहता की 95 वर्षीया माता सुशीला देवी नही रहीं। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई। उनके निधन पर अररिया सांसद प्रदीप कुमार सिंह, फारबिसगंज विधायक विद्यासागर केशरी उर्फ मंचन केशरी, सिकटी विधायक विजय कुमार मंडल, खांटी भाजपा नेता रंजीत यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष संतोष सुराना, पूर्व जिलाध्यक्ष आलोक भगत,प्रवक्ता राजन तिवारी, नेता प्रेम मिश्रा , पप्पू झा आदि ने गहरी संवेदना प्रकट करते हुए भगवान से पुण्यात्मा को अपने शरण में उच्च स्थान देने की प्रार्थना किए।

# तामिलनाडू में हो रहे बिहारी मजदूरो के साथ मारपीट काफी दु:खद- दीपक दिलवर



**अररिया ।** मुख्यालय में शनिवार को महान अमरकथाशिल्पी फणीश्वरनाथ रेणु के जयंती के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में जन अधिकार छात्र परिषद् के कार्यकर्ता व लेखक दीपक दिलवर ने एक बयान जारी करते हुए बताया की बीते 25 फरवरी से तामिलनाडू के त्रिपुर में बिहारी मजदूरों के साथ बर्बरतापूर्ण रवैये व मारपीट को लेकर उन्होने दुख व्यक्त करते हुए बिहार सरकार से अपील करते हुए कहा कि तामिलनाडू में बिहारी मजदूरों के साथ हिन्दी भाषा बोले जाने से रोक लगाने समेत बर्बतापूर्ण तरीके से मारपीट करने पर रोक लगाने एवं सभी मजदूरो को सुरक्षित वापस बिहार लाने के लिए केन्द्र व राज्य सरकार से मांग किया है। आगे उन्होने केन्द्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा की अगर केन्द्र सरकार बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिया रहता तो बिहार के मजदूरो को रोजगार के तलाश में बाहर पलायन नही करना पड़ता और लोग अपने ही राज्य में रहकर जीवन-यापन करते।

## एक दूसरे को गुलाल लगा और मिठाई खिलाकर अभाविप ने मनाया होली मिलन समारोह



**अररिया ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई अररिया द्वारा अन्य वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थानीय परिषद कार्यालय परिसर में होली मिलन समारोह को धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर परिषद कार्यकताओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर तथा मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और एक दूसरे को शुभकामनाएं दिया गया. होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए परिषद के पूर्णिया विश्वविद्यालय प्रमुख सह सिंडिकेट सदस्य एमपी सिंह ने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है. होली का पर्व हिंदुओं द्वारा मनाए जाने वाले प्रमुख त्योहारों में से एक है. सभी लोग इस दिन अपने सारे गिले-शिकवे को बुलाकर एक दूसरे को गले लगाते हैं. होली का रंग हम सभी को आपस में जोड़ता है और रिश्तो में प्रेम तथा अपनत्व का भाव भरता है. एमपी सिंह ने परिषद कार्यकताओं से आग्रह किया कि होली मनाने में यह ध्यान रखना होगा कि आपसी भाईचारा कायम रहे. इस खुशी के मौके पर सार्वजनिक जगहों पर इस आयोजन को करने से बचना होगा. उन्होंने कार्यकताओं से अपील किया कि ऐसा रंग तथा अबीर का प्रयोग नहीं करना है जो शरीर को हानि पहुंचाता हो. होली मिलन समारोह में अंकित कुमार यादव, प्रिंस यादव, अनमोल गुप्ता, नितिन राज, अजय कुमार, आलोक कुमार, पीयूष कुमार, देवराज कुमार ,रवि कुमार, खुशी कुमारी ,श्रुति साहनी, स्नेहा कुमारी, साजिद, नोमान, सैयद अनवर सहित दर्जनों परिषद कार्यकर्ता उपस्थित थे. सहित दर्जनों परिषद कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# प्रदीप कुमार साह ने बढ़ाया जिला का मान



सिकटी। जिले के सिकटी प्रखंड क्षेत्र के बोकन्तरी पंचायत के बोकन्तरी गाव निवासी संतलाल साह के पुत्र प्रदीप कुमार साह का इंडियन रेलवे एन टी पी सी ग्रेजुएट लेवल 5 में एस सी सी टी के पद पर चयन हुआ है।जिससे इनके परिवार मे उत्साह का माहौल है इसकी इस बड़ी सफलता पर सभी परिजन दे रहे है जमकर बधाई और शुभकामनाएं दे रहे हैं। समाजसेवी ई. मनोज झा, युवा नेता मुखिया संतोष झा ने कहा कि प्रदीप कुमार साह ने अपने पंचायत हीं नहीं बल्कि जिले का मान बढ़ाया है।

## पूर्व मंत्री स्वर्गीय सरयू मिश्र की 33 वीं पुण्यतिथि मनी



**फारबिसगंज ।** बिहार सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री स्वर्गीय सरयू मिश्र की 33 वीं पुण्यतिथि उनके निज निवास फारबिसगंज के भद्रेश्वर स्थित स्मारक स्थल पर अशोक मिश्र की अगुवाई में मनाया गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय मिश्र के तस्वीर पर पुष्पांजलि कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्य रूप से कांग्रेस नेता अधिवक्ता अमरीश राहुल उर्फ डब्बू मिश्र, राजद नेता क्रांति कुँवर, सहवाजपुर के मुखिया बैजनाथ मंडल, उप मुखिया क्रांति झा, शिशिर मिश्र, कैप्टन ताहिर, कांग्रेस नेता दिलीप पासवान, बुलबुल यादव, मृत्यंजुय पांडे, परमानन्द कुँवर, वरिष्ट कांग्रेसी नेता अररिया मजहर खान, कृष्ण दे० मिश्र, विद्यानन्द मंडल, रुपेश झा, श्री कुमार ठाकुर, प्रदीप मिश्र, ललन झा, मनोज साह, प्रशांत मिश्र, पुष्कर मिश्र, सोनक दा आदि युवा नेता मुखिया ने स्वर्गीय मिश्र के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा बिहार में किये गये कार्यो की चर्चा की साथ ही वक्ताओं ने आज के नेताओं में उनके जैसे नेता की जनता के बीच के सम्बन्धो की भी चर्चा की। इस मौके पर स्वर्गीय सरयू बाबू के परिजनों ने उनके नाम पर फलदार पौधे का भी वितरण किया ।

## अररिया की धरती को रेणु की धरती के रूप में पहचान मिली : प्राचार्य



**अररिया।** जवाहर नवोदय विद्यालय अररिया में महान आंचलिक उपन्यासकार फणीश्वरनाथ रेणु जन्म दिवस मनायी गयी।इस अवसर पर विद्यालय परिसर में स्थापित फणीश्वरनाथ रेणु जी की आवक्ष प्रतिमा पर विद्यालय के प्राचार्य सुशांत कुमार झा ने माल्यार्पण किया। विद्यालय के शिक्षक व छात्र कैप्टन ने भी माल्यार्पण किया। विद्यालय के छात्र कुमार आदित्य ने रेणु जी की रचनाओं पर प्रकाश डाला व प्राचार्य ने कहा अररिया की धरती को रेणु की धरती के रूप में पहचान मिली ।कार्यक्रम का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के कला शिक्षक राजेश कुमार ने किया।

## लोक जीवन के अद्भुत चितेरे थे फणीश्वरनाथ रेणु : रंजीत यादव




**अररिया।** भाजपा नेता सह वरीय समाजसेवी रंजीत यादव ने अररिया के धरोहर, विश्व प्रसिद्ध आंचलिक साहित्यकार, कथाकार श्रद्धेय रेणु जी की जयंती पर उन्हें याद किया। श्री यादव ने कहा कि बिहार के गौरव व हिंदी के सुप्रसिद्ध साहित्यकार "मैला-आँचल" उपन्यास के रचयिता, स्वतंत्रता सेनानी एवं पद्मश्री से सम्मानित फणीश्वरनाथ रेणु किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। उनकी कालजई रचना मैला आंचल से न सिर्फ, उन्हें बल्कि सीमांचल क्षेत्र के साथ संपूर्ण राज्य को एक अलग पहचान मिली । 'रेणु' का साहित्य लेखन अपने प्रथम उपन्यास 'मैला आँचल' के लिए उन्हें पदम श्री से सम्मानित किया गया था। फणीश्वर नाथ 'रेणु' ने ठुमरी, लाल पान की बेगम, मैला आंचल, परती परिकथा, जूलूस, दीर्घतपा, कितने चौराहे, पलटू बाबू रोड आदि कृतियां लिखीं थी। रेणु की कुल 26 पुस्तकें हैं। इन पुस्तकों में संकलित रचनाओं के अलावा भी काफी रचनाएं हैं जो संकलित नहीं हो पायीं, कई अप्रकाशित आधी अधूरी हैं। असंकलित पत्र पहली बार 'रेणु रचनावली' में शामिल किए गए हैं। लोक जीवन के अद्भुत चितेरे थे फणीश्वर नाथ रेणु।

# बिराटनगर नेपाल ने कटिहार को 6 विकेट से चटाया धूल



जोगबनी । जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा मान्यता प्राप्त प्रशांत क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित इंडो नेपाल क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार को खेले गये मैच में बिराटनगर नेपाल की टीम ने कटिहार को 6 विकेट से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया । विराटनगर एचसीसी की टीम ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया । कटिहार की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मयंक के 39 रनों की बदौलत बिराटनगर को 148 रनों का लक्ष्य दिया । विराटनगर की और से सुनील व किस्कू ने दो दो विकेट लिये । लक्ष्य का पीछा करते हुए विराटनगर की टीम ने विन्स थापा के 60 रन व मयंक के 47 रनों की बदौलत 6 विकेट से जीत दर्ज की । कटिहार की और से पीटर ने दो विकेट लिया । विराटनगर के विन्स थापा को उनके शानदार बल्लेबाजी के लिये मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार क्लब के अध्यक्ष सुशील उर्फ दारा सिंह के हाथों दिया गया । इस अवसर पर मीडिया प्रभारी अजय उर्फ खुशबू दुबे, दिनेश साह,राजू सिंह, गुड्डू सिंह, जावेद खान, मोहम्मद बद्दु, विजय श्रीवास्तव, अमित झा आदि उपस्थित रहे ।

## स्वच्छता के क्षेत्र मे महत्वपूर्ण योगदान हेतु चहटपुर पंचायत की काबिल मुखिया ई. रूबी परवीन डीएम के हाथों हुई सम्मानित



अररिया। अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाहरणालय परिसर में अररिया जिलाधिकारी इनायत खान के हाथों लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान- द्वितीय चरण के अंतर्गत स्वच्छता के क्षेत्र मे महत्वपूर्ण योगदान हेतु चहटपुर पंचायत की काबिल मुखिया शिक्षाविद इंजीनियर रूबी परवीन उर्फ रूबी शोएब सम्मानित हुई। अपने पंचायत के सर्वांगीण विकास के लिए दृढ़ संकल्पित ई. रूबी को सम्मान मिलने पर पलासी प्रखंड मुखिया संघ से जुड़े सभी जनप्रतिनिधि, वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य सहित चहटपुर निवासी एवम राजद जिला प्रवक्ता होने के नाते महागठबंधन के लोगों ने बधाई और दिली मुबारकबाद दिया है।

# होली और शब ए बारात को लेकर सिकटी थाना में हुई शांति समिति की बैठक



**सिकटी।** सिकटी के बरदाहा थाना परिसर मे थाना अध्यक्ष राकेश कुमार रंजन जी के अध्यक्षता मे होली और शब ए बारात को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित हुई ,इस बैठक मे सिकटी प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार ठाकुर जी और सिकटी अंचल पदाधिकारी अभिषेक सौरभ जी भी मौजूद रहे। बैठक मे होली त्योहार आपसी सौहार्द के साथ व शांति पूर्वक मनाने और साथ ही शबे बरात भी शांति पूर्ण माहौल से मनाने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई,अधिकारियों ने सभी गणमान्य से अपील की वे लोग भी अपने अपने क्षेत्र मे इस बात की निगरानी करे की असामाजिक तत्वों द्वारा कोई अप्रिय घटना नही घटित किया जाये , थाना अध्यक्ष ने कहा की होली मे डीजे पर पुर्णतः प्रतिबंध रहेगा, इस मौके पर सिकटी प्रमुख प्रतिनिधि मो० कमरुज्जमा , बरदाहा मुखिया प्रवेज आलम ,डेढुआ मुखिया संतोष झा, बेंगा मुखिया रवि झा , बेंगा के पूर्व मुखिया नरसिंह विश्वास , भिड़भिड़ी मुखिया प्रतिनिधि अरुण मंडल , डेढुआ सरपंच रंजीत पासवान,बेंगा सरपंच सुरेंद्र पंजीयार,कौआकोह मुखिया महेंद्र यादव,कौआकोह पैक्स अध्यक्ष विकास यादव ,डेढुआ समिति प्रतिनिधि देवनारायण पासवान सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में अंबेडकर भवन में किया गया भव्य आयोजन

**दैनिक शुभ भास्कर जिला ब्यूरो शैलेश कुमार तिवारी की रिपोर्ट**



गोपालगंज बिहार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में अंबेडकर भवन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थल अंबेडकर भवन में जिला पदाधिकारी,गोपालगंज डॉ० नवल किशोर चौधरी पुष्प पौधा देकर जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आई सी डी एस श्रीमती सीमा कुमारी ने स्वागत किया। जिलाधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंम्भ किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा नारी शक्ति का मंचन,सास्कृतिक गीत संगीत की सुन्दर प्रस्तुति की गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने संबोधित करते हुए सबसे पहले कार्यक्रम में उपस्थित महिला पदाधिकारियों डीपीओ आईसीडीएस श्रीमती सीमा कुमारी ,डीएसपी हेड क्वार्टर श्रीमती ज्योति कुमारी ,वरीय उप समाहर्ता श्रीमती कुमारी पुष्पा ,परिक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक सुश्री साक्षी राय ,महिला थाना अध्यक्ष श्रीमती आफशा प्रवीन एवं उपस्थित महिलाओं के सम्मान में जिलाधिकारी द्वारा तालियां बजवाई गई। जिलाधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि जीवन के हर एक पहलू में किसी ना किसी महिला की उपस्थिति होती है ।एक महिला किसी की बेटी है ,किसी की पत्नी एवं किसी की मॉ है। हम सभी यहां उपस्थित यह जानते हैं कि हम नहीं होते ,यदि हमारी मॉ नहीं होती और एक मॉ महिला ही होती है। आज कोई ऐसी विधा नहीं है जहां हमारी महिलाओं ने अपना परचम नहीं लहराया है ।अपने देश की प्रथम फाइटर प्लेन महिला पायलट गुंजन सक्सेना का जिक्र करते हुए महोदय ने बताया की उनके जीवन पर गोपालगंज जिले के ही प्रसिद्ध अभिनेता पंकज त्रिपाठी द्वारा अभिनीत फिल्म में दिखाया गया है कि शुरू -शुरू में हमारी महिलाएं कितनी कठिनाइयों को सहन करते हुए आगे बढ़ती हैं ।आज सरकार द्वारा हमारी महिलाओं के नाम पर बहुत सारी योजनाएं जैसे की कन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ,महिला उत्थान योजना आदि अनेकों कार्यक्रम उनके उत्थान के लिए चलाए जा रहे हैं ।आज हमें मानना पड़ेगा कि हमारे संविधान निमार्ताओं के दूरदर्शी सोच जिसमें उस समय उनके द्वारा महिलाओं के लिए समान अधिकार का प्रावधान कई अनुच्छेदों में किया गया है ,जिसका लाभ आज दिखाई दे रहा है। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा जिले में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए वरीय उप समाहर्ता श्रीमती कुमारी पुष्पा ,पुलिस उपाधीक्षक श्रीमती ज्योति कुमारी ,परीक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक सुश्री साक्षी राय ,सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा शुभांगी सिंह ,महिला थाना अध्यक्ष गोपालगंज आफशा प्रवीन ,एससी एसटी थाना अध्यक्ष नेहा कुमारी ,जिला पंचायत शाखा की सना प्रवीन ,समाजसेवी अहिल्या कुमारी ,जिला क्षेत्रीय समन्वयक सामाजिक जिला प्रोग्राम शाखा गोपालगंज अंजनी कुमारी ,जिला परियोजना सहायक एनएनएम जिला प्रोग्राम शाखा लवली कुमारी ,पैनल अधिवक्ता महिला हेल्पलाइन कुमारी निधि एवं जीविका सीता देवी ,शिव कुमारी देवी ,रशीदा खातून ,शारदा देवी मुन्नी देवी एवं प्राचार्य एएनएम स्कूल हथुआ मधुमिता शर्मा ,प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थावे खुशबू कुमारी ,एसएमसी यूनिसेफ गोपालगंज रूबी कुमारी आदि महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# सड़क दुर्घटना में मौत के बाद परिजन को बगैर सूचना दिए पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम, आक्रोशित परिजनों ने रोड जाम कर किया आगजनी

**दैनिक शुभ भास्कर प्रभात कुमार मिश्रा की रिपोट**



बिहार जिले के सुल्तानगंज प्रखंड के बाथ थाना क्षेत्र के आभा मुक्तापुर गांव के समीप देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान मुक्तापुर निवासी सौरभ कुमार और भीखुरद निवासी नीतीश कुमार के रूप में हुई है। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों को घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। परिजनों का आरोप है कि घटना के बाद पुलिस ने बिना जानकारी के ही मृतक की पोस्टमार्टम करा दिया। जिससे नाराज लोगों ने रोड जाम कर आगजनी की। इधर घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी का माहौल बना हुआ है। सड़क जाम की सूचना पर पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझाने बुझाने की प्रयास कर रही हैं।

# कमरगंज दुर्गा मंदिर में गंगा में मिले अष्टधातु की प्रतिमा को किया गया स्थापित

**दैनिक शुभ भास्कर विकास कुमार रिपोर्ट**



सुल्तानगंज( बिहार ) के कमरगंज दुर्गा मंदिर में मैं गंगा में मिली अष्टधातु की प्रतिमा को किया गया स्थापित जिला परिषद सदस्य आशा जयसवाल, कमरगंज मुखिया भरत यादव द्वारा ग्रामीण की मांग को लेकर कमालगंज दुर्गा मंदिर अष्टधातु मां दुर्गा प्रतिमा को किया गया स्थापित पूर्व में 6 दिन गंगा से मां दुर्गा के अष्टधातु की प्रतिमा मिलने के बाद थाना अध्यक्ष प्रियरंजन के द्वारा जांच कराने ले आया गया था जांच उपरांत ग्रामीणों की मांग को देखते हुए जिला परिषद सदस्य आशा जसवाल एवं कमरगंज मुखिया भरत यादव के आग्रह पर थाना अध्यक्ष प्रियरंजन जांच कराया जिला परिषद सदस्य आशा जयसवाल को मां दुर्गा की प्रतिमा अष्ट धातु को सौंपा दिया गया तभी जिला परिषद सदस्य आशा जयसवाल एवं कमरगंज मुखिया द्वारा कमरगंज पंचायत के मां दुर्गा मंदिर में अष्टधातु की प्रतिमा को पुजारी के स्थापित कर दिया गया इस दौरान जिला परिषद सदस्य आशा जसवाल ने बताया कि कमालगंज पंचायत में अष्टधातु की मां दुर्गा की प्रतिमा मिलने पर थानाध्यक्ष प्रियरंजन द्वारा जांच करने के लिए थाना लाया गया था जो जांच करने के बाद ग्रामीणों की मांग पर थानाध्यक्ष प्रियरंजन के द्वारा अष्टधातु की प्रतिमा दुर्गा मंदिर में स्थापित किया गया जो आज मंदिर के पुजारी एवं गांव के लोगों के द्वारा अष्टधातु की मां दुर्गा की प्रतिमा को स्थापित किया गया इस दौरान अध्यक्ष विजय कुमार सिंह यादव गंगनिया विजय यादव कमरगंज सरपंच कृष्ण कुमार यादव विजय दास सुधीर यादव सहित इत्यादि लोग मौजूद थे

# विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को आगे बढ़ाने का मंच है वार्षिकोत्सव- सयंम लोढ़ा

**दैनिक शुभ भास्कर की रिपोट**



- वगंज(राजस्थान)- काबा विश्वकर्मा एकेडमी सैकण्डरी स्कुल शिवगंज के वार्षिकोत्सव मे "हम होंगे कामयाब-2023# का भव्य आयोजन रविवार को हुआ। जिसमें समारोह के मुख्य अतिथि संयम लोढ़ा, विधायक एंव मुख्यमंत्री सलाहकार, राजस्थान सरकार, विशिष्ट सम्मानीय अतिथि वंजिगराम घांची, अध्यक्ष नगरपालिका, शिवगंज एंव जगदीश पुरी, सांई पेट्रोल पंप, शिवगंज, विशिष्ट आमंत्रित अतिथि नासिर खान, गनी भाई, भरत सुथार, विशिष्ट अतिथि अशोक कुमार परमार, सीबीईओ शिवगंज, धर्मेन्द्र गहलोत, प्रदेश मुख्य महामंत्री, राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशिल, हनवन्त सिंह मेड़तिया, महामंत्री राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशिल व सम्मानीय अतिथि के रूप में अशोक कुमार सुथार, इन्द्रमल कुमावत, सखाराम सुथार के आतिथ्य में भव्य सांस्कृतिक विभिन्न रंगीन वेशभुषा पहनकर छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रस्तुति देकर वार्षिकोत्सव में समा बांध दिया। शिक्षक संघ(प्रगतिशील)के प्रदेश मीडिया प्रभारी गुरुदीन वर्मा के अनुसार काबा विश्वकर्मा के निदेशक शिवकुमार पाराशर ने बताया की सर्वप्रथम मुख्य अतिथि संयम लोढा का स्वागत सत्कार साफापोशी, मोमेन्टो एंव माल्यार्पण द्वारा किया गया। साथ ही मुख्य अतिथि के द्वारा मां सरस्वती एंव काम्बेश्वर महादेव के चित्र पर पुष्प अर्पण व दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। अन्य अतिथियों का भी साफापोशी, माल्यार्पण व मोमेन्टो भेटकर स्वागत किया गया। विधायक लोढा ने संबोधित करते हुए कहा कि वार्षिकोत्सव के माध्यम से विभिन्न स्तर के छात्र-छात्राओं को अपने आत्मविश्वास को बढ़ाने का एक अवसर मिलता है। अभिभावकों द्वारा नन्हें मुन्हें बच्चों को विभिन्न रचनात्मक,सांस्कृतिक एंव खेल गतिविधियों में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया जाना चाहिए जिससे बच्चें में स्टेज फियर कम होने से प्रतिभा आगे आयेगी। विधायक ने नन्हें मुन्हें बच्चों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतिया की जोरदर प्रशंसा की । साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुतिया के लिए काबा एकेडमी की पूरी टीम एंव अभिभावकों को धन्यवाद देकर भविष्य में भी बच्चों का हर समय मनोबल बढ़ाने का आग्रह किया। छोटे बच्चों द्वारा दी गई सांस्कृतिक प्रस्तुतियो की प्रशंसा करते हुए विधायक लोढा ने कहा कि ये प्रस्तुतिया इस सत्र की जिले में सबसे बेहतरीन प्रस्तुतिया में से थी। साथ ही भामाशाह एंव विद्यालय में सहयोग करने वाले दानदाताओं के साथ ही विद्यालय के विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले सर्वश्रेष्ट छात्र-छात्राओं का भी विधायक लोढ़ा द्वारा प्रशस्ति प्रत्र देकर सम्मानित किया। शिक्षक नेता धर्मेन्द्र गहलोत ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि काबा एकेडमी परिवार का कुशल प्रबंधन से विभिन्न गतिविधियों में लगातार अग्रसर हो रहा है जिससे सभी वर्ग की प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिल रहा है। गहलोत ने सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय का अनुशासन एंव सांस्कृतिक प्रस्तुतिया राजस्थान एंव भारतीय परिवेश पर आधारित थी जो एक से बढ़कर एक थी। संबोधन के बाद शिक्षक नेता धर्मेन्द्र गहलोत, नासिर खान, गनी भाई ने छात्र-छात्राओं को वर्षभर आयोजित विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओ को सर्टिफिकेट एंव मोमेन्टो देकर उत्साहवर्धन किया। संस्था के निदेशक शिवकुमार पाराशर ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि अभिभावकों को विभिन्न गतिविधियों में अपने बच्चों को भाग लेने हेतु प्रेरित करना चाहिए जिससे प्रतिभाओ को परखा जा सके। प्रत्येक कक्षा से छात्र-छात्राओं का प्रतिनिधित्व किसी न किसी सांस्कृतिक प्रस्तुति में था। कायर्क्रम का संचालन ईश्वर सिंह राव एंव जसोदा मैम द्वारा किया गया ।

# सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के आभा मुक्तापुर गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में दो युवक की मौत हुई



**दैनिक शुभ भास्कर विकास कुमार की रिपोर्ट**

सुलतानगंज बिहार के बाद थाना क्षेत्र के आभा मुक्तापुर गांव में देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने पर दो व्यक्ति की मौत हुई वहीं ग्रामीणों ने बताया कि देर रात आभा मुक्तापुर गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने पर दो युवक की मौत हो गई जिसमें मृतक सौरभ कुमार पिता सुधीर मंडल आभा मुक्तापुर गांव के रहने वाला है दूसरा वीरपुर पंचायत के लूडो मंडल का नाती नीतीश कुमार की सड़क दुर्घटना में मौत हुई घटनास्थल पर पुलिस पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया घटना कैसे हुई इस घटना को लेकर पुलिस घटना की छानबीन में जुट गई है वहीं इस घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मचा है घटना को लेकर पूरे इलाके में सनसनी फैली है घटना को लेकर परिजन एवं ग्रामीण के लोगों ने शाहकुंड वह असरगंज मुख्य मार्ग जाम करते हुए टायर जलाकर प्रशासन के विरोध में प्रदर्शन किया परिजनों एवं ग्रामीणों ने कहा की बिना परिजन को सूचना दिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर भेज दिया गया इसी को लेकर सड़क जाम कर टायर जलाकर प्रशासन के विरोध में प्रदर्शन किया जा रहा है।

# मानस संस्कार पुरुष्कार 2023 से सम्मानित हुए पाकुड़ के पूर्व जिप अध्यक्ष सह समाजसेवी श्री बाबूधन मुर्मू

**दैनिक शुभ भास्कर ध्रुव कुमार सिंह की रिपोर्ट**

पाकुङ श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में भारत वार्ता द्वारा मानस संस्कार सम्मान २०२३ का भव्य आयोजन किया गया जिसमे देश भर से चिन्हित विशिष्ट लोगो को सम्मानित किया गया । भारत वार्ता अयोध्या संवाद द्वारा भारत के विभिन्न कोने से चुनते हुए , झारखण्ड के संथाल परगना के समाजसेवी सह पाकुड़ के पूर्व जिप अध्यक्ष श्री बाबूधन मुर्मू को उनके द्वारा अध्यात्म एवं संस्कृति के लिए किये गये सराहनीय कार्य के लिए मानस संस्कार सम्मान २०२३ से सम्मानित किया । आचार्य श्री किशोर कुणाल एवं श्री मयंकेश्वर नाथजी ने श्री बाबूधन मुमुर्जी को मानस सम्मान २०२३ का मोमेन्टो एवं प्रसस्ति पत्र प्रदान किया । उकत कार्यक्रम में देश भर के अध्यात्म , ज्ञान , संस्कृति , समाजसेवा , पत्रकारिता , शिक्षा क्षेत्र से महानुभाव मौजूद रहे । ज्ञात है की श्री बाबूधन मुर्मू विगत १५ वर्ष से ज्यादा समय से संथाल परगना के विभिन्न सहरो तथा दूरस्थ गॉवो में जा जा कर सभी से अपने अपने संस्कृति के रक्षा एवं उसका प्रचार प्रसार , पूर्ण अध्यात्म की विशेस्ताओ , राष्ट्र निर्माण की खुबिया तथा धर्म जागरण से चरित्र निर्माण के लिए कार्य करते आ रहे है। मुमुर्जी जी ने बताया की वृन्दावन के पंचवटी सत्संग के श्री चित्तरंजन दासजी महाराजजी ने उन्हें आध्यात्मिक जीवन जीने का सही उपाय बताये जिस रस्ते पर चलकर समाज का केवल और केवल भला हो । मुरमुजी ने कहा की यह सम्मान संथाल परगना सहित पुरे झारखण्ड के लोगो का सम्मान है । उन्होंने आगे कहा की सशक्त राष्ट्र निर्माण के लिए सशक्त नागरिक बनाना जरुरी है और इसके लिए अपने संस्कार और अध्यात्म से सीखने और उससे जुड़ने की जरुरत है । उन्होंने कहा की वह हमेशा ही अच्छे और सच्चे आचरण को प्रमुखता दिए है । आज पुरे विश्व में भारत के सदियों पुराने संस्कृति और अध्यात्म की चर्चा है और विश्व भर के लोग इससे जुड़ना और अध्यन करना चाह रहे है ।

# सुल्तानगंज ए.के गोपालन कॉलेज में होली मिलन समारोह आयोजन किया

**दैनिक शुभ भास्कर संजीव कुमार की रिपोर्ट**



सुल्तानगंज बिहार ए०के० गोपालन कॉलेज में होली मिलन समारोह सुल्तानगंज के ए०के गोपालन कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह मनाया गया '.'. गोपालन कॉलेज द्वारा संचालित नर्सरी टीचर ट्रेनिंग एनटीटी के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया इस अवसर पर प्रधानाचार्य उमेश प्रसाद यादव ने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत है हम सब शांति प्रेम सद्भावना के साथ होली पर्व को मनाए सेंटर इंचार्ज प्रोफेसर संजय कुमार मंडल ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है इसलिए हम लोग सभी भेदभाव को भूलकर छोटे को प्यार और बड़ों का आशीर्वाद इस होली पर में देना चाहिए सभी प्रशिक्षु शिक्षकों एवं कर्मचारियों आपस में अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दिया कार्यक्रम में प्रोफेसर उमेश प्रसाद यादव प्रोफेसर संजय कुमार मंडल प्रोफेसर बंदना कुमारी प्रोफेसर अजय कुमार प्रोफेसर अमित कुमार प्रोफेसर बुद्ध देव कुमार राकेश कुमार नीरज कुमार रवि शंकर कुमार मनोज कुमार यादव घनश्याम यादव सचिन कुमार राजकिशोर अखिलेश दास सहित शिखा कुमारी कौशल्या कुमारी निशा कुमारी रेखा कुमारी इत्यादि पर प्रशिक्षु उपस्थित थे

# सुल्तानगंज के कृष्णानंद स्टेडियम में फुटबॉल टूनार्मेंट के छठे दिन उपसभापति नीलम देवी ने संयुक्त रूप से किया उद्घाटन



**दैनिक शुभ भास्कर विकास कुमार की रिपोर्ट**

सुलतानगंज बिहार के कृष्णानंद स्टेडियम में जिला स्तरीय बुलीनदा फुटबॉल टूनार्मेंट के छठे दिन गंगनिया बनमा खैरिया बीच खेला गया इस मैच का विधिवत उद्घाटन सभापति नीलम देवी लोजपा प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार अरुण स्पोर्ट्स क्लब के संस्थापक अरुण चौधरी समाजसेवी धर्मेंद्र सिंह खानपुर पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी परितोष झा राजेंद्र सिंह संदीप पांडे उर्फ कुंदन फौजी के द्वारा संयुक्त रुप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए एवं फुटबॉल में किक मारकर उद्घाटन किया गया मैच का निर्णायक की भूमिका शशि चौधरी धर्मेंद्र गुप्ता दयानंद कुमार मुन्ना कुमार के द्वारा किया गया खेल रोमांचक होने पर हाप टेन के बाद चिरैया के टीम जर्सी नंबर 9 प्रिंस कुमार ने गंगा को एक गोल दागकर अजीत अपने पक्ष में कर लिया इसी के साथ एक गोल सेक्सरिया की टीम ने जीत हासिल कर ली है इस दौरान अरुण स्पोर्ट्स क्लब के सदस्य अमरेंद्र झा उर्फ पिंकु दादा कन्हैया झा सहित इत्यादि सदस्यगण मौजूद थे

# पुलिस का ताबड़तोड़ छापेमारी जारी, मुगलपुरा में लगातार अपराधिक घटनाओं में बढ़ोतरी देखने को मिल रहा है

**दैनिक शुभ भास्कर की रिपोट**

भागलपुर बिहार मौलानाचक में 22 फरवरी को इमरान उर्फ कल्लू को अपराधियों ने गोली मार दी थी, लेकिन इलाज के क्रम में मंगलवार सुबह पटना में मौत हो गई। मृतक के सास के बयान पर पुलिस ने 13 नामजद 10 अभियुक्तों के विरुद्ध केस किया था। पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भी भेज दिया। हत्याकांड मामले में नामदर दो अभियुक्तों के भागलपुर पहुंचने की सूचना पर पुलिस ने उनके ठिकानों पर छापेमारी की। गिरफ्तारी की पुष्टि पुलिस ने नहीं की है। इमरान की हत्या के बाद इलाके में गैंगवार का खतरा बढ़ गया है। दोनों ही पक्षों की ओर से रंजीत की तैयारी की जा रही है। घटना के पास शहर के कई अन्य केंद्र भी सक्रिय हो गए हैं। इसे लेकर वे लोग असलहा व हथियार जुटाने में लगे हुए हैं। मामले को लेकर अंसारी गिरोह के लोग और टिंकू मियां की रोके भी सक्रिय होने की बात कही जा रही है। हत्या के बाद मौलाना चक इलाके में उसके द्वारा किए जा रहे कारोबार पर वर्चस्व को लेकर कई गैंगस्टर अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। मामले को लेकर जिला से बाहर किसी जगह सभी कनेक्टर एक बैठक भी कर सकते हैं ।बता दे कि मुजाहिद पुर थाना क्षेत्र के मौलाना चक में लगातार अपराधिक घटनाएं एक पर एक हो रहा है ।वही पुलिस प्रशासन धरपकड़ के लिए ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है।

# 1 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार

**दैनिक शुभ भास्कर की रिपोट**

कहलगांव बिहार अवैध शराब के बरामद के के लिए चलाए जा रहे हैं छापेमारी अभियान में कहलगांव थाना क्षेत्र के हरचंदपुर मोड़ रानी तालाब जीरोमाइल से भागलपुर के राजकुमार को 1 लीटर महुआ देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

# विदेशी शराब के साथ मोटरसाइकिल चालक गिरफ्तार

**दैनिक शुभ भास्कर की रिपोट**

भागलपुर बिहार जोगसर पुलिस ने बस्ती के दौरान वाहन चेकिंग शुरू की। इस दौरान पुलिस ने एक बाइक पर सवार दो लोगों को रोककर उनकी तलाशी ली। इसमें उनके पास से शराब की बोतल बरामद की गई। शुक्रवार को गिरफ्तार अभियुक्त रिकामा निश्चित आनंद नगर निवासी अनिल मंडल व अनुमंडल को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# बाइकर्सवालो ने मार्केट में बैंक प्रबंधक के पत्नी सोनी का चेन झपट लिया

**दैनिक शुभ भास्कर की रिपोट**

भागलपुर बिहार शहर में इन दिनों बाइकर्स झपट मारो ने आतंक मचा रखा है। बैंक प्रबंधक की पत्नी सोनी का बायकार्स चोरों द्वारा गले से ले हाथ साफ कर लिया। हालांकि छापामारी की सूचना शहरी क्षेत्र के किसी भी थाने में नहीं देखी है।

# नप में गरमा गर्मी के साथ हुई सामान्य बैठक

**दैनिक शुभ भास्कर अनुमंडल पत्रकार कनैया खंडेलवाल की रिपोट**

कहलगांव बिहार नप में सामान्य फुट की बैठक नप अध्यक्ष संजीव कुमार की अध्यक्षता में हुई।बैठक में नल जल योजना के तहत खराब हो चुके पंचायतों की सड़क की रिपेयरिंग नाले के ऊपर ढक्कन लगाने नए नाले का निर्माण करने पुल पर खराब हो चुके स्टील लाइट को चेंज कर नहीं लाइट लगाने, छठे वेतनमान के हिसाब से नप कर्मचारियों को वेतन देने का मुद्दा छाया रहा। वार्ड 6 के पार्षद राजकुमार पाठक ने टोटो खरीद में अनियमितता का मामला उठाया। वार्ड 14 की पार्षद सोनम कुमारी ने सभी 17 वार्डों में सफाई में लगे मजदूरों की उपस्थिति पंजी को सदन में उपलब्ध कराने निविदा के बावजूद लंबित पड़े कार्यों को नप कार्यालय द्वारा पूरा नहीं करने का मामला उठाया। करीब 3:30 घंटे चले इस बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी सोनी कुमारी उपाध्यक्ष रेखा कुमारी सभी 17 वार्ड के पार्षद ने हिस्सा लिया। वार्ड के हिसाब से बोल की गिनती कर लाइट की व्यवस्था करने पर हम सहमति बने और थाने मत प्रस्ताव को पास किया गया।

# अब प्रेमी के घर बैठी प्रेमिका ने पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

**दैनिक शुभ भास्कर अनुमंडल पत्रकार कनैया खंडेलवाल**

कहलगांव बिहार घोघा क्षेत्र का एक मामला प्रकाश में आया है। कोदयार पंचायत के कोदवार गाँव में ससुराल में प्रेमी का इंतजार कर रही प्रेमिका ने प्रेमी के अब तक नहीं लौटने पर पंचायत के फैसले के बाद कानून की शरण में पहुंच गयी। बता दें कि घोघा थाने में प्रेमिका ने आवेदन देते हुए विगत 2 सालों से शादी का झांसा देकर दीपक मंडल द्वारा शारीरिक शोषण करने और 1 मार्च को शादी करने के लिए गोपालपुर बुलाकर फरार होने पर मामला दर्ज कराया है। दीपक की मां लक्ष्मी देवी भाई मन्ना वह लड्डू तथा चाचा बिहारी मंडल के खिलाफ मारपीट कर घर से बाहर निकालने का आरोप लगाया है। दीपक से शादी नहीं कराने पर आत्महत्या करने की बात कही है।

## भागलपुर की सांस्कृतिक धरोहर एवं इसके संरक्षण को लेकर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**दैनिक शुभ भास्कर विवेक कुमार की रिपोट**




भागलपुर बिहार संग्रहालय स्थित संस्कृतिक भवन में भागलपुर की सांस्कृतिक धरोहर एवं इसके संरक्षण को लेकर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के मैथिली विभाग, संग्रहालय और कला संस्कृति एवं युवा विभाग के द्वारा कराया जा रहा है। जिसका उद्घाटन तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ जवाहरलाल सहित अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। दो दिवसीय इस कार्यशाला में भागलपुर के सांस्कृतिक धरोहर पर चर्चा की जाएगी और इसको कैसे बढ़ावा मिले इसको लेकर कार्यशाला के दौरान चर्चा होनी है। वही भागलपुर में पौराणिक स्थलों की भी चर्चा की जाएगी। जिसमें लोग यहां की धरोहरों को देखकर गौरवान्वित महसूस करें। कार्यशाला में कई इतिहासकार और बाहर से आए अतिथि अपना संबोधन करेंगे।

## गोलीकांड के अभियुक्त को पुलिस ने पिस्टल के साथ किया गिरफ्तार वहीं दूसरी ओर झारखंड से आ रही शराब की बड़ी खेप पर पुलिस ने बोला धावा

**दैनिक शुभ भास्कर की रिपोट**



बिहार भागलपुर,वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार ने दो कांडों को लेकर प्रेसवार्ता में कई बिंदुओं पर जानकारियां दी उन्होंने कहा गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि झारखंड से शराब की एक बड़ी खेप ट्रक से आ रही है किसको लेकर एक टीम गठित की गई और त्वरित कार्रवाई करते हुए भागलपुर हवाई अड्डा के पास एक खाली ट्रक जिसमें 2 व्यक्ति सवार थे वह पकड़ा गया ट्रक की तलाशी के क्रम में ट्रक के हुड में बने चेंबर में छिपाकर 467 बोतल विदेशी शराब बरामद की गई, जिसमें 2 लोगों को गिरफ्तार किया गया दोनों युवक सहरसा के रहने वाले है एक का नाम पप्पू यादव और दूसरे का नाम विपिन कुमार है वहीं दूसरी ओर ललमठिया थाना क्षेत्र अंतर्गत पासी टोला में एक व्यक्ति को गोली मारकर जख्मी कर दिया गया था इस मामले को लेकर मृतक की पत्नी से प्राप्त आवेदन के आधार पर राजकुमार चौधरी दिलीप चौधरी और गोविंद चौधरी को अभियुक्त बनाया गया था वही 2 मार्च को गोविंद चौधरी को गिरफ्तार किया एवं हत्या के आरोपित मुख्य अभियुक्त राजकुमार चौधरी को 3 मार्च को कचहरी चौक से गिरफ्तार किया साथ ही उपयोग किए जाने वाले देसी पिस्तौल भी बरामद की है वही राज कुमार चौधरी को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए उनके बारे में बताया कि राजकुमार चौधरी का अपराधिक इतिहास भी रहा है।

## बिहार के प्रत्येक ब्लॉक के लिए एक सौ करोड़ के आत्मनिर्भर व्यवसाय मॉडल को लेकर हुई प्रेस वार्ता

**दैनिक शुभ भास्कर आनंद कुमार की रिपोट**



भागलपुर बिहार पूर्व सचिव, भारत सरकार, डॉक्टर कमल तरोई, गाँवों से स्थानीय व्यापार का उपयोग करके बिहार के प्रत्येक ब्लॉक के लिए 100 करोड़ के आत्म निर्भर व्यवसाय मॉडल के मॉडल के बारे में प्रेस को संबोधित किया। मॉडल के तहत बिना किसी अनुदान या सब्सिडी के ग्राम पंचायत और बैंकों के माध्यम से गांव को आत्मनिर्भर कैसे बनाया जा सकता है, इस पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण और जानकारी का अभाव मुख्य है गांवों का विकास नहीं होने के कारण साथ ही इस मॉडल को हासिल करने वाले गांवों के लोगों को भी प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। सी.डी. भागलपुर जिले का अनुपात बहुत कम है और इसे बढ़ाया जाना चाहिए।यह आंकड़ा प्राप्त करने के लिए विभिन्न विभागों को सुव्यवस्थित और सिंक्रनाइज करने की आवश्यकता है। भागलपुर जिले में लगभग 2000 करोड़ के व्यवसाय को प्राप्त करने के लिए केवल 2 करोड़ प्रति गांव की आवश्यकता है। टी केटी ग्रुप इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए गांवों में स्थानीय निकायों की मदद से परियोजनाओं को तैयार करने में मदद करेगा। कार्यक्रम का संचालन आईईए ने संयुक्त रूप से किया। बिहार और केटी ग्रुप। यह सब डॉ. ताओरी ने बताया। पत्रकार वार्ता के दौरान डॉ. विजय कुमार, एचओडी गांधीयान सोसायटी भागलपुर, अभिषेक जैन व उत्तम झुनझुनवाला निदेशक केटी ग्रुप मौजूद रहे'

## काशी विश्वनाथ मंदिर भूमि पूजन में भक्तों की लगी भीड़, घर घर जा रहा है प्रचार रथ

**दैनिक शुभ भास्कर अमित कुमार शर्मा, बौसी , बांका**




देवनागरी मंदार पर्वत पर स्थित प्रसिद्ध पौराणिक काशी विश्वनाथ मंदिर का आगामी 10 मार्च को धूमधाम के साथ जीर्णोद्धार का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर राज्यपाल बिहार, परम पूज्य रामभद्राचार्य जी महाराज केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे सहित काफी संख्या में श्रद्धालु गण मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम में देशभर से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है जिसे लेकर आज समिति द्वारा लगातार तैयारियों का निरीक्षण किया जा रहा है एवं जोर शोर से तैयारी की जा रही है इस महा धर्म उत्सव एवं आयोजन के प्रचार-प्रसार जागरुकता को लेकर प्रचार रथ रवाना किया गया है। विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग प्रचार रथ के माध्यम से लोगों को इस ऐतिहासिक और धर्म आधारित महान उत्सव की जानकारी दी जा रही है। वहीं क्षेत्र में उत्सव के दिन भव्य रुप से सजाने की तैयारी भी की जा रही है।

## बाल मेले में स्टॉल का हुआ आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर अमित कुमार शर्मा ,बौसी, बांका**

नगर पंचायत स्थित एमके पब्लिक स्कूल में बाल मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्धघाटन स्कूल के डायरेक्टर राजीव कुमार सिंह एवं थाना प्रभारी अरबिंद कुमार राय ने संयुक्त रूप से किया। बाल मेले में बच्चे के द्वारा बेहतरीन तरीके से पानी पुडी, चोमींग, पास्ता, इटली, डोसा ममोज, बिस्कुट चाकलेट अबीर आदि का स्टाल लगाया गया था .कार्यक्रम के अंत में स्कूल के प्रधानाचार्य निजात खान के द्वारा सभी बच्चों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षिका सोनल कुमारी,ब्युटी कुमारी, पुजा कुमारी ,सानु कुमारी, मिठठी कुमारी ,बिक्रम कुमार के अलाबे राकेश झा, अबताब आलम, बिनोद पोद्दार ,नवनीत साह, अमीर पाठक ,उमेश मंडल आदि मोजुद थे।

## महंगाई के खिलाफ वामदलों का विरोध प्रदर्शन , किया पीएम मोदी का पुतला दहन, कहां -नहीं चलने देंगे केंद्र सरकार की मनमानी

**दैनिक शुभ भास्कर जिला चीफ ब्यूरो दिलीप कुमार साह की रिपोट**




भागलपुर बिहार भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के द्वारा महंगाई के खिलाफ घंटाघर चौक पर विरोध प्रदर्शन किया गया साथ ही साथ पीएम मोदी का पुतला दहन भी किया गया साथ ही साथ केंद्र सरकार की मनमानी को लेकर जमकर नारेबाजी करते दिखे रसोई गैस के मूल्य वृद्धि वापस लेने महंगाई को कम करने को लेकर आज भाकपा माले एवं भाजपा के कार्यकताओं ने जमकर केंद्र सरकार को कोसा और कहा केंद्र सरकार सिर्फ और सिर्फ जनता को ठगने का काम कर रही है नाही खाने पीने के सामानों के दामों को कम कर रही है और ना ही रसोई गैस यह कहीं से लाजमी नहीं है यह सिर्फ और सिर्फ अपना वोट बैंक बनाने में लगी हुई है उन्हें जनता से कोई सरोकार नहीं कार्यक्रम के दौरान भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव बालेश्वर गुप्ता ने कहा हम लोगों ने एक मुहिम चलाकर जल्द से जल्द केंद्र सरकार को गद्दी से उखाड़ सकेंगे और 2024 हमारा होगा, महंगाई के खिलाफ वाम दलों के विरोध प्रदर्शन में भाकपा माले के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जेएलएनएमसीएच में ऑथोर्पेडिक को लेकर दूसरे दिन कई बिंदुओं पर हुई परिचर्चा




**दैनिक शुभ भास्कर की रिपोट**

बिहार भागलपुर,जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ऑथोर्पेडिक्स को लेकर तीन दिवसीय सेमिनार के दूसरे दिन आज देश के विभिन्न हिस्सों से आए विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा कई तरह की हड्डियों की होने वाली बीमारियों को लेकर चर्चा की गई। वही सरल तरीके से इसके इलाज को लेकर भी कई तरह के सुझाव विशेषज्ञों के द्वारा दिए गए। वहीं देहरादून से आए ऑथोर्पेडिक डॉ बीके एस संजय ने बताया कि बीमारियों को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई है। वहीं उन्होंने देश में एक्सीडेंट के कारण होने वाले फ्रैक्चर पर भी चिंता जाहिर की और उन्होंने कहा कि लोगों को सड़क दुर्घटना से बचने के लिए सावधानीपूर्वक चलने की जरूरत है, और सड़क दुर्घटना में अगर कमी आ जाती है तो युवाओं का हर एक वर्ग के लोगों में जो एक्सीडेंट के बाद हड्डी टूटने की बातें आती है। उसमें बहुत कमी आ सकती है। जिसको लेकर उन्होंने आम लोगों से ट्रैफिक रूल रेगुलेशन पालन करने का आग्रह किया है।

## गोपालगंज जिले में अनुमंडल स्तर पर जदयू ने आयोजित किया भीम संवाद कार्यक्रम - प्रमोद कुमार पटेल प्रदेश सचिव


**दैनिक शुभ भास्कर जिला ब्यूरो शैलेश कुमार तिवारी की रिपोर्ट**



गोपालगंज बिहार एनआर मैरेज हॉल एवं हथुआ महारानी मैरेज हॉल में अनुमंडल स्तरीय जदयू द्वारा भीम संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जदयू प्रदेश सचिव सह पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल ने बताया की बाबा साहेब का जो सपना रहा अधूरा, नीतीश कुमार कर रहे हैं पूरा। भारत रत्न बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की132 वीं जयंती के अवसर पर जनता दल यूनाइटेड का राज्यव्यापी भीम चौपाल कार्यक्रम 5 मार्च से गोपालगंज जिले के सभी पंचायतों में 12 अप्रैल तक पंचायत स्तर पर अनुसूचित जाति जनजाति गावों में लगाना है। 13 अप्रैल को संध्या में हर पंचायत में दीप जलाना है, 14 अप्रैल को पंचायत स्तर पर संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर साहब जयंती उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर जनता दल के कार्यकर्ता नेता सांसद विधायक मंत्री मनाएंगे और अनुसूचित जाति जनजाति समाज के लोगों को जागरूक करेंगे। सांसद डॉ आलोक कुमार सुमन जी को उनके 62 वें जन्मदिन पर केक काट कर, मिठाई खिलाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। दोनो अनुमंडल मे आयोजित भीम संवाद कार्यक्रम को मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री संतोष कुमार निराला, पूर्व मंत्री रामसेवक सिंह, सांसद डॉ आलोक कुमार सुमन, पूर्व एमएलसी कार्यक्रम प्रभारी सतीश कुमार , पूर्व विधायक अरुण मांझी, रेनू देवी, प्रभुनाथ राम, प्रदेश सचिव सह पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल, जिला अध्यक्ष आदित्य शंकर शाही, संजय चौहान, अब्दुल अहद,राज कुमार राम, योगेंद्र राम, मनोज पासवान सहित सैकड़ों लोगों ने संबोधित किया।

## पत्रकारों से बदसलूकी बर्दास्त नहीं ,प्रेम जी

**दैनिक शुभ भास्कर प्रभात कुमार मिश्रा की रिपोट**



पटना- बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पटना के महासचिव गांधीवादी प्रेम जी ने पत्रकारों पर हो रहे हमले एवं झूठे मुकदमे को लेकर नाराजगी जाहिर की है । बेउर थानाध्यक्ष पर पत्रकार नीतीश के साथ दुर्व्यवहार एवं मार पीट करने का मामला प्रकाश में आया है । पिछले एक मार्च को पत्रकार अपनी वाइक से आ रहा था सड़क पर भीड़ भाड़ देखकर रुक गया और अपने मोबाइल से बीडीओ बनाने लगा । थानाध्यक्ष ने पत्रकार को थप्पड़ जड़ दिया और मोबाइल फोन छीन कर बीडीओ डिलीट कर दिया । पत्रकार ने लिखित शिकायत बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन को दिया है । उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि रंगदार और थानेदार दोनों के कोप भाजन के शिकार हो रहा है पत्रकार । उन्होंने बताया कि थानाध्यक्ष से जब इस मामले में जानकारी ली गई तो उन्होंने इस तरह के घटना से इंकार कर दिया । इस सम्वन्ध में एक प्रतिनिधिमंडल वरीय पुलिस अधिकारी से मिलकर मामले की निष्पक्ष जांच की माँग करेगा । उन्होंने सभी सरकारी कर्मियों से अपील किया है कि पत्रकारों के साथ शालीनता से पेश आये । पत्रकारों का अपमान लोकतंत्र के चौथा स्तंभ का अपमान है । सरकार पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करे ।

## जीविका के द्वारा जीविका दीदियां स्वरोजगार से बन सकते आत्मनिर्भर

**दैनिक शुभ भास्कर सदानंद पंडित, बेलहर, बांका**



बेलहर प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत हाई स्कूल दर्शनीय में शनिवार को भागलपुर सोसल सर्विस सोसायटी और जीविका के द्वारा स्वरोजगार अपनाने एवं समूहों कि दीदी को आत्मनिर्भर के लिए आम सभा का आयोजन दीप प्रज्वलित कर किया गया।जिसकी अध्यक्षता कटरीना के द्वारा किया गया।वहीं उपस्थित जीविका बेलहर के बीपीएम तौहिद काजमी के द्वारा उपस्थित सभी जीविका दीदियों को समूह बनाने का उद्देश्य, समूह की उपलब्धि सहित स्व रोजगार करने के अनेकों तरीके बताया ।जीविका के माध्यम से हर एक महिलाएं एक दूसरे की मदद करने के लिए हमेशा आगे आते हैं इससे समाज में काफी हद तक सुधार देखने को मिला है। हद तक मदद की जीविका से जुड़ी सभी महिलाएं घर बैठे सिलाई मशीन , जलेवरी ,पशुपालन,मुर्गी पालन के माध्यम से काफी स्व रोजगार घर बैठे ही कर सकते है। जिससे लोगों को काफी मदद मिलेगी ।वहीं सोसल सर्विस सोसायटी के डायरेक्टर ने सभी जीविका दीदियों एवं समूह की दीदी को स्व रोजगार से जुड़ने के लिए कई तरीके को बताया ।इस कार्यक्रम में उपस्थित जीविका के सीसी सुभाष प्रजापति,विभीषण तुरी,दिलीप कुमार पंडित,चंपा देवी,रूपम प्रिया,पार्वती मुर्मू अलविना सहित कई जीविका दीदी उपस्थित थी।

## पीरपैंती महल केयर का उद्घाटन

**दैनिक शुभ भास्कर की रिपोट**

पीरपैती बिहार नगर पंचायत के अस्पताल मोड़ से बल्ली टीचर जाने वाले मार्ग पर अभिनव हेल्थ केयर सेंटर का उद्घाटन डॉक्टर अरुण चंद्र राय डॉक्टर दिवाकर सिंह डॉक्टर एनके शर्मा सेवा निर्मित प्रचार डॉ अभय तिवारी जयराम तिवारी वह संस्थान के संचालक डॉ सतीश चंद्र मिश्रा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर वह नारियल फोड़कर उद्घाटन किया। संचालक ने बताया कि इस संस्थान को खोलने का उद्देश गरीब असहाय वह समाज के उपेक्षित रोगियों की कम से कम कीमत में बेहतर इलाज उपलब्ध कराना है।

## बहन के घर पढ़ ऐसा ही थी लड़की 8 साल तक हुआ यौन शोषण ,केस दर्ज

**दैनिक शुभ भास्कर जिला चीफ ब्यूरो रजनीश सिंह की रिपोट**

नवगछिया बिहार रंगरा के एक गांव में अपने बहन के यहां पढ़ने आए एक लड़की के साथ फतवा के झफरू दास पूरा का एक लड़का 8 साल तक प्रेम के बहाने यौन शोषण करता रहा। जब लड़की के परिवार वालों ने शादी की बात चुराए तो लड़के से परिवार वाले और लड़का दहेज की मांग करने लगे। जो लड़की वालों ने दहेज देने में असमर्थता जताई तो लड़के की शादी दूसरी जगह तय कर दी गई। लड़की का कहना है कि 8 साल तक उसका यौन शोषण किया जाता रहा। पीड़िता ने प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए नवगछिया महिला थाना में आवेदन दिया है। महिला थाना प्रभारी पूनम कुमारी ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

## होली एवं शबे बरात पर्व को लेकर फूलीडूमर थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक आयोजित

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर/बांका**



होली एवं शबे बरात पर्व को लेकर फूलीडूमर थाना परिसर में शनिवार को अंचलाधिकारी ईशा रंजन एवं थाना अध्यक्ष आलोक कुमार के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई आयोजित बैठक में थाना अध्यक्ष आलोक कुमार ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि होली एवं शबे बरात पर्व को शांति एवं भाईचारे के माहौल में मनायें वहीं उपस्थित लोगों को थानाध्यक्ष श्री कुमार ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध है एवं कहीं भी अश्लील गाना नहीं बजेगो आगे उन्होंने कहा कि राज्य में पूर्ण शराबबंदी है अतः कोई भी शराब बनाने, बेचने, एवं पीते पकड़े जाएंगे तो उस पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी वहीं बैठक को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी ईशा रंजन ने कहा कि दोनों संप्रदाय के लोग आपसी भाईचारे एवं शांतिपूर्ण वातावरण में होली एवं शबे बरात पर्व को मनाऐ साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई असामाजिक तत्व त्यौहार में अशांति फैलाने की कोशिश करते हैं तो उसकी सूचना थाने को दें ताकि समय उदंड लोगों पर कार्रवाई की जा सकेवही आयोजित शांति समिति के बैठक में पूर्व उप प्रमुख विंदेश्वरी यादव, रामप्रवेश देव, रजनीश कुमार चौधरी, राजेश खैरा, दिलावर अंसारी, मुस्लिम अंसारी, परमेश्वर मांझी, शालिग्राम यादव, बाल्मीकि यादव, शशि भूषण मंडल, उप प्रमुख बेनी शंकर यादव, प्रमुख प्रतिनिधि प्रसनजीत कुमार राय, रजनीश चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित थे

## जीना है तो पापा शराब मत पीना; जागरूकता रथ रवाना

**दैनिक शुभ भास्कर संतोष कुमार झा, बांका**



जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने शनिवार को समाहरणालय परिसर से नशा मुक्ति जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । यह नशा मुक्ति जागरूकता रथ आज से सभी प्रखंडों के गांवों में परिभ्रमण कर लोगों के बीच शराब के दुष्परिणामों का प्रचार करेगी । जागरूकता रथ प्रखंड विकास पदाधिकारी के सलाह पर चिन्हित गांवों का परिभ्रमण करेगा। यह 4 मार्च से 14 मार्च तक लगातार प्रखंड क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों को शराब के दुष्परिणाम के बारे में जागरूक करेगी । इस जागरूकता रथ का मुख्य थीम यह है कि शराब जानलेवा है शराब के सेवन से किसी की जान जा सकती है । पिछले होली की घटना की भी याद लोगों को दिलाई गई है यह स्पष्ट किया गया है कि शराब के सेवन से पेट संबंधी बीमारियां तो होती ही है कई मामलों में आंखों की रोशनी जा सकती है और जान भी जा सकती है । इसी थीम के आलोक में जागरूकता रथ लोगों के बीच यह संदेश फैलाएगा कि लोग शराब छोड़ें जीवन बचाएं नशा मुक्त बिहार बनाएं स्वस्थ और समृद्धि विहार बनाएं। इसमें विजुअल संदेश के साथ आडियो संदेश, नशा मुक्ति से संबंधित गाना- "जीना है तो पापा शराब मत पीना" शामिल किया गया है।

# स्वास्थ्य विभाग समीक्षा बैठक में डीएम ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**दैनिक शुभ भास्कर संतोष कुमार झा, बांका**

जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के दौरान सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिया । संस्थागत प्रसव में कम उपलब्धि होने के कारण प्रखंड स्वस्थ्य प्रबंधक एवं प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक, शंभूगंज का वर्तमान माह का मानदेय कटौती एवं स्पष्टीकरण पूछने का निदेश सिविल सर्जन, बांका को दिया गया। साथ ही 05 मार्च से 25 मार्च तक परिवार विकास अभियान कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इसके अन्तर्गत दिनांक-05 मार्च से 12 मार्च, तक दम्पति सम्पर्क पखवाड़ा एवं दिनांक-13 मार्च से 25 मार्च, तक परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा सम्पादित किया जाना है, जिसका थीम होगा ह्यह्यजोड़ी जिम्मेदार जो प्लान करे परिवार ह्यह्य। जिला पदाधिकारी, बांका द्वारा सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। राज्य स्तर से निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि हासिल करना सुनिश्चित करें तथा प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक द्वारा आशा को निर्देश दें कि योग्य दम्पति को अन्य अस्थायी एवं स्थायी परिवार नियोजन विधि हेतु उत्प्रेरित करवाना सुनिश्चित करें, साथ ही साथ नये दम्पति को अच्छादित कर कॉन्ट्रासेफ्टी सामग्री को वितरित करना सुनिश्चित करें। मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर की समीक्षा क्रम पाया गया कि फरवरी, 2023 में बेलहर एवं बौंसी द्वारा 01-01 मातृ मृत्यु तथा अन्य संस्थान द्वारा शून्य प्रतिवेदित किया गया है इस पर जिला पदाधिकारी, बांका द्वारा संबंधित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि आशा एवं आंगनवाड़ी सेविका के माध्यम से नियमित रूप से जॉच कराकर ही एच एम आई एस पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें। टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि प्रखंड अन्तर्गत एच एम आई एस पोर्टल पर प्रतिवेदित सम्पूर्ण टीकारण के आकड़ों एवं डब्लू एच ओ मॉनीट्रनिंग भिन्नता पाई गयी। इस पर जिला पदाधिकारी, बांका द्वारा खेद व्यक्त करते हुए सभी प्रभारी चिकित्सा निर्देश दिया गया कि सर्वे लिस्ट एवं ड्यू लिस्ट अद्यतन करना सुनिश्चित करें।



आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनान्तर्गत सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि सभी क्लेम को ससमय पोर्टल पर जमा करें। जिस गांव में एक भी कार्ड नहीं बना है उस गांव कैम्प के माध्यम से कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। सिजेरियन ऑपरेशन की उपलब्धि बढ़ाये जाने हेतु चिकित्सक/सर्जनवार प्रत्येक सप्ताह समीक्षा करने का निर्देश सिविल सर्जन, बांका को दिया गया। जिला पदाधिकारी, बांका द्वारा स्वास्थ्य संस्थानवार ए0एन0सी0 पंजीयन, प्रथम तीमाही में पंजीकरण, 100 आयरन फोलिक एसिड टैबलेट की समीक्षा गई। समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी, बांका द्वारा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि 100 आयरन फोलिक एसिड टैबलेट का वितरण आगामी माह से लक्ष्य के अनुरूप वितरित करना सुनिश्चित करें। बैठक में डा0 रविन्द्र नारायण, सिविल सर्जन, डा0 योगन्द्र प्रसाद मंडल, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, डा0 सोहेल अंजूम, जिला संचारी रोग पदाधिकारी, डा0 लक्ष्मण पंडित, उपाधीक्षक, सदर अस्पतल, डा0 सुमित, एस0एम0ओ0, डब्लू0एच0ओ0, ब्रजेश कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, मनिष लाल, जिला सामुदायिक उत्प्रेरक, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# दो आदिवासियों के घर में लगी आग लाखों की संपत्ति राख



**दैनिक शुभ भास्कर अमित कुमार शर्मा, बौसी, बांका**

बंधुआकुरावा थाना क्षेत्र के हरभंगा गांव में शनिवार को दो घर में आग लग गयी। जिससे लाखों रूपए का नुकसान हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरभंगा गांव के बाबूलाल बेसरा व जगदीश बेसरा के घर में अचानक आग लग गयी। आग लगने की सूचना मिलते ही सभी ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया।वहीं ग्रामीण द्वारा अग्निशामक विभाग को फोन कर सूचना दी गयी। जिसके बाद दमकल की गाड़ी गांव पहुंची और आग पर काबू पाया। लेकिन आग लगने की वजह से जगदीश बेसरा व बाबूलाल बेसरा का घर जलकर राख हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाबूलाल बेसरा को व जगदीश बेसरा को लाखों का नुकसान होने की बात बतायी जा रही है। पीड़ित ने बताया कि अगलगी की घटना में उनका पूरा सामान जलकर राख हो गया है।

# शंभूगंज में छत्रहार गांव से 5 लीटर देशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**दैनिक शुभ भास्कर डॉ अनुप कुमार, बांका**

बांका। जिले के शंभूगंज थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा लाख सख्ती के बावजूद भी प्रतिबंधित शराब का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। खासकर होली में हुड़दंग मचाने क्षेत्र के विभिन्न गांवों में शराब तस्कर गिरोह सक्रिय हो गया है। जबकि कुछ शराब तस्कर अपने धंधे में लिप्त रहते हैं। वहीं लगातार शराब विक्री की गुप्त सूचना पर थानाध्यक्ष ने शुक्रवार की शाम छत्रहार गांव के एक ठिकाने पर छापेमारी अभियान चलाया। जिसमें उक्त गांव के एक शराब तस्कर को पुलिस ने 5 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्कर सिकंदर कुमार हैं। जो काफी अर्से से शराब का कारोबारी करते हैं। इसके चार दिन पूर्व बेला गांव में मुर्गी फार्म से 10 लीटर देशी महुआ शराब के साथ दो कारोबारी तरूण यादव एवं राकेश कुमार दिवाना को पुलिस ने गिरफ्तार किय था। जबकि पुलिस की भनक लगते ही मुर्ग फार्म का कारोबारी फरार हो गया था। जबकि एक सप्ताह पूर्व शंभूगंज के बरौथा गांव के एक जनवितरण प्रणाली के घर से आवकारी विभाग ने दो पेटी अंग्रेजी शराब के साथ डीलर पुत्र को हिरासत में लिया गया था। थानाध्यक्ष पंकज कुमार रावत ने बताया कि प्रतिबंधित शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान जारी है। कहा कि गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में शनिवार को बांका भेज दिया गया।

# होली व शबे ए बरात त्योहार को लेकर बसंतराय थाना में परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित

**दैनिक शुभ भास्कर, जयराम कुमार ,बसंतराय , गोड्डा**

गोड्डा जिले के बसंतराय थाना परिसर में होली त्योहार व शब ए बरात को लेकर थाना प्रांगण में शनिवार को पुलिस पब्लिक के बीच शांति समिति की बैठक आयोजित की गई । शांति समिति बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष विनीत कुमार व इंस्पेक्टर मुकेश कुमार पाण्डेय ने किया। जिसमें अंचलाधिकारी मुंशी राम , प्रखंड प्रमुख अंजर अहमद प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुल्तान अहमद , कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आलमगीर आलम मुख्य रूप से की। बैठक में मुख्य रूप से यह जानकारी दी गई कि क्षेत्र में आपसी भाईचारे के साथ त्योहार को मनाने की अपील की। साथ ही शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए कई निर्णय लिए गए हैं जिस पर पुलिस प्रशासन जन सहयोग से इसका पालन करने के लिए तैयार है।आम जनता से भी सहयोग की अपील की गई। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार फुल साउंड डीजे के प्रदर्शन और होली गाना हुड़दंग पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा तथा शराब दुकान बंद रहेगा सेवन और तस्करी पर भी पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। और भी दोनों प्रभाव को लेकर विशेष कई बिंदुओं पर चर्चा की गई डीजे पर अश्लील एवं प्रतिबंधित गानों को बजाने की रोक इसका उल्लंघन किए जाने पर त्वरित कार्रवाई एवं दंडात्मक कार्रवाई संभव है। साथ ही पर्व में आनंद से आपसी भाईचारा एवं सद्भाव के माहौल में मनाने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में उपप्रमुख बजरंगी यादव,मुखिया , प्रतिनिधि , सुशीला देवी , रिंटू चौधरी,सहवाज आलम, महफूज आलम ,पंचायत समिति मो0 फैजुद्दीन , इंतजार आलम , कापुरी ठाकुर सहित गणमान्य लोग मौजूद थे।



# डीएम ने महिला प्रतिनिधि को किया सम्मानित

**दैनिक शुभ भास्कर डॉ अनुप कुमार, बांका**

बांका।डीएम अंशुल कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को जिला स्तर पर स्वच्छ शक्ति सम्मान समारोह आयोजित हुई। कार्यक्रम विशेष कार्य पदाधिकारी सह मिशन निदेशक, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के पत्र के आलोक में किया गया। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। मौके पर डीएम के द्वारा शंभुगंज प्रखंड क्षेत्र के छत्रहार पंचायत के मुखिया अनिता मिश्रा, बांका प्रखंड के ककवारा पंचायत के मुखिया पूजा रंजन, धोरैया प्रखंड के अहिरो पंचायत के मुखिया अंजू देवी, रजौन प्रखंड के सुजालकोरामा पंचायत के मुखिया बबीता देवी, बेलहर प्रखंड के समन्वयक रूबी कुमारी व कटोरिया प्रखंड के देवासी पंचायत के मुखिया उर्मिला देवी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जलशक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान 2023 एवं ओडीएफ प्लस व स्वच्छता के क्षेत्र में उक्त महिलाओं के द्वारा उल्लेखनीय योगदान दिया गया है। यह पुरस्कार गांव को ओडीएफ प्लस बनाने में योगदान, जैविक अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, धूसर जल प्रबंधन, जन जागरूकता एवं खुले में शौच से मुक्ति की स्थायीत्व आदि क्षेत्रों में कार्य करने वाले को प्रदान किया जाता है। इस मौके पर डीडीसी कौशलेंद्र कुमार, जिल समन्वयक, जिल सलाहकार आदि मौजूद थे।



# बिजली करेंट से एक युवक की मौत



**दैनिक शुभ भास्कर चंद्रशेखर कुमार भगत, अमरपुर, बांका**

अमरपुर थानाक्षेत्र के बैजुडीह गांव में बिजली करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक बैजुडीह गांव निवासी प्रफुल झा उर्फ शरीफ लाल झा है। मिली जानकारी के अनुसार बैजुडीह गांव के एक व्यक्ति बिजली ट्रांसफार्मर से टोका फंसाकर अपने खेतो में मोटर चलाकर पानी पटा रहा था। प्रफुल झा शुक्रवार की रात्री अपने खेतो पर हो रही पटवन को देखने गया जहां वह बिजली तार के चपेट में आकर मुर्छित हो गया। परिजनो की मदद से प्रफुल झा को उपचार के लिए अमरपुर के रेफरल अस्पताल लाया गया । जहां डॉक्टरों ने उन्हें देखते ही मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत का सुचना मिलते ही मृतक के परिजनो में कोहराम मच गया। घटना की सुचना मिलते ही पुलिस अस्पताल परिसर पहुंचकर शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए बांका भेज दिया। घटना के बाद मृतक की पत्नी साधना देवी समेत अन्य परिजनो का रो -रोकर बुरा हाल हो रहा था।

# होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर के शांति समिति की बैठक आयोजित

**दैनिक शुभ भास्कर रोहित कुमार, मुंगेर**

जिले के संग्रामपुर प्रखंड में शनिवार को थाना परिसर होली एवं शबे बरात को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। शांति समिति की बैठक में उपस्थित सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रखंड क्षेत्र में कहीं 6 और 7 मार्च को धुरखेल मनाया जाएगा। रंगों का त्यौहार होली भी 7 और 8 मार्च यानी दोनों दिन आयोजित होगा। शांति समिति की बैठक में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने बताया कि शबे बरात अलग-अलग जगहों पर कहीं 7 तो कहीं 8 को मनाया जाएगा। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि होली के दिन डीजे पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। इसके लिए पहले ही डीजे संचालकों को सूचना दे दी जाएगी। अगर कहीं कोई डीजे बजाते हुए पाया जाएगा। तो उनका डीजे को जप्त कर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावे कोई अश्लील गाना जब ऐसा गाना जिससे किसी व्यक्ति विशेष को आहत पहुंचे। वैसा गाना नहीं बजाया जाना है। ऐसे लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस गश्त जारी रहेगी। निर्भीक होकर लोग किसी भी प्रकार के जानकारी पुलिस को दे, पुलिस त्वरित कार्रवाई करेगी।सभी शांति प्रिय एवं जागरुक व्यक्ति नजर बनाए रखें, एवं प्रशासन के साथ संपर्क बनाए रखें। वही इस संबंध में पूर्व विधायक गणेश पासवान, पूर्व जिला पार्षद सदानंद राय, उप प्रमुख सचिन कुमार, चेंबर अध्यक्ष मनोज शाह , राधे रजक, पूर्व मुखिया प्रमोद भगत,जयप्रकाश सिंह, धर्मेंद्र सिंह प्रखंड अध्यक्ष कमल नयन सिंह, शंभू भगत राजन, अशोक यादव दिनेश यादव, सरपंच सुनील दास, संतोष कुमार राय , पवन पासवान, गंगा शाह मौजूद थे।



# डीएम ने विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान का किया निरीक्षण



**दैनिक शुभ भास्कर संतोष कुमार झा, बांका**

जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार के नेतृत्व में जिला निरीक्षण समिति द्वारा विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान बांका का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में संस्थान की साफ-सफाई संतोषजनक पाई गई। जिला पदाधिकारी द्वारा इस प्रकार की साफ-सफाई नियमित रूप से रखे जाने का निर्देश दिया गया। संस्थान में आवासित सभी छह बच्चे साफ-सुथरे थे। संस्थान का रख-रखाव सही पाया गया। सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई एवं पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) को नियमित रूप से निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। बाल संरक्षण पदाधिकारी को नियमित निरीक्षण कर प्रति वेदित करने का निर्देश दिया गया। संस्थान के कर्मियों एवं पदाधिकारियों को संयुक्त रूप से निर्देश दिया गया कि बच्चों को नियमित रूप से संतुलित एवं पोषक आहार मिले इसे सुनिश्चित करें।

# वेतन वृद्धि एवं एरियर शीघ्र भुगतान करने को लेकर सौंपा ज्ञापन

**दैनिक शुभ भास्कर रोहित कुमार, मुंगेर**

टीईटी शिक्षक संघ ने लंबित वेतन भुगतान को लेकर ज्ञापन सौंपा। मुंगेर जिला संयोजक राकेश कुमार यादव एवं जिला महासचिव प्रभाकर भारती के संयुक्त नेतृत्व में संघ का प्रतिनिधिमंडल जिले के टीईटी शिक्षकों के साथ जिला पदाधिकारी,अनुमंडल पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी [स्थापना] से मिलकर चार वर्ष से अधिक समय से लंबित चिर-प्रतीक्षित नव-प्रशिक्षित शिक्षकों के प्रशिक्षित वेतनमान का @अन्तरवेतन [एरियर] के साथ 15% वेतन वृद्धि का एरियर एवं मँहगाई भरा (डीए) का एरियर शीघ्रताशीघ्र 10-03-2021 तक भुगतान करने हेतु ज्ञापन सौंपकर गुहार लगाया है। जिस पर जिला पदाधिकारी नवीन कुमार ने जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अश्विनी कुमार को चार दिनों के अन्दर सभी प्रकार के नव प्रशिक्षित शिक्षकों का अन्तरवेतन सहित सभी बकाया भुगतान करने का सख्त निर्देश दिया है। ध्यातव्य है कि टीईटी शिक्षक संघ के प्रदेश इकाई के साकारात्मक पहल पर निदेशक,बिहार शिक्षा परियोजना परिषद,पटना ने अपने पत्रांकः-993, दिनांक :-20-02-2023 के आलोक में सभी जिलों को विभिन्न प्रकार का एरियर बकाया भुगतान हेतु राशि उपलब्ध करवा दिया गया है। जिसके आलोक में जिला शिक्षा विभाग, मुंगेर को राशि 338179394 (तैंतीस करोड एक्कासी लाख उनासी हजार तीन सौ चौरानवे रूद्द) आवंटित कर दिया गया है। जिला संयोजक राकेश कुमार यादव एवं जिला महासचिव प्रभाकर भारती ने आक्रोशपूर्ण एवं तल्ख स्वर में संयुक्त रूप से बताया कि मुंगेर प्रमंडल के जमुई जिले में सभी प्रकार का एरियर बकाया का भुगतान कर दिया गया है वही दुसरी तरफ मुंगेर जिला शिक्षा विभाग के ढुलमुल रवैये से जिले के शिक्षक उपेक्षित एवं उपहासित रूप से ठगा महसूस कर रहे है। इस बाबत जिला शिक्षा विभाग को 10-03-2023 तक सभी प्रकार के बकाये भुगतान का अल्टीमेटम दिया गया है। अन्यथा की स्थिति में जिले भर के सभी टीईटी शिक्षक जिला शिक्षा विभाग के खिलाफ हुंकार भरते हुए दिनांक 11-03-2023 से टीईटी शिक्षक संघ के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन धरना पर बैठेगें तथा प्राथमिक शिक्षा निदेशक ,पटना एवं निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद, पटना को जिला शिक्षा विभाग के ढुलमुल रवैये से अवगत करवाने को विवश होगें।



# बांका में विवाहिता को किरासन तेल डालकर जलाया ,प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक शुभ भास्कर चंद्रशेखर कुमार भगत, अमरपुर, बांका**

इन दिनों जिले में महिलाओं से जुड़े अपराध के मामलों में लगातार वृद्धि दिखाई दे रही है ताजा मामला जिले के अमरपुर थाना क्षेत्र के लौगांय गांव में घरेलू विवाद में पति एवं ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा एक विवाहिता को केरोसिन तेल डालकर जलाने का मामला प्रकाश आया है । विवाहिता टुम्पा कुमारी का इलाज भागलपुर के मायागंज अस्पताल में चल रहा है । विवाहिता के पिता ओडैय गांव निवासी शंभू शर्मा ने दामाद मुकेश कुमर एवं ससुराल पक्ष द्वारा आग लगा कर हत्या करने का प्रयास करने का आरोप लगाया है । बताया कि लगभग दस वर्ष पूर्व वह अपनी पुत्री टुम्पा कुमारी का लौगांय गांव के मुकेश कुमर से शादी किया है । जिसमें तीन बच्चे आकंश कुमार नौ वर्ष,आदर्श कुमार छह वर्ष एवं अंगीकार कुमारी चार वर्ष है । लेकिन पिछले तीन-चार वर्ष से दामाद मुकेश कुमर बेवजह उसकी पुत्री के साथ मारपीट किया करता आ रहा है । जिसको लेकर वह दर्जनों बार लौगांय जाकर दामाद एवं रिश्तेदार को समझाया। लेकिन हर बार अश्वासन के बाद भी मारपीट करते आ रहा है । बताया कि लौगांय में पड़ोसी ने उसे बताया कि शुक्रवार की शाम मारपीट के बाद शरीर पर केरोसिन तेल डालकर हत्या करने का प्रयास किया है । कहा कि सूचना मिलने पर वह भागलपुर मायागंज अस्पताल आये । जहां उसकी पुत्री बुरी तरह से जली मिली है । उन्होंने दामाद मुकेश कुमार एवं उसके स्वजन पर साजिश के तहत आग लगा हत्या करने का प्रयास किया है । फिलवक्त विवाहिता की हालत चिंताजनक बताई जा रही है ।

